नई दिल्ली, गुरुवार 24 अप्रैल 2025 ■ वैशाख मास कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष : 29, अंक : 09 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 41 न्यून. 21 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



श्रीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकी घटना में मारे गए 27 लोगों को श्रीनगर में पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

**1 शाह अस्पताल पहुंचे**



**2 पीड़ित परिवारों से मिले**



**3 आईपीएल में बांधी काली पट्टी, एक मिनट का मौन**



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
बेंगलुरु राजस्थान
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### वर्ल्ड बैंक ने आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाया



**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स और भारतीय रिजर्व बैंक के बाद अब वर्ल्ड बैंक ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटा दिया है। वर्ल्ड बैंक ने बुधवार को ग्लोबल आर्थिक कमजोरी और नीति अनिश्चितता के बीच चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को 0.4% घटाकर 6.3% कर दिया। दुनिया में छिड़ी ट्रेड वॉर और कई देशों के बीच जारी युद्ध से वैश्विक आर्थिक वृद्धि की रफ्तार सुस्त हुई है। इसका असर भारत पर भी होने का अनुमान है। पिछले अनुमान में भारत की वृद्धि दर 6.7% थी।

### गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर की जांच के लिए किट तैयार



**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर की जांच के लिए स्वदेशी रूप से विकसित 'एचपीवी डायग्नोस्टिक किट तैयार है और यह भारतीय महिलाओं में दूसरे सबसे आम कैंसर की जांच के लिए किफायती तरीका साबित होगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) परीक्षण किट के सत्यापन के निष्कर्षों को साझा करने के लिए आयोजित एक बैठक में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के लिए व्यापक जांच कार्यक्रम शुरू करने को लेकर निजी क्षेत्र की भागीदारी का आह्वान किया।

### सीसीएस बैठक : भारत का पाकिस्तान को करारा जवाब...विदेश मंत्रालय ने आतंकी हमले के बाद लिए 5 बड़े एक्शन

# भारत ने सिंधु जल समझौता रोका, पाकिस्तानी दूतावास बंद पाक नागरिकों का वीजा रद्द, 7 दिन में देश छोड़ें राजनयिक

## विदेश सचिव ने कहा कि भारत इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग से अपने रक्षा/नौसेना/वायु सलाहकारों को वापस बुलाएगा

### रक्षा मंत्री के नेतृत्व में आज सर्वदलीय बैठक होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में 27 सैलानियों की मौत के बाद भारत सरकार ने कड़ा एक्शन लिया है। पीएम नरेंद्र मोदी के आवास पर हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु-जल संधि को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही पाकिस्तान के नागरिकों को दिए जाने वाले वीजा भी रद्द कर दिए गए हैं।

साथ ही भारत में पाकिस्तानी दूतावास को बंद करने और पाकिस्तानी राजनयिकों को 48 घंटे के भीतर भारत छोड़ने का निर्देश दिया गया है। पीएम आवास पर सीसीएस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और एनएसए अजित डोभाल की उपस्थिति में ▶▶ शेष पेज 5 पर



### ये लिए गए कड़े फैसले

1. 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखा जाएगा जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता।
2. एकीकृत चेकपोस्ट अटारी को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया जाएगा। जो लोग वैध समर्थन के साथ सीमा पार कर चुके हैं, वे 1 मई 2025 से पहले उस मार्ग से वापस आ सकते हैं।
3. पाकिस्तानी नागरिकों को एसएएआरसी वीजा छूट योजना (एसवीईएस) वीजा के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पाकिस्तानी नागरिकों को अतीत में जारी किए गए किसी भी एसवीईएस वीजा को रद्द माना जाता है। वर्तमान में एसवीईएस वीजा के तहत भारत में मौजूद किसी भी पाकिस्तानी नागरिक के पास भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे हैं।
4. नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया जाता है। उनके पास भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय है।
5. भारत अपने वीजा वापस ले लेगा। इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग से रक्षा, नौसेना और वायु सेना के सलाहकार नियुक्त किए जाएंगे। संबंधित उच्चायोगों में ये पद निरस्त माने जाएंगे।

### देर शाम तक चली पीएम की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक

## पहलगाम आतंकी हमलाः सुरक्षा एजेंसियों को पीएम मोदी का निर्देश 'रिजल्ट' लाओ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी (सीसीएस) की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराया। बैठक में आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ आतंक के विरोध में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। हालांकि, बालाकोट जैसी सैन्य कार्रवाई की संभावना पर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सरकार का रुख सख्त और निर्णायक दिखाई देता है। पाकिस्तान प्रायोजित लश्करे तैयबा के आतंकियों के खिलाफ प्रधानमंत्री ने कुछ बोल्ड निर्णय लिये हैं जाहिर है मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए इसका खुलासा नहीं किया जा सकता, लेकिन प्रधानमंत्री, गृहमंत्री समेत तमाम पक्ष, विपक्ष और देश का मूड देखते हुए किसी भी बड़े ऑपरेशन से इनकार नहीं किया जा सकता। पीएम मोदी ने 'रिजल्ट' देने का निर्देश सुरक्षा एजेंसियों को दिया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मास्टरमाइंड को न्याय के कठघरे में लाया जाए

*इधर, आतंकी हमले के पीड़ितों के लिए तत्काल सहायता और मुआवजे की घोषणा के साथ-साथ, सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमले के मास्टरमाइंड, विशेष रूप से सैफुल्लाह कसूरी और लश्कर-ए-तैयबा, को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। यह बैठक और इसके फैसले भारत की आतंकवाद विरोधी नीति में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकते हैं। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सहित अन्य वरिष्ठ सैन्य और खुफिया अधिकारियों का समूह शामिल था।*

### 10 लाख के मुआवजे की घोषणा

पीएम मोदी ने घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता और प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद देने का निर्देश दिया। सरकार ने मृतकों के परिवारों के लिए 10 लाख के मुआवजे की घोषणा की। बैठक में आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। अमेरिका, रूस, इटली, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के छद्म संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने ली है

## आतंकी सैफुल्लाह पर सुरक्षा एजेंसियों ने किया 'जीरो इन' तो मिला निर्देश, लाओ जिंदा या मुर्दा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष



पहलगाम आतंकी हमला एक सुनियोजित और क्रूर हमला था, जिसके पीछे सैफुल्लाह कसूरी और लश्कर-ए-तैयबा का हाथ माना जा रहा है। सैफुल्लाह की हाफिज सईद से नजदीकी और उसकी आतंकी गतिविधियों का लंबा इतिहास इस हमले की गंभीरता को दर्शाता है।

भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को शुरूआती जांच में ही लश्कर आतंकियों के नेटवर्क का पता इस हमले को लेकर स्पष्ट रूप से मिला है। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के छद्म संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने ली है। मोदी सरकार ने सैफुल्लाह का 'डेथ वारंट' लिख दिया है। बडे ऑपरेशन की तैयारी है। खुफिया सूत्रों और जांच एजेंसियों के अनुसार, इस हमले ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पाक सेना व आईएसआई का मिल रहा समर्थन

सैफुल्लाह ने 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' और 'पीपल्स एंटी-फासिस्ट फोर्स' जैसे छद्म संगठनों का निर्माण किया, ताकि लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन हमलों की प्रत्यक्ष जिम्मेदारी से बच सकें। यह पाकिस्तानी सेना और आईएसआई के समर्थन से संचालित होता है। खुफिया सूत्रों के अनुसार, सैफुल्लाह ने 5-6 पाकिस्तानी आतंकियों को पहलगाम में हमले के लिए तैयार किया और भेजा। उसने एक महीने पहले ही हमले की चेतावनी दी थी, और 2019 का उसका एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें उसने कहा था कि कश्मीर का मसला ठंडा नहीं होने देना है। हमले के बाद भारतीय सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू किया। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### प्रधानमंत्री मोदी आज बिहार के मधुबनी से देश भर में ग्राम सभाओं को करेंगे

## 13,500 करोड़ की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाएं समर्पित करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

■ विशेष श्रेणी पंचायत पुरस्कार 2025 प्रदान करेंगे

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को बिहार के मधुबनी से देश भर के पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई) और ग्राम सभाओं को संबोधित करेंगे और विशेष श्रेणी के राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 भी प्रदान करेंगे।



आज 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस (एनपीआरडी) मनाएगा, जो 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 की बत्तीसवीं वर्षगांठ है। इसी संशोधन में पंचायतों को ग्रामीण स्थानीय स्वशासन की संस्थाओं के रूप में संवैधानिक दर्जा दिया गया। मुख्य समारोह बिहार के मधुबनी जिले में झंझारपुर ब्लॉक के लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री इस अवसर पर देश भर के पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई) और ग्राम सभाओं को संबोधित करेंगे और विशेष श्रेणी के राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 भी प्रदान करेंगे। इस साल राष्ट्रीय पंचायती ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सुज़ुकी की जीवन यात्रा पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया

## मुख्यमंत्री सैनी ने सुजुकी मोटर के पूर्व ग्लोबल चेयरमैन ओसामु सुजुकी को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को दिल्ली के द्वारका स्थित यशो भूमि पहुंचकर सुजुकी मोटर के पूर्व ग्लोबल चेयरमैन दिवंगत ओसामु सुजुकी को श्रद्धांजलि दी। ओसामु सुजुकी का 25 दिसम्बर 2024 को 95 वर्ष की आयु में निधन हुआ था।

दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए आज द्वारका स्थित यशो भूमि कन्वेंशन सेंटर में उनकी याद में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने सुजुकी मोटर के पूर्व ग्लोबल चेयरमैन दिवंगत ओसामु सुजुकी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने सुजुकी मोटर्स के प्रबंधन से जुड़े लोगों से मुलाकात की। इसके पश्चात



उन्होंने दिवंगत ओसामु सुजुकी की जीवन यात्रा पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रार्थना सभा में सुजुकी मोटर कार्पोरेशन के ग्लोबल अध्यक्ष टी सुजुकी और मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन आरसी भार्गव भी मौजूद रहे।

### आतंकवाद के एपीसेंटर कहे जाने वाले पाकिस्तान के होश भी ठिकाने आ जाएंगे

जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर रक्षा विशेषज्ञों की प्रतिक्रिया

## एक और सर्जिकल या एयर स्ट्राइक से दिया जाएगा पहलगाम हमले का जवाब!

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 निर्दोष नागरिकों के मामले को लेकर एक ओर पूरा देश गुस्से से उबल रहा है। तो वहीं रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि इस हमले के गुनहगारों को भारत की तरफ से जल्द ही करारा जवाब दिया जाएगा।

लेकिन अब सामरिक गलियारों में हो रही उच्च-स्तरीय चर्चाओं को उस दिशा की ओर केंद्रित करने का वक्त आ गया है। जिसमें एक ऐसा फ़ॉर्म्युला देश के सामने रखा जाए कि जिससे



भारत की धरती से न केवल आतंकवाद के नासूर का हमेशा-हमेशा के लिए खात्मा हो जाए। बल्कि आतंकवाद के एपीसेंटर कहे जाने वाले पाकिस्तान के होश भी ठिकाने आ जाएंगे और वह दोबारा जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के नाम पर खून खराबा करने की हिम्मत न करे? सेना के पैदल दस्ते के महानिदेशक रहे सेवानिवृत्त अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत की तरफ से जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार कर की गई एयर स्ट्राइक या सेना द्वारा एलओसी पार कर की गई सर्जिकल स्ट्राइक जैसे आज के हालात नहीं हैं।

क्योंकि पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान का कोई सीधा संबंध अभी तक साबित नहीं हो सका है। पाक ने भी गाल बजाकर कहा है कि यह हमला भारत के कश्मीर में मौजूद आतंकियों ने किया है और ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कश्मीर में तोड़ी जाए आतंकियों की कमर

लेफ्टिनेंट जनरल कुलकर्णी ने कहा कि हमें फिलहाल घरेलू स्तर पर जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की कमर तोड़ने के लिए सैन्य अभियानों को और अधिक धार देनी पड़ेगी। जिन लोगों ने पहलगाम हमले के लिए आतंकियों को मदद पहुंचाई है मतलब ओवर ग्राउंड वर्कस (ओजीडब्ल्यू) को ढूंढकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इन लोगों के परिवारों पर दबाव डालकर आतंकियों के ▶▶ शेष पेज 5 पर

## टिम्बर मार्केट की बिल्डिंग में लगी आग



**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के कीर्तिनगर टिम्बर मार्केट की एक बिल्डिंग में बुधवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे आग लग गई। आग बिल्डिंग की पहली और दूसरी मंजिल पर फर्नीचर में लगी थी। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत से आग को बुझाया। दमकल प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि फायर ब्रिगेड की टीम को बुधवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे कीर्ति नगर में एक बिल्डिंग में आग लगने की सूचना मिली। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम और गाड़ियां मौके पर पहुंची। 12 बजकर 50 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। उसके बाद कूलिंग का कार्य चलता रहा। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है। दिल्ली पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। इस घटना में लाखों का फर्नीचर जलकर खाक हो गया। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

## नॉर्थ वेस्ट दिल्ली के आदर्श नगर में वारदात

# मामूली विवाद पर दो युवकों की चाकू से गोदकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नॉर्थ वेस्ट दिल्ली में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। आये दिन हत्या, लूट और चोरी ने पुलिस की पेट्रोलिंग और कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। सोमवार देर रात भी आदर्श नगर इलाके में मामूली विवाद पर दो युवकों की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। वहीं एक अन्य शख्स चाकू से हमले में घायल है। घायल की हालत स्थिर बनी हुई है। शुरुआती तौर पर पुलिस का कहना है कि यह हत्या कूड़े के लिये रंगदारी को लेकर की गई। संदिग्ध आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मरने वालों के नाम कमल और अफजल बताये गये हैं। जबकि आबिद का इलाज नजदीकी अस्पताल में चल रहा है। उधर



पुलिस का कहना है कि कमल और उसके दो साथी कूड़ा इकट्ठा करके आगे बेचने का काम करते थे। तीनों सोमवार रात को आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन के पास कूड़ा इकट्ठा कर रहे थे। इसी दौरान वहां पर एक और शख्स पहुंचा। कथित तौर पर उसने तीनों को गालियां देना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि उनको कूड़ा इकट्ठा करने से मना किया गया और उसके बदले पैसे की डिमांड की गई। कमल ने जब इसका विरोध किया तो उसने चाकू से हमला कर दिया। अजमल और आबिद ने बीच बचाव की कोशिश की तो उन पर भी चाकू से हमला किया गया। तीनों घायलों को नजदीक के अस्पताल में ले जाया गया, जहां कमल और अजमल को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि वारदात 21 अप्रैल को लगभग

■ कूड़े को लेकर रंगदारी में की गई हत्या

0045 बजे सामने आई। बाबू जगजीवन राम अस्पताल से एमएलसी के बारे में आदर्श नगर थाने को सूचना प्राप्त हुई थी। मृतक कमल एल-51, गली नंबर 25, महेंद्र पार्क का रहने वाला था। उधर अमजद पुत्र सरफराज हुसैन एच-397, शकूरपुर का रहने वाला था। आबिद के दाहिने हाथ पर चाकू लगा और उसका उपचार चल रहा है। आबिद के बयान के आधार पर यह पता चला है कि यह घटना मुख्य जीटीके रोड पर आजादपुर सब्जी मंडी में लाल बत्ती के पास मामूली कहासुनी के बाद हुई। हमले में दो अज्ञात व्यक्ति शामिल थे। फिलहाल बीएनएस की धारा 103(1)/109(1)/3(5) के तहत केस दर्ज किया गया है।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद दिल्ली में बढ़ाई गई सुरक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले के बाद राजधानी में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खासतौर पर टूरिस्ट प्लेस पर फोर्स लगाई गई है। इसके अलावा पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। दिल्ली पुलिस के अलावा अर्द्धसैनिक बलों की भी तैनाती की गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया हमने पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर दिल्ली पुलिस के साथ अर्धसैनिक बलों को तैनात किया है। किसी को भी वहां कानून-व्यवस्था भंग करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा बढ़ा दी है और विशेष रूप से पर्यटक स्थलों और सीमा चौकियों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। लाल किला, इंडिया गेट, कुतुब मीनार, हुमायूं का मकबरा, बंगला साहिब गुरुद्वारा, लोटस टेंपल, अक्षरधाम मंदिर, लोधी गार्डन, जामा मस्जिद, दिल्ली हाट आईएनए, राष्ट्रीय संग्रहालय, जंतर मंतर, हजरत निजामुद्दीन औलिया दरगाह, राजघाट और सफदरजंग मकबरा जैसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा बढ़ाई गई है। इसके साथ ही मेट्रो स्टेशन, बस टर्मिनल, रेलवे स्टेशन, मॉल और बाजारों के बाहर भी सुरक्षा बढ़ा दी है। कई मेट्रो स्टेशनों के अंदर दिल्ली पुलिस के विशेष सहायता डेस्क स्थापित किए जा रहे हैं। सुरक्षा बलों को संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारी सड़कों पर मौजूद रहेंगे और उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा की सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखेंगे। संवेदनशील क्षेत्रों में यातायात की आवाजाही को भी नियंत्रित किया गया है।

## महिला सशक्तिकरण और युवा नेतृत्व पर व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री अरबिंदो कॉलेज की संस्था मीमांसा ने छात्रों में नैतिक शिक्षा और अनुशासन के माध्यम से भारतीय ज्ञान परम्परा को विकसित करने के उद्देश्य से बुधवार को सेमिनार हॉल में महिला सशक्तिकरण और युवा नेतृत्व विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया। इस व्याख्यान को राज्यसभा की सांसद व राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अरुण चौधरी ने की, वहीं संस्था की संयोजक प्रो. संगीता कौल, संकाय समन्वयक हेमा नागपाल और मंच संचालन डॉ. शिखा नारंग ने किया। इस अवसर पर डॉ. हंसराज सुमन, प्रो. मीता माथुर , मीमांसा की अध्यक्ष भारती बजाज, आदि बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## डीडीए ने 2024-25 वित्त वर्ष में किए 1371 करोड़ रुपए सरप्लस, बेचे गए 3100 करोड़ के फ्लैट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने घोषणा की है कि उसने वित्त वर्ष 2024-25 में 1371 करोड़ रुपये का प्रभावशाली अधिशेष (सरप्लस) दर्ज किया है। इसमें डीडीए की विभिन्न आवासीय योजनाओं के तहत चालू वित्त वर्ष में 8500 फ्लैटों की बिक्री से अर्जित किए 3100 करोड़ रुपये से अधिक की राजस्व प्राप्ति की भी अहम भूमिका है। इस बारे डीडीए ने कहा कि उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना के मार्गदर्शन में प्राधिकरण द्वारा इन्वेंटरी की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए अभिनव कदम शामिल है। डीडीए ने नरेला में नागरिक बुनियादी सुविधाओं पर महत्वपूर्ण जोर दिया गया है, जिसमें दिल्ली मेट्रो कॉरिडोर और आगामी

■ प्राधिकरण ने कहा एलजी सक्सेना के दिशा निर्देश में दो ही वर्ष में घाटे वाला निकाय फायदे में हुआ

एजुकेशन हब और खेल परिसरों सहित कई बड़ी परियोजनाएं प्रक्रियाधीन हैं। एक दशक से अधिक समय तक घाटे में रहने के बाद दिल्ली विकास प्राधिकरण ने दूसरी बार वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत में 1371 करोड़ रुपये का प्रभावशाली अधिशेष दर्ज किया जो बेहद प्रगतिशीलता का प्रतीक है। जबकि इससे पूर्व डीडीए ने वित्त वर्ष 2023-24 में सामान्य विकास खाते (जीडीए) के अंतर्गत 511 करोड़ रुपये का अधिशेष दर्ज किया था। यह दोनों वित्त वर्ष गत लगातार 12 वर्षों से राजस्व घाटे की प्रवृत्ति के ठीक उलट दर्ज हुए है। डीडीए ने बताया कि इस वर्ष का भारी अधिशेष भी मुख्य रूप से उपराज्यपाल सक्सेना के मार्गदर्शन में विभिन्न स्थानों पर की गई सभी श्रेणियों की आवासीय इकाइयों की अभूतपूर्व बिक्री के कारण हुआ है। डीडीए की मानें तो 31 मार्च 2025 को प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, सामान्य विकास खाते (जीडीए) में दर्ज वास्तविक अधिशेष में तीव्र और निरंतर वृद्धि हुई है। वर्ष 2024-25 में जीडीए के अंतर्गत कुल प्राप्तियां 3477 करोड़ रुपये रही, जबकि कुल व्यय 2106 करोड़ रुपये था। वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 में जीडीए जहां 1304 करोड़ रुपये के भारी घाटे में था, वहीं इसने 2023-24 में 511 करोड़ रुपये का भारी अधिशेष दर्ज किया, जो पिछले बारह वर्षों में पहली बार हुआ।

## मकोका मामला: अदालत बाल्यान के खिलाफ आरोप-पत्र पर पांच मई को करेगी विचार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) से संबंधित एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता नरेश बाल्यान के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा दायर आरोप-पत्र पर पांच मई को विचार कर सकती है। मामले में अधिवक्ताओं के अनुरोध पर न्यायाधीश ने बुधवार को इसकी सुनवाई स्थगित कर दी।

अदालत ने हाल ही में एक अन्य सह-आरोपी ऋतिक उर्फ पीटर के खिलाफ पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लिया।

विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने कहा कि आरोपों पर आगे की कार्यवाही/विचार के लिए पांच मई 2025 की तारीख निर्धारित की जाए। सभी आरोपियों की सुनवाई की अगली तारीख पर वीडियो



कॉन्फ्रेंस (वीसी) के जरिये पेश किया जाएगा। विशेष लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह ने कहा है कि ऋतिक के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। बाल्यान को कथित संगठित अपराध मामले में चार दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन जबरन वसूली के एक मामले में उन्हें पहले ही जमानत मिल गई थी।

## दोनों पैर गंवाने वाले निगम सफाई कर्मचारी को मदद

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की ओखला लैंड फिल साइट पर ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में अपने दोनों पैर गंवाने वाले सफाई कर्मचारी शीशपाल को एमसीडी की तरफ से 26 लाख 33 हजार 500 रुपए की आर्थिक मदद दी गई है। बुधवार को सेंट्रल जोन के उपायुक्त कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में दिल्ली नगर निगम के महापौर महेश कुमार खिंची ने पीड़ित शीशपाल को यह आर्थिक मदद दी। महापौर ने बताया कि एमसीडी के कर्मियों ने अपनी सैलरी से 22 लाख 33 हजार रुपए और सेंट्रल जोन ने 3 लाख रुपए दिए हैं, जबकि महापौर फंड से एक लाख रुपए दिए गए हैं। साथ ही, शीशपाल के बेटे को उनकी जगह सफाई कर्मचारी की नौकरी दी जाएगी। अगले 10 दिन में उनको नियुक्ति पत्र दे दिया जाएगा।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) अमर कुमार उर्फ गोलू पुत्र** सोहन लाल, **निवासी** मकान नं. 136, मुकुंदपुर, एक्सटेंशन, भाग–1, दिल्ली, **(2) अंशू उर्फ मोटा पुत्र** संजय, **निवासी** मकान नं. 187, सिंगलपुर, ग्राम शालीमार बाग, दिल्ली, ने **FIR No. 78/2025 Dt. 18.02.2025, U/S 109(2)/3(5) BNS, 25 & 27 Arms Act, पुलिस स्टेशन रानी बाग, बाहरी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) अमर कुमार उर्फ गोलू (2) अंशू उर्फ मोटा** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) अमर कुमार उर्फ गोलू (2) अंशू उर्फ मोटा** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 78/2025 Dt. 18.02.2025, U/S 109(2)/3(5) BNS, 25 & 27 Arms Act, पुलिस स्टेशन रानी बाग, बाहरी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **(1) अमर कुमार उर्फ गोलू (2) अंशू उर्फ मोटा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.06.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री दीपक वत्स**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नं0–101, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5025/OD/2025**
**(Court Matter)**


## आधुनिक तकनीकी से लैस होगी दिल्ली



■ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा इमारत को स्मारक बनाने को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने दिल्ली विधानसभा के पुस्तकालय को डिजिटल बनाने और ई-लाइब्रेरी के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश उन्होंने दिल्ली विधानसभा में ई-लाइब्रेरी और अभिलेखागार डिजिटलीकरण पर संसद सचिवालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक में दिए।

इस दौरान दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने संसद सचिवालय में लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दिल्ली की विधायी विरासत के संरक्षण और आधुनिकीकरण पर संसद और विधानसभा के बीच सहयोग को लेकर दोनों के बीच चर्चा हुई। यह बैठक दिल्ली विधानसभा के संस्थागत ढांचे को मजबूत करने, इसके बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और इसके कार्यों में डिजिटलाइजेशन तथा पारदर्शिता को बढ़ावा देने के प्रयासों पर केंद्रित थी। 40 मिनट की विस्तृत बैठक के दौरान, गुप्ता ने लोकसभा अध्यक्ष को दिल्ली विधानसभा में चल रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी, जिसमें विधानसभा के ऐतिहासिक परिसर को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में स्थापित करने के प्रयासों पर विशेष बल दिया। दिल्ली विधानसभा को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में विकसित करने की पहल दिल्ली की समृद्ध लोकतांत्रिक विरासत के उत्सव मनाने के साथ-साथ इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए सुलभ और प्रासंगिक बनाए रखने का लक्ष्य रखती है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने दिल्ली विधानसभा की पुस्तकालय को पूर्णतः डिजिटल बनाने और ई-लाइब्रेरी में परिवर्तित करने की योजना को तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए। इस परिवर्तन से विधायी दस्तावेजों तक जनता की पहुंच सुलभ होगी और संस्थागत ज्ञान के संरक्षण को सुनिश्चित किया जाएगा।

### बिड़ला ने अभिलेखों को डिजिटलीकरण में शामिल करने के दिए निर्देश

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने संसद सचिवालय को दिल्ली विधानसभा के प्रयासों में हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। गुप्ता ने यह भी बताया कि दिल्ली विधानसभा सचिवालय के सभी अभिलेख और कार्यवाही, इसकी स्थापना से लेकर अब तक, दिल्ली नगर निगम के ऐतिहासिक टाउन हॉल में व्यवस्थित रूप से संरक्षित हैं। इस अभिलेखीय कार्य के महत्व को समझते हुए, बिड़ला ने इन अभिलेखों को डिजिटलीकरण परियोजना में शामिल करने के निर्देश दिए, जो भारत के विधायी इतिहास की सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करता है। यह उच्च स्तरीय बैठक भारत में केंद्रीय और राज्य विधायी निकायों के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग को दर्शाती है, जो विरासत संरक्षण को तकनीकी विकास के साथ जोड़ने का काम करती है।

## ब्रिटेन के जाली वीजा से संबंधित मामले में पंजाब के ट्रैवल एजेंट को दबोचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने 2022 में एक यात्री के लिए फर्जी ब्रिटिश वीजा की व्यवस्था करने के मामले में पंजाब के 35 वर्षीय एक ट्रैवल एजेंट को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान पंजाब के कोटकपुरा निवासी अमित भारद्वाज उर्फ गवी के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि भारद्वाज ने यात्री को 12 लाख रुपये में अपने सहयोगियों की मदद से संयुक्त अरब अमीरात के रास्ते ब्रिटेन भेजने का प्रबंध करने का आश्वासन दिया था। हालांकि, यह योजना उस समय विफल हो गई जब हरियाणा के यात्री अनिल (25) को संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह के लिए आव्रजन मंजूरी के दौरान दिल्ली हवाई अड्डे पर रोक लिया गया। जांच करने पर, अनिल के पासपोर्ट पर लगा वीजा फर्जी पाया गया, जिसके बाद अधिकारियों ने 1 मार्च, 2022 को भारतीय दंड संहिता और पासपोर्ट अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान अनिल ने खुलासा किया कि उन्होंने ब्रिटेन के वीजा और नौकरी के लिए भारद्वाज तथा उसके सहयोगियों को 12 लाख रुपये का भुगतान किया था। पुलिस के अनुसार, भारद्वाज और दो अन्य एजेंट करणजीत सिंह तथा गुरमीत सिंह ने फर्जी वीजा का इंतजाम किया था। इस मामले में करणजीत



और गुरमीत को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। दोनों की गिरफ्तारी के बाद भारद्वाज का नाम मुख्य बिचौलिए के रूप में सामने आया। गिरफ्तारी के कई प्रयासों के बावजूद, वह बचता रहा, जिसके कारण उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट के तहत कार्रवाई की गई। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने संभावित ठिकानों पर छापेमारी की और पंजाब से भारद्वाज को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों के अनुसार, पूछताछ के दौरान भारद्वाज ने मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। आरोपी ने खुलासा किया कि वह 'मल्टीमीडिया प्रोग्रामिंग' में डिप्लोमा की पढ़ाई कर चुका है, लेकिन वित्तीय समस्याओं का सामना करने के बाद वह फर्जी वीजा के काम में लग गया। पुलिस ने दावा किया उसने दो लाख रुपये कमीशन के रूप में प्राप्त करने की बात स्वीकार की।

## वायु भवन के बाहर कार में लगी आग

**नई दिल्ली।** रफी मार्ग इलाके में स्थित वायुसेना मुख्यालय (वायु भवन) के बाहर बुधवार को एक कार में आग लग गई। दमकल की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना दोपहर एक बजकर 26 मिनट पर मिली। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित अरोड़ा पुत्र भारत भूषण, पता मकान नं सी–2204, दिव्यांश फ्लोरा, सिटी–2, ग्रेटर नोएडा, यूपी ने एफआईआर संख्या 509/16 धारा 498ए/506 भा.द.स. के तहत** थानाः विजय विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमित अरोड़ा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमित अरोड़ा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 509/16 धारा 498ए/506 भा.द.स. के तहत थानाः विजय विहार दिल्ली के उक्त अमित अरोड़ा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**ऐश्वर्या शर्मा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी**
**(महिला कोर्ट–01) नॉर्थ/वेस्ट**
**कमरा नं.106, प्रथम तल**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

DP/4935/RD/2025

### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि पानीपत सह. चीनी मिल्स लिमिटेड, पानीपत | मिल रोलर्स की डिशैलिंग और रिशैलिंग + 41 अन्य। | 19.04.2025 02.05.2025 | 523 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9138553300 panipatsugarmills@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/40/34134/I/88/7 दि. 23.04.25


## अवैध अतिक्रमण पर निगम ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन ने अवैध अतिक्रमण पर बुधवार को कार्रवाई की। नरेला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अलीपुर वार्ड में स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज के आसपास नरेला जोन के उपायुक्त राकेश कुमार की अगुवाई में यह कार्रवाई हुई। यहां जेसीबी की मदद से कुछ दुकानों को तोड़ा गया।

उपायुक्त ने बताया कि अवैध अतिक्रमण पर यह कार्रवाई आगे भी इसी तरह जारी रहेगी। वहीं, जानकारों का कहना है कि निगम की टीम पहुंचने से पहले ही लगने वाली अवैध दुकानों को हटा दिया गया था।


### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | सेक्टर-9 फतेहाबाद में 200 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (एचवीएसी कार्य का प्रावधान केवल)। | 22.04.2025 01.05.2025 | 921.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में लघु सचिवालय फेज-I के डीजी सैट को बदलना (160 केवीए डीजी सैट का प्रावधान केवल)। | 22.04.2025 01.05.2025 | 19.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बलाली ब्लॉक झोझू कलां में ऑक्सीजन पार्क, वृक्षारोपण, जल संग्रहण टैंक और वॉकिंग ट्रैक का निर्माण (स्कीम - डीएमएफ)। | 21.04.2025 28.04.2025 | 25.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज रोहतक | गांव ताजा माजरा, गद्दी खेड़ी, डोभ में शिव धाम + 1 कार्य। | 22.04.2025 28.04.2025 | 29.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज नारनौल | ढाणी बाठोठा, ब्लॉक नारनौल, व्यायामशाला का निर्माण। | 22.04.2025 01.05.2025 | 40.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज पलवल | जिला परिषद पलवल ग्रुप-ए के विभिन्न सम्पर्क सड़कों की वार्षिक मरम्मत (रोड आईडी 712, 728, 785, 5979, 7047, 7808, 8267, 8610, 8995, 9252 और 9253) वित्तीय वर्ष 2025-26 + 2 कार्य। | 22.04.2025 28.04.2025 | 43.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 prexeengzppwl@gmail.com |
| 7 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में एयर कंडीशनर (1.5 टन) और एयर कंडीशनर (2 टन) के प्रावधान हेतु ई-निविदा + 1 अन्य कार्य। | 23.04.2025 01.05.2025 | 20000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9728972827 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 8 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | एसएचकेएम जीएमसी नल्हार नूह में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के व्यापक रखरखाव हेतु निविदा। | 25.04.2025 14.05.2025 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 9 | सिविल सर्जन, भिवानी | प्रशिक्षण और अन्य प्रयोजन हेतु भोजन। | 23.04.2025 12.05.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/180/34151/I/88/7 दि. 23.04.25




## रेखा गुप्ता एवं सचदेवा ने दिल्ली हवाई अड्डे पर प्रकट की संवेदना

# पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गये भारतीयों को अर्पित की श्रद्धांजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गये भारतीयों को भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित की और उनके उपस्थित परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। प्रदेश भाजपा ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मंगलवार को 27 भारतीयों की निर्मम हत्या से सारे देश में दुख, शोक एवं रोष का माहौल है। दिल्ली में भी लोगों में भारी रोष है, लोग गमगीन हैं और दिल्ली भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता भी देशवासियों के साथ शोक में शामिल हैं।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पहलगाम में मृत भारतीयों के परिजनों को विश्वास दिलाया कि भारत सरकार इस संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ी है और सरकार मृतकों के परिजनों का जीवन फिर शुरू करने में हर सम्भव साथ देगी। मृतक जनों के सम्मान में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार 23 एवं शुक्रवार 24 अप्रैल के दिल्ली भाजपा के सभी पूर्व निश्चित राजनीतिक कार्यक्रम रद्द करने की घोषणा की और कहा कि 27 निर्दोष लोगों की हत्या का बदला हर भारतीय लेने को संकल्पित है। पहलगाम में जिन भारतीयों की हत्या की गई इनमें से कुछ के पार्थिव शरीर उनके गृह नगर ले जाने की यात्रा के बीच आज दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे जहां दिल्ली सरकार एवं दिल्ली भाजपा की ओर से श्रद्धांजली अर्पित की गई।



### सीएम ने 23 और 24 अप्रैल को होने वाले सभी सार्वजनिक कार्यक्रम किए स्थगित

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पहलगाम आतंकी हमले के चलते अपने बुधवार 23 अप्रैल और गुरुवार 24 अप्रैल को होने वाले सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी। सीएम रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले में शहीद नागरिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, दिनांक 23 अप्रैल एवं 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले समस्त सार्वजनिक कार्यक्रमों को मैं स्थगित करती हूं।

### डीटीसी कर्मचारी आज काली पट्टी बांधकर करेंगे अपनी ड्यूटी

नई दिल्ली। कश्मीर के पहलगाम में हुए नरसंहार के विरोध में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के कर्मचारी आज गुरुवार को अपनी बाजू पर काली बांधकर विरोध स्वरूप प्रदर्शन करेंगे। इस बारे में डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन के अध्यक्ष ललित चौधरी व महामंत्री मनोज शर्मा ने बताया कि निहत्थे लोगों का धर्म, नाम पूछकर मौत के घाट उतारना पूरी मानवता के लिए शर्म की बात है। संगठन इस जघन्य हत्याकांड की कड़े शब्दों में निंदा करता है और केंद्र सरकार से मांग करता है कि इसके खिलाफ मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कायराना हमले के विरोध में 24 अप्रैल 2025 गुरुवार को सभी डीटीसी कर्मचारी अपनी बाजू पर काला रिबन या काला कपड़ा बांध कर शांतिपूर्वक ड्यूटी करेंगे। संगठन 28 निर्दोष लोगों को जल्द से जल्द इंसाफ के लिए केंद्र सरकार से अपील करता है।

### भारत की अस्मिता पर हमला, देश के साथ खड़े है हम : यादव

नई दिल्ली। कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों द्वारा मारे गए बेकसूर लोगों के बारे में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि यह हमला देश की अस्मिता पर हमला है, जिसको बर्दाश्त नही किया जाएगा, संकट के समय हम देश के साथ खड़े है। उन्होंने कहा कि इसका मंहुतोड़ जबाव दिया जाना चाहिए। हम बाहरी ताकतों के मंसूबों को कभी भी कामयाब नही होने देंगे। संकट के समय में हम सब देश के साथ है। यादव ने कहा कि आंतकवादियों के घातक हमले में इतनी बड़ी संख्या में निर्दोष नागरिकों की हत्या कर दी, जो बेहद पीड़ादायक और निदंनीय है। दिल्ली कांग्रेस ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति देने और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य मिले ऐसी प्रार्थना करती है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ देश एकजुट है। केंद्र और राज्य सरकार प्रभावित लोगों को तेजी से राहत प्रदान करने के लिए तत्काल कदम उठाए और मृतकों और घायलों के लिए उपयुक्त वित्तीय मुआवजा भी देने की घोषणा करें।

## यमुना की सफाई को लेकर जल मंत्री ने दिए एसटीपी का ऑडिट कराने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यमुना नदी की सफाई को लेकर गंभीर रुख अपनाते हुए दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने बुधवार को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को निर्देश दिया है कि दिल्ली में मौजूद सभी 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) का थर्ड पार्टी ऑडिट कराया जाए। जल बोर्ड के सीवेज प्रबंधन विभाग के साथ हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में मंत्री प्रवेश वर्मा को वर्तमान ट्रीटमेंट क्षमता और अपग्रेडेशन व मरम्मत कार्यों की स्थिति की जानकारी दी गई।

जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि हमने डीजेबी को सभी एसटीपी का थर्ड पार्टी ऑडिट कराने का निर्देश दिया है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वास्तव में कितनी ट्रीटमेंट क्षमता है और कितना ट्रीटमेंट किया जा रहा है। वर्तमान में 37 एसटीपी में से 18 का अपग्रेडेशन कार्य चल रहा है, जबकि सोनिया विहार, दिल्ली गेट और ओखला में तीन नए प्लांट्स बनने से लगभग 47 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) अतिरिक्त ट्रीटमेंट क्षमता बढ़ेगी। जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि फिलहाल बड़ी मात्रा में बिना ट्रीट किया गया सीवेज यमुना में जा रहा है। दिल्ली सरकार इसे रोकने के लिए ठोस कदम उठा रही है। ऑडिट उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। रिपोर्ट के आधार पर भविष्य की कार्ययोजना तय की जाएगी।

यमुना में गिरने वाले सीवेज के ट्रीटमेंट को लेकर दिल्ली सरकार ने 2025-26 बजट में 500 करोड़ रुपये एसटीपी की मरम्मत के लिए और 250 करोड़ रुपये पुरानी सीवर लाइनों के प्रतिस्थापन के लिए आवंटित किए हैं। सरकारी अधिकारियों के अनुसार 37 में से 30 एसटीपी का संचालन निजी कंपनियों को सौंपा गया है। जल मंत्री ने इन ऑपरेटर्स को निर्देश दिया है कि वे एसटीपी की तय मानकों के अनुसार कार्यक्षमता सुनिश्चित करें।

### एबीवीपी ने पुतला फूंक कर किया विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) दिल्ली विश्वविद्यालय इकाई ने डीयू के कला संकाय में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन क्षेत्र



में हुए आतंकी हमले के विरुद्ध में पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया तथा शहीद हुए सैलानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस विरोध प्रदर्शन व श्रद्धांजलि सभा में एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी तथा दिल्ली प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा सहित कई विद्यार्थी उपस्थित रहे। इन्होंने हमले की घोर निंदा की है।

### 'आप' ने कैंडल मार्च निकाल पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए आम आदमी पार्टी ने बुधवार को जंतर-मंतर पर कैंडल मार्च निकाला। 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में आप नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 'आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश साथ है, पूरा भारत एक है' लिखे बैनर हाथ में लेकर कैंडल मार्च किया और हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही, पीड़ति परिवारों के प्रति भी अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की पूरी अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है। यह पहली बार है कि पर्यटकों पर इस तरह का कायराना हमला हुआ है। केंद्र सरकार को अपनी जिम्मेदारी समझी होगी और राजनीतिक बयानबाजी के बजाय सख्त कदम उठाने चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसा घटना न हो। सौरभ ने कहा कि यह पहली बार है कि पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ और इतनी बड़ी संख्या में भारत के विभिन्न राज्यों से आए लोगों की निर्मम हत्या की गई। वे सभी लोग बेकसूर थे। उनको संवेदना देने और उनके परिवारों को यह बताने के लिए कि आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हम चाहेंगे हैं कि केंद्र सरकार इस आतंकी हमले के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

## लैंडफिल साइट्स पर कूड़ा निस्तारण का काम किया जाए तेज : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की तीनों लैंडफिल साइट्स गाजीपुर, भलस्वा और ओखला पर कूड़ा निस्तारण काम आधुनिक मशीनों की संख्या बढ़ाकर 24 घंटे युद्धस्तर पर किया जाए। यह कड़े निर्देश बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में लैंडफिल साइट्स की स्थिति को लेकर हुई एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए हैं। वहीं सीएम ने गाजीपुर लैंडफिल साइट पर कूड़ा निस्तारण कार्य की गति धीमी होने पर नाराजगी जताते हुए काम को तीव्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को दिल्ली सचिवालय में लैंडफिल साइट्स की स्थिति को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की।

इस बैठक में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव धर्मेंद्र , एमसीडी, और शहरी विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली के लैंडफिल सिर्फ कूड़े के पहाड़ नहीं हैं, बल्कि अनदेखी और अव्यवस्था की गवाही हैं। हमारी सरकार का संकल्प है कि आधुनिक वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम और जनभागीदारी के ज़रिए दिल्ली को कचरा मुक्त और स्वच्छ राजधानी बनाया जाए। यह केवल पर्यावरण संरक्षण की तरफ हमारी सरकार की तरफ एक पहल नहीं ,बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी जिम्मेदारी है। दिल्ली से कूड़े के पहाड़ों को पूरी तरह खत्म करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमने दिल्लीवासियों से जो वादा किया था, उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। इस कार्य में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

सीएम ने बताया कि दिल्ली के तीन प्रमुख लैंडफिल साइट्स गाजीपुर, भलस्वा और ओखला पर तेजी से काम करने हेतु विस्तृत एक्शन प्लान प्रस्तुत किया गया। अब इन स्थानों पर दोगुनी रफ्तार से कूड़ा निस्तारण का काम शुरू किया जाएगा। इन तीनों लैंडफिल साइट्स पर कूड़ा निस्तारण करने वाली आधुनिक मशीनों की संख्या बढ़ाई जाएगी। मशीनों की कार्यक्षमता और शिफ्ट्स बढ़ाकर 24 घंटे संचालन की दिशा में काम होगा।

### सस्ते लोन से दिल्लीवासियों के घरों का सपना करें पूरा : इंद्राज

नई दिल्ली। दिल्ली के सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने बुधवार को दिल्ली सहकारी आवास वित्त निगम लिमिटेड (डीसीएचएफसी) के अधिकारियों के साथ निगम के कार्यों और आगामी योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। सहकारिता मंत्री ने बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश दिए की सभी योजनाएं दिल्लीवासियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाएं और सस्ते लोन के जरिए दिल्लीवासियों के अपने घर के सपने को पूरा करने की राह आसान करें। सहकारिता मंत्री ने निर्देश दिए की विभाग को तकनीकी रूप से अपग्रेड करें ताकि लोन के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आसान हो। झुग्गियों या कच्चे मकानों में रहने वालों को सस्ते लोन देने की प्रक्रिया भी आसान बनाएं। साथ ही पर्यावरण के अनुकूल कार्यों जैसे सोलर पावर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और कोऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटीज में आधारभूत संरचना के कार्यों को वित्तीय प्रोत्साहन दें। इसके लिए दिल्ली जल बोर्ड, एमएनआरई, डीयूएसआईबी और डीडीए विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करें। रविंद्र इंद्राज ने कहा कि दिल्ली वासियों के लिए आवेदन प्रक्रिया से लेकर कार्य पूर्ण होने तक निर्धारित शुल्क के अलावा कोई अतिरिक्त वित्तीय बोझ ना लगे यह दिल्ली सहकारी आवास वित्त निगम सुनिश्चित करे। सहकारिता मंत्री ने कहा की आरसीएस की निगरानी में डिफ़ाल्टर्स से रिकवरी की प्रक्रिया भी तेज हो।

### मरीजों को नहीं मिल रही जरूरी सुविधाएं

## हरिश्चंद्र अस्पताल में एनक्यूएएस का सर्वे, सब कुछ चकाचक

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में यदि आप आज 24 अप्रैल, गुरूवार को इलाज कराने आ रहे हैं तो आपको यहां सब कुछ ही चकाचक नजर आएगा यानि सफाई व्यवस्था के मामले में आप फर्श, दीवारों का पहले से बेहतर पाकर हैरान हो जाएंगे। इसके बाद चाहे आपको लिखीं गई सभी दवाईयां भले ही पूरी नहीं मिले और हो सकता है कुछ बाहर से खरीदनी पड़े। और इसके कुछ दिन बाद यदि फिर आएंगे तो ऐसे हालात शायद आपको फिर देखने को न मिले। इसके पीछे कारण बता दें कि अस्पताल तीन दिवसीय एनक्यूएएस (राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक) मूल्यांकन से गुजर रहा है और बुधवार को दूसरा दिन था।

आपको बता दें कि इस अस्पताल में बुधवार को जब जमीनी हकीकत की पड़ताल की तो पाया कि अस्पताल के बाहर अतिक्रमण दूर करने के लिए पुलिस के बेरिकेड्स थे और इसके बाद जब आपातकालीन विभाग की तरफ बढ़े तो दाई ओर लगने वाली दुपहिया पार्किंग नहीं थी, और सुरक्षा गार्ड मार्ग दर्शन में नजर आए। इसके बाद फिर आपातकालीन विभाग के बाहर मरीजों के लिए चार चार स्टैचर्स मौजूद थीं। फिर सीढ़ियां चढ़ने के बाद आपातकालीन वार्ड में पाया कि फर्श को रगड़ रगड़ कर साफ किया जा रहा था, अंदर वार्ड में डॉक्टर भी अपने ड्रेस कोड में नजर आए। फिर जैसे तैसे तलाश करने पर एनक्यूएएस से आए एक अधिकारी अस्पताल के स्टॉफ के साथ निरीक्षण पर मिले तो उनसे इस संबंध में बात हुई लेकिन उन्होंने इस सर्वे के बारे में कुछ भी कहने में अपनी असमर्थता जताई।




### टीटी का इंजेक्शन तक नहीं

अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि अस्पताल में इंजेक्शन टीटी (टेटनस टॉक्सॉयड) और ब्लड ग्रुपिंग जैसी सबसे बुनियादी चीजों का भी अभाव है। पजींकरण काउंटर पर कार्यरत कर्मियों को दस माह से वेतन नहीं मिल पाया है लेकिन दो दिन से उनसे कुछ नहीं पूछा गया। बताया गया कि दस दिन पहले तक यहां एक्स-रे फिल्में उपलब्ध नहीं थीं, और अब हाल ही में सर्वे की पूर्व सूचना पर एक्स-रे सेवा शुरू हुई है। नमूने लेने के लिए, सुई के साथ एडाप्टर जैसे सबसे बुनियादी उपकरण उपलब्ध नहीं हैं। यहां तक कि 1 मिली लीटर की सीरिंज भी उपलब्ध नहीं है, इसलिए वे 1 मिली लीटर का इंजेक्शन देने के लिए 10 मिलीलीटर की सिरिंज का उपयोग कर रहे हैं।

### क्षेत्रीय लोगों ने उठाए मूल्यांकन पर सवाल

वहीं, क्षेत्रीय लोगों से जब इस संबंध में पूछा तो उन्होंने इस मूल्यांकन को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि अगर अस्पताल में मरीज या बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं, तो जाहिर है कि अस्पताल साफ-सुथरा ही दिखेगा। जब 24 घंटे ओटी (ऑपरेशन थियेटर) की सुविधा ही अस्पताल में नहीं है, तो अस्पताल का मूल्यांकन कैसे उचित ठहराया जा सकता है? उन्होंने कहा कि गंभीर मामलों में देखा गया है कि सुविधाएं नहीं होने से यहां सिर्फ मरीजों को ट्रांसफर मिलते है।

### पोस्टर और फाइलों में स्टाफ को उलझाया

अस्पताल में पहली मंजिल पर फर्श पर रंगोली से सजावट, गमले और दीवारों पर आकर्षक पोस्टर लगे पाए गए। नाम नहीं छापने की शर्त पर स्टॉफ ने बताया कि इस पोस्टरबाजी के पीछे स्टॉफ ने अपने पैसे का उपयोग किया है। स्टॉफ ने यह भी चिंता जताई है कि मरीज की देखभाल पर ध्यान देने के बजाय, उन्हें फाइलों को ढंकने जैसे स्कूल जैसे काम करने पड़े हैं। जो मरीज की उचित देखभाल में बाधा डालते हैं।



घायलों के जल्द ठीक होने के लिए की प्रार्थना

# आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए हवन-यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद/गाजियाबाद





पहलगाव में हुए आतंकी हमले को लेकर आज फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति के धरना स्थल पर संयोजक सतीश चोपड़ा के नेतृत्व में 142वें दिन मृतकों की आत्मा को शांति के लिए व घायलों को जल्द स्वस्थ लाभ हो कि ईश्वर से कामना करते हुए हवन-यज्ञ किया।

इस शोक सभा में हेल्पर क्लब, फरीदाबाद बार टैक्स एसोसिएशन, रामादेवी ट्रस्ट, वासी-प्रवासी कल्याण एसोसिएशन फरीदाबाद व अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों ने सहभागिता निभाई। चोपड़ा ने देशवासियों को संकट की इस घड़ी में एकजुटता दिखाने व शांति बनाए रखने की अपील की। कहा कि यह कायराना हरकत देश में सौहार्द, आपसी भाईचारे को क्षति पहुंचने के लिए की गई है।

इधर गाजियाबाद में भी पहलगांव में हुई आतंकवादियों की दुर्दांत अमानवीय घटना ने सम्पूर्ण राष्ट्र को गहरे शोक में डुबो दिया है। भाजपा महानगर अध्यक्ष की ओर से इस जघन्य कृत्य पर गहन संवेदना व्यक्त करते हुए आज आयोजित किए गए सभी कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए।

23 सेकेंड का है स्टंट वायरल वीडियो

# ई-रिक्शा से कर रहे थे खतरनाक स्टंट, पुलिस ने काट दिया 30 हजार रुपए का चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नोएडा



यहां में ई-रिक्शा से स्टंट करने का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो नोएडा के सदरपुर की सड़क का बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होने पर ट्रैफिक पुलिस ने संज्ञान लेते हुए बड़ा ऐक्शन लिया है। ट्रैफिक पुलिस ने ई-रिक्शा 30 हजार 500 रुपए का चालान किया। ट्रैफिक पुलिस ने अपील की सड़क पर यातायात नियमों का पालन करें।

वायरल हो रहा वीडियो 23 सेकेंड का है। इसमें तीन ई रिक्शा पूरी सड़क को घेरे हुए है। दो ई-रिक्शा एक पहिए पर ड्राइव कर रहे हैं। तीनों की स्पीड बहुत ज्यादा है। जहां से ड्राइव कर रहे हैं, उसके आसपास ट्रैफिक और लोग भी दिख रहे है। इनके किसी चौथे साथी ने इसका वीडियो शूट किया और रील बनाकर अपलोड किया। देखने में ये वीडियो काफी खतरनाक है और यदि हादसा होता तो जानलेवा भी हो सकता था।

### स्टंट को देखकर आसपास चल रहे लोग डरे

वीडियो में सड़क पर तीन-चार ई-रिक्शा चले आ रहे हैं। इस दौरान अचानक से सभी स्टंट करने लगते हैं। ई-रिक्शा वालों के स्टंट को देखकर आसपास चल रहे लोग डर जाते हैं। ई-रिक्शा चलाने वालों के साथ कुछ और लड़के भी अंदर बैठे हुए हैं, जो बाहर निकलकर सड़क पर अपने पैर को फिसला रहे हैं। इस मंजर को देखकर आसपास चल रहे लोगों ने गुस्सा भी जाहिर किया है। लोगों ने बताया कि सड़क पर इस तरह से ई-रिक्शा चलाने पर एक्सीडेंट हो सकता है और लोगों की जान भी जा सकती है। पुलिस ने सभी ई-रिक्शा को जब्त करते हुए तीस हजार रुपए का चालान काटा है।

## खबर संक्षेप

### सिविल अस्पताल में शुरू होगा कैंसर केयर यूनिट



**फरीदाबाद।** हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. ब्रह्मदीप सिंह ने सिविल अस्पताल का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की। दौरे का उद्देश्य जिले के सरकारी अस्पतालों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना, सुविधाओं की गुणवत्ता परखना ।

### पेंडिंग शिकायतें जल्द की जाएं दूर: पाटिल



**फरीदाबाद।** नगर निगम को प्राप्त शिकायतों में से पेंडिंग शिकायतों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए आज सभी संबंधित अधिकारियों को नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने सख्त दिशा निर्देश दिए हैं कि आमजन की पेंडिंग शिकायतों का तुरंत समाधान कराएं। बैठक में एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### नौकरी देने के नाम पर युवती से ठगी




**गुरुग्राम।** साइबर थाना मानेसर एरिया में नौकरी का झांसा देकर साइबर ठगों ने युवती का बैंक खाता खाली कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मुनमुन मुखर्जी ने बताया कि उन्हें ई कॉमर्स कंपनी अमेजन के नाम पर जॉब ऑफर आया, उन्हें टास्क दिया गया। इसके बाद उनसे चार लाख रुपए मांगे गए। रुपए न देने पर उन्हें और कार्य न मिलने की बात कही गई।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर दो लाख ठगे




**गुरुग्राम।** मानेसर साइबर थाना एरिया में ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर युवक से दो लाख की ठगी कर ली। पुलिस ने केस दर्ज कर जान छानबीन शुरू कर दी है। शिकायत में राहुल यादव ने बताया कि वह फर्रूखनगर के रहने वाले हैं। उन्हें भी टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर ट्रेडिंग कराई गई। शुरूआत में तो उन्हें प्रॉफिट दिया गया, लेकिन बाद में निवेश किए गए रुपए होल्ड कर दिए।

### अवैध चरस और गांजा सहित एक गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** सेक्टर-39 क्राइम ब्रांच ने एक व्यक्ति को अवैध मादक पदार्थों सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोमबीर उर्फ नितिन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी 328 ग्राम चरस और 24 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ थाना सदर में एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

हरियाणा में अब तक 55.89 लाख मीट्रिक टन गेंहू की खरीद हुई

# खाद्य आपूर्ति मंत्री नागर ने अधिकारियों को दिए किसानों को समय पर भुगतान करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तीन लाख 43 हजार 630 किसानों से खरीदा गया अनाज

पहले की अपेक्षा व्यवस्थाओं में हुआ काफी सुधार

हरियाणा सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने आज चंडीगढ़ में विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर अनाज मंडियों से समय पर अनाज के उठान और किसानों को पेमेंट ट्रांसफर आदि की जानकारी ली।

उन्होंने बताया कि हरियाणा में एक अप्रैल से मंडियों में अनाज की खरीद शुरू हो चुकी है। जिसके अंतर्गत 22 अप्रैल तक प्रदेश की मंडियों में 55.89 लाख मीट्रिक टन गेंहू की खरीद हो चुकी है, जिसमें से करीब 26.36 लाख मीट्रिक टन गेंहू का उठान भी हो गया है। यह अनाज प्रदेश के करीब तीन लाख 43 हजार 630 किसानों से खरीदा गया है और उनके खातों में 5556.81 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर भी की जा चुकी है। मंत्री नागर ने बताया कि व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है। यही कारण है कि पिछले वर्ष 22 अप्रैल तक कुल 44.53 लाख मीट्रिक टन गेंहू की खरीद हुई थी जबकि इस वर्ष यह करीब 11 लाख मीट्रिक टन ज्यादा है।




**नायब सैनी सरकार किसानों की हितैषी**

*उन्होंने बताया कि बैठक में अधिकारियों को किसानों के अनाज की खरीद और समय पर उसके उठान एवं पेमेंट को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए हैं। अभी तक की व्यवस्था ठीक चल रही है और हम पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। प्रदेश की नायब सैनी सरकार किसानों की हितैषी है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 140 करोड़ लोगों के विश्वास में अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रही है।*

### 4.47 लाख मीट्रिक टन सरसों का उठान

मंत्री ने बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग, हेफेड, हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन और भारतीय खाद्य निगम मिलकर गेंहू की खरीद कर रहा है। जिनके बीच बेहतर तालमेल बनाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सरसों की खरीद हेफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन कर रहा है जिसके अंतर्गत 22 अप्रैल तक 6.23 लाख मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है व इसमें से करीब 4.47 लाख मीट्रिक टन सरसों का उठान भी कर लिया गया है। मंत्री राजेश नागर ने बताया कि 2459.04 करोड़ भी किसानों के खातों में ट्रांसफर कर दिए गए ।

क्रेडाई के कार्यक्रम में जीडीए उपाध्यक्ष बोले-

# पहल एप पर मिलेगी संपत्ति की जानकारी, एनओसी भी ऑनलाइन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के आवंटियों के लिए एक बहुत ही अच्छी खबर है। उन्हें सम्पत्ति से सम्बंधित जानकारी,एनओसी, किश्तों के ब्यौरे के लिए जीडीए दफ्तर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। अब उन्हें सब कुछ जानकारी मोबाइल एप पर घर बैठे मिल जायेगी।

साथ ही किस्तें स्वतः रीशेड्यूल भी हो जाएंगी। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बुधवार को कौशांबी में क्रेडाई के कार्यक्रम में अपने पहल पोर्टल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीडीए ने आम जनता की सुविधा के लिए पहल एप तैयार कराया है और उसकी लॉन्चिंग की तैयारी पूरी हो चुकी है। जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी।

### जनता को मिलेगी बड़ी राहत

जीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि पोर्टल के माध्यम से अब नागरिकों को जीडीए कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। हर प्रॉपर्टी को एक यूनिक आईडी दी जाएगी, जिससे संबंधित आवंटी पोर्टल पर लॉगिन कर अपनी संपत्ति की पूरी जानकारी देख सकेगा। उन्होंने बताया कि अब अगर कोई व्यक्ति अपनी प्रॉपर्टी की पूरी राशि जमा कर देता है, तो उसे एनओसी के लिए कार्यालय के चक्कर नहीं काटने होंगे। पोर्टल के जरिए वह सीधे एनओसी के लिए आवेदन कर सकेगा और डिजिटल सिग्नेचर के साथ एनओसी की पीडीएफ उसकी आईडी पर उपलब्ध हो जाएगी। इससे बैंक लोन, प्रॉपर्टी ट्रांसफर आदि कार्यों में सरलता आएगी। श्री वत्स ने बताया कि यदि किसी आवंटी ने निर्धारित किस्तों से अधिक राशि एक साथ जमा कर दी, तो उसकी बाकी किस्तें आरबीआई की गाइडलाइंस के अनुसार अपने आप रीशेड्यूल हो जाएंगी। पहले यह प्रक्रिया मैनुअल होती थी, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती थी।

दमकल ने डेढ़ घंटे में पाया आग पर काबू

# उपहार रेजिडेंसी की दूसरी मंजिल पर लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

राजेंद्र पार्क थाना क्षेत्र में रतन विहार स्थित उपहार रेजिडेंसी की दूसरी मंजिल पर बने फ्लैट में बुधवार की दोपहर आग लग गई। दो दमकल गाड़ियों ने लगभग डेढ़ घंटे में आग को बुझाया। जिस फ्लैट में आग लगी वह अवनीश मिश्रा नामक व्यक्ति का फ्लैट है। इस आगजनी में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। फ्लैट में आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है।

भीमनगर स्थित फायर स्टेशन के अधिकारी नरेंद्र ने बताया कि रतन विहार के प्लॉट नंबर-124 से 126 पर उपहार रेजिडेंसी बनी हुई है। इसी रेजिडेंसी के दूसरी मंजिल पर बने फ्लैट में आग लग गई थी। सूचना मिलते ही दो दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई। दोनों गाड़ियों की टीमों ने लगभग डेढ़ घंटे में आग पर काबू पा लिया। दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत करके पहली व तीसरी मंजिल पर आग को पहुंचने से रोक लिया।



### फ्लैट में रखा सारा सामान जला

उन्होंने बताया कि इस आगजनी में फ्लैट में रखा सारा सामान जल गया है। आगजनी की वारदात के दौरान फ्लैट में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। आग लगने के कारण की जांच की जा रही है। वहीं, फ्लैट मालिक से बात करते नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

उल्टी झाड़ू हाथ में लेकर करेंगे विरोध

# निगम कर्मचारियों ने किया एप पर हाजरी लगाने के फरमान का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शहरी स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक द्वारा नगर निगम के कर्मचारियों की एसएमडब्ल्यू एप पर हाजरी लगाने के तुगलकी फरमान को नकारते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर निगम कर्मचारियों ने 24 अप्रैल से एसएमडब्ल्यू एप पर हाजिरी लगवाने का बहिष्कार करते हुए वार्ड बन्दी का उल्टी झाड़ू हाथों में लेकर किया जमकर विरोध। कर्मचारियों के विरोध को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी नितिन परवाल ने यूनियन नेताओं से बात कर वार्ड बंदी पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने का आश्वासन दिया। संघ के आह्वान पर आज सभी विभागों के कर्मचारियों ने सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर की अध्यक्षता में निगम मुख्यालय पर जोरदार विरोध सभा आयोजित कर हाथों में उल्टी झाड़ू लेकर निगम आयुक्त कार्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। निगम की संयुक्त आयुक्त द्विजा ने कर्मचारियों का ज्ञापन लेते हुए शहरी स्थानीय निकाय विभाग निदेशक को भेजने का आश्वासन दिया।

कर्मचारी संघ के उप महासचिव सुनील चिंडालिया, जिला प्रधान दिलीप सिंह बहोत, सचिव अनिल चिंडालिया, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान , सचिव महेन्द्र ने कहा कि यूनियनों के पदाधिकारी 27 अप्रैल को रोहतक कर्मचारी भवन में कन्वेंशन में हिस्सा लेंगे और संघ आंदोलन का आह्वान करेगा ।

# शहर में अव्यवस्थित रेहड़ी पटरी, ठेलों, खोको को व्यवस्थित करने के दिए निर्देश

***महापौर ने की विजय नगर जोन के सुपरवाइजरों के साथ बैठक***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

शहर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम लगातार कार्यवाही कर रहा है। महापौर और नगर आयुक्त भी शहर में पेट बाजार, रेहड़ी ठेला, पटरी को व्यवस्थित करने पर कार्य कर रहे है। जिसके क्रम में महापौर सुनीता दयाल ने आज विजय नगर के सुपरवाइजरों के साथ बैठक की है जिसमें नगर स्वास्थ्य अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में जिसमें सभी को बताया गया है कि वार्डो में लग रही ठेले रेहड़ी पटरी ओर पेट बाजारों द्वारा अव्यवस्थित तरीके से खड़े होने के कारण शहर गंदा दिखता है और ट्रैफिक की परेशानी भी होती है। इस लिए सभी गुमठियों को व्यवस्थित किया जाना है। जिसमें आपकी भूमिका प्रथम है। अपने-अपने वार्डों में सभी गुमठियों को सड़क से पीछे करवाएं।



### कूड़ा व्यवस्थित स्थान पर ही डालें

कूड़ा व्यवस्थित स्थान पर ही डालें अन्यथा नगर निगम का कार्य बढ़ता है और नाले जाम हो जाते है। पन्नियां सड़कों पर उड़ती हैं जो शहर हित में बहुत गलत है। सभी सुपरवाइजर अपने वार्डों को साफ सुंदर और व्यवस्थित करें। महापौर सुनीता दयाल ने भी सभी शहर में ठेले, रेहड़ी, पटरी और पेट बाजार वालों से अपील की कि आप जहां खड़े होते हैं वही कूड़ा डाल जाते हैं। जिससे शहर गंदा होता है इसलिए अपने गुमठियों पर डस्टबिन रखें।

# सराय काले खां स्टेशन पर पूरा हुआ एफओबी का सिविल निर्माण कार्य, बेरिकेडिंग हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सराय काले खां नमो भारत स्टेशन को भारतीय रेलवे के हज़रत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से जोड़ने वाले फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का सिविल निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। 280 मीटर लंबे इस फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) पर एनसीआरटीसी ने छह ट्रैवेलेटर लगाए हैं। जिनके इंस्टॉलेशन का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। यह एफओबी इन दोनों परिवहन साधनों के बीच यात्रियों की सुगम और सहज आवाजाही को सक्षम बनाएगा।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस एफओबी के निर्माण के पूरा होने के साथ ही एनसीआरटीसी ने रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क से बैरिकेडिंग हटाया जाएगा।



### सराय काले खां और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के बीच की दूरी 300 मीटर

सराय काले खां नमो भारत स्टेशन और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के बीच की दूरी करीब 300 मीटर है। इस दूरी को देखते हुए पैदल यात्रियों के लिए एक फुट ओवर ब्रिज की आवश्यकता महसूस की गई। इसके अलावाहजरत निजामुद्दीन स्टेशन से आने-जाने वाले महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और विशेष रूप से दिव्यांगों सहित उन यात्रियों के लिए इस तरह की सुविधा बेहद फायदेमंद होगी, जो भारी सामान के साथ यात्रा कर रहे हों।

**DEPARTMENT OF HOUSING FOR ALL, HARYANA**
C-15, AwasBhawan, Sector-6, Panchkula-134109.
e-mail : hfapmayg@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

विज्ञापन सं.2246/11/2/2025/33157/10/6 दिनांक 22.04.2025 की निरंतरता में, हाउसिंग फॉर ऑल विभाग, हरियाणा ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत अनुबंध के आधार पर 15 जिला समन्वयकों और 140 ब्लॉक समन्वयकों की नियुक्ति के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन (deployment.setchartron.in) आमंत्रित किए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15.05.2025 तक बढ़ा दी गई है।

**महा निदेशक**
हाउसिंग फॉर ऑल विभाग, पंचकूला
हरियाणा

पीआरडीएच-2246/11/3/2026/34149/88/7 दि. 23.04.25

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद | जीएसएसएस जफ्फारपुर और जीएसएसएस राजोखेड़ी, ब्लॉक बराड़ा जिला अम्बाला में 4एसीआरएस प्रत्येक के लिए निर्माण + 10 कार्य। | 18.04.2025 28.04.2025 | 6.11 करोड़ | www.hsspp.in | 9041397095 civilbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34126/1/88/7 दि. 23.04.25

**स्क्रेप लॉट बिक्री हेतु आगामी ई-नीलाम कार्यसूची**

रंगिया मंडल अधिक्षेत्र के अधीन मई/2025 महिना के लिए ई-नीलाम के जरिये स्क्रेप लॉट की बिक्री हेतु ई-नीलाम कार्यसूची निम्नलिखित अनुसार निर्धारित की गई हैं।

| क्रमिक संख्या | महिना/साल | नीलाम सूची संख्या. | नीलाम प्रारंभ की तारीख/समय |
|---|---|---|---|
| 1 | मई/2025 | एनएफआरआरएनवाई30एन2025004 | 08-05-2025/11.00.00 |
| 2 | | एनएफआरआरएनवाई30एन2025005 | 15-05-2025/11.00.00 |
| 3 | | एनएफआरआरएनवाई30एन2025006 | 22-05-2025/11.00.00 |
| 4 | | एनएफआरआरएनवाई30एन2025007 | 29-05-2025/11.00.00 |

इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलाम में पंजीयन, प्रशिक्षण, अंशग्रहण हेतु आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in के जरिए बोली आमंत्रण करने की सलाह दी जाती हैं।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/पांडु

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
"मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में"

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तस्लीम, पुत्र इम्तियाज अली निवासी 26/1, तीसरी मंजिल, खुरेजी जगतपुरी, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 114/2023 दिनांक 04.03.2023 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **तस्लीम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **तस्लीम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 114/2023 दिनांक 04.03.2023 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **तस्लीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.09.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05, पूर्वी जिला, कोर्ट नं.03
कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

DP/4818/ED/2025

# कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ उत्तर प्रदेश में जगह-जगह प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों की हत्या से हर तरफ आक्रोश है। विभत्स आतंकवादी हमले को लेकर उत्तर प्रदेश में जगह-जगह विभिन्न संगठनों ने प्रदर्शन कर नाराजगी जाहिर की और वारदात में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। काशी विश्वनाथ मंदिर में रुद्र पाठ का आयोजन हुआ और मरने वालों को नमन करते हुए दीप भी जलाए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गुरुवार को होने वाला कानपुर का दौरा भी स्थगित कर दिया गया है। भाजपा ने भी विभिन्न जिलों में होने वाले अपने तमाम कार्यक्रम निरस्त कर दिए हैं। वाराणसी में टेट व्यवसाय संगठन के लोगों ने मलदहिया से आतंकवाद के खिलाफ आतंकवाद का पुतला लेकर भारत माता मंदिर तक जुलूस निकाला।

## काशी विश्वनाथ मंदिर में रुद्र पाठ और जले दीप

### खास बातें

- वाराणसी में आतंकवाद का पुतला लेकर भारत माता मंदिर तक जुलूस निकाला
- भाजपा ने जिलों में होने वाले अपने तमाम कार्यक्रम निरस्त कर दिए




### अधिवक्ताओं से न्यायिक कार्य बंद रखने की अपील

संत कबीर नगर में बार एसोसिएशन ने पहलगाम की घटना के खिलाफ प्रदर्शन किया और इसमें लोगों के मारे जाने पर शोक व्यक्त किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष शशि कुमार ओझा ने अधिवक्ताओं से न्यायिक कार्य बंद रखने की अपील करते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषी लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की। वकीलों ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

### आतंकियों के खिलाफ

शाहजहांपुर में हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आतंकवादियों के खिलाफ तत्काल और जोरदार जवाबी कार्रवाई की मांग की। वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के अधिकारियों ने शोक में दीप जलाए और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए रुद्र पाठ का आयोजन किया। स्थानीय लोगों ने हनुमान मंदिर में भी दीप जलाए और प्रधानमंत्री से आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया।

### दो मिनट का मौन रखकर मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि

हापुड़ की भाजपा इकाई ने शोक सभा आयोजित की। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इकाई ने अपने पश्चिमी क्षेत्र सम्मेलन को स्थगित कर दिया गया। जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने हमले की निंदा की और पाकिस्तान की कथित भूमिका के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आह्वान किया। हाथरस में हिंदू जागरण मंच ने भी शहीद भगत सिंह स्मारक पर विरोध प्रदर्शन किया, आतंकवादियों का पुतला जलाया और उनसे सख्ती से निपटने की मांग की। मेरठ में कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पीड़ितों के सम्मान में मोमबत्ती जलाने और शांति मार्च सहित अलग-अलग श्रद्धांजलि कार्यक्रमों की घोषणा की।

### जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने इस हमले की निंदा की

अलीगढ़ में जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने इस हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया और देश भर में पढ़ रहे जम्मू-कश्मीर के छात्रों से शांत रहने और अनावश्यक सार्वजनिक उपस्थिति या राजनीतिक बहस से बचने का आग्रह किया। आतंकवादी हमले के बाद किसी भी संभावित खतरे की स्थिति में छात्रों के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए।

## पेज एक का शेष..

### भारत ने सिंधु जल...

फैसला लिया गया कि सारे पाकिस्तानियों का वीजा रद्द किया जाएगा। गौरतलब है कि हमले में पाकिस्तान का हाथ होने के संकेत हैं। लश्कर-ए-तैयबा के संगठन टीआरएफ ने हमले की जिम्मेदारी ली है। विदेश मंत्रालय ने मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अटारी-बाघा बॉर्डर चेक पोस्ट को भी बंद कर दिया गया है। पाकिस्तानियों के भारत आने पर रोक लगा दी गई है। गुरुवार को रक्षा मंत्री के नेतृत्व में सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि इस आतंकवादी हमले की गंभीरता को समझते हुए, सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने ये निर्णय लिया है। विदेश सचिव ने कहा कि भारत इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग से अपने रक्षा/नौसेना/वायु सलाहकारों को वापस बुलाएगा। संबंधित उच्चायोगों में ये पद रद्द माने जाते हैं। सेवा सलाहकारों के पांच सहायक कर्मचारियों को भी दोनों उच्चायोगों से वापस बुलाया जाएगा। 1 मई 2025 तक और कटौती के माध्यम से उच्चायोगों की कुल संख्या वर्तमान 55 से घटाकर 30 कर दी जाएगी।

### पहलगाम आतंकी...

**दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा:** पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि हमले के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सुरक्षा बलों को आतंकियों के खिलाफ कोई कसर न छोड़ने का निर्देश दिया। बैठक में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर कड़ा रुख अपनाया गया, और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संकेत दिया कि पाकिस्तान के खिलाफ एक ठोस एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा। 2019 के पुलवामा हमले के बाद बालाकोट एयरस्ट्राइक जैसी कार्रवाई की संभावना पर चर्चा हुई, हालांकि ऐसी कार्रवाई की पुष्टि नहीं की गई। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी को हमले की गहन जांच का जिम्मा सौंपा गया। सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया गया कि वे हमले के पीछे के मास्टरमाइंड, खासकर लश्कर-ए-तैयबा के डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी और उसके नेटवर्क को ट्रैक करें। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों की निगरानी और संभावित लक्षित कार्रवाइयों पर विचार किया गया।

**हवाई अड्डे पर भी पीएम ने की बैठक:** वहीं, इस बैठक से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 22 अप्रैल को सऊदी अरब से नई दिल्ली में हवाई अड्डे पर उतरते ही हमले के संबंध में एक उच्च स्तरीय बैठक की थी। जिसमें विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और विदेश सचिव विक्रम मिस्री शामिल हुए थे। विदेश मंत्री और एनएसए ने पीएम को हमले और उससे जुड़ी हुई तमाम जानकारी प्रधानमंत्री को दी थी। बताते चलें कि सऊदी अरब से दिए गए प्रधानमंत्री के निर्देश पर बीते मंगलवार को गृहमंत्री अमित शाह ने पहलगाम में आतंकी हमले से जुड़े घटनास्थल का दौरा किया था।

### 10 लाख के मुआवजे की...

और ईरान जैसे देशों ने हमले की निंदा की और भारत को समर्थन का भरोसा दिया। विपक्षी दल खासकर कांग्रेस पार्टी की मांग थी कि आतंकी हमले के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाकर सरकार सभी का सहयोग ले, लेकिन इस विषय पर अभी कोई निर्णय हुआ, सूत्रों ने इनकार किया।

### आतंकी सैफुल्लाह पर...

का मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी उर्फ सैफुल्लाह खालिद को साजिद जट्ट, अली, हबीबुल्लाह, नौमान के नामों से भी जाना जाता है। आतंकी लश्कर सरगना हाफिज सईद के बेहद करीबी सहयोगियों में शुमार हैं। लश्कर-ए-तैयबा का प्रमुख कमांडर और डिप्टी चीफ है। वह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत का रहने वाला है और उसकी उम्र 40-45 वर्ष के बीच बताई जाती है। सैफुल्लाह को हाफिज सईद का सबसे भरोसेमंद सहयोगी माना जाता है।

**सैफुल्लाह लश्कर का मुख्य हैंडलर रहा:** हाफिज सईद, जो 26/11 मुंबई हमले का मास्टरमाइंड और लश्कर-ए-तैयबा का संस्थापक है, ने सैफुल्लाह की भर्ती और प्रशिक्षण में सीधे तौर पर भूमिका निभाई थी। सैफुल्लाह ने वर्ष 2000 के दशक की शुरुआत में लश्कर-ए-तैयबा जॉइन किया और पाकिस्तान के मुरीदके में आतंकी प्रशिक्षण लिया। वह जम्मू-कश्मीर के पुंछ-राजौरी इलाकों में लश्कर की आतंकी गतिविधियों का मुख्य हैंडलर रहा है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के कोटली और रावलकोट से संचालित होता है, जहां से भारत में आतंकियों की घुसपैठ कराई जाती है।

**आतंकी सरगना हाफिज सईद का वर्तमान स्थिति: जेल में बंद:** हाफिज सईद 2019 से पाकिस्तान में आतंकी फंडिंग के मामलों में जेल में है। उसे 2020 में 10 साल की सजा सुनाई गई थी। हालांकि, वह जेल से भी अपनी गतिविधियां संचालित करता है।

**हमले में स्थिति:** 16 मार्च 2025 को पंजाब के झेलम में हाफिज सईद पर गोलीबारी हुई थी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसका करीबी अबु कताल मारा गया था। वह वर्तमान में रावलपिंडी के सैन्य अस्पताल में भर्ती है।

**सुरक्षा बढ़ाई गई:** अबु कताल की हत्या के बाद पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने हाफिज सईद और उसके बेटे तल्हा सईद की सुरक्षा बढ़ा दी है।

### पाक सेना व आईएसआई ...

एनआईए की एक टीम पहलगाम पहुंची, जो स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर जांच कर रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने तीन संदिग्ध आतंकियों—आसिफ फौजी, सुलेमान शाह, और अबु तल्हा—के स्केच जारी किए हैं। इनमें दो विदेशी और दो स्थानीय आतंकी शामिल हैं।

### 13,500 करोड़...

राज दिवस को "संपूर्ण-सरकार" दृष्टिकोण के साथ एक प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें छह केंद्रीय मंत्रालय- ग्रामीण विकास मंत्रालय, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, बिजली मंत्रालय, रेल मंत्रालय, और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की भागीदारी शामिल हैं। प्रधानमंत्री इस अवसर पर इन मंत्रालयों से जुड़ी कई प्रमुख अवसंरचना और कल्याणकारी परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और उनका शिलान्यास करेंगे। इनमें एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, विद्युतीकरण परियोजनाएं, आवास योजनाएं, रेलवे अवसंरचना और सड़क विकास शामिल हैं, जिनकी लागत लगभग 13,500 करोड़ रुपये है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण और शहरी) और डीएवाई-एनआरएलएम के तहत वित्तीय सहायता भी वितरित की जाएगी। इन पहलों से ग्रामीण भारत, विशेष रूप से बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी, सेवाओं और आर्थिक अवसरों के माध्यम से अत्यधिक लाभ होगा।

इस कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

### एक और सर्जिकल या ..

इसमें उसकी कोई भूमिका नहीं है। उसका ये भी कहना है कि पहलगाम की एलओसी से दूरी करीब 250 से 300 किलोमीटर है। ऐसे में यह हमला उसके द्वारा यानी पाकिस्तान ने नहीं किया है। ऐसे में भारत द्वारा जवाबी कार्रवाई के विकल्प के तौर पर एलओसी पार करना खतरे से खाली नहीं होगा। मौजूदा चुनौतीपूर्ण सुरक्षा परिदृश्य के बीच उसके कई तरह के गंभीर दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ भारत को 2021 में किया गया संघर्ष विराम समझौता तोड़ना चाहिए।

**भारत की सुरक्षा में हुई चूक:** सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी मेजर जनरल एसबीएस अस्थाना ने कहा कि इतनी बड़ी तादाद में हथियारों के साथ कुछ लोग एलओसी लांघकर भारत में पहुंचते हैं, पहलगाम के इलाके में कुछ दिनों तक रेकी करते हैं और उसके बाद हमला कर देते हैं। ये बिना स्थानीय मदद के संभव नहीं है और इससे यह भी साफ हो जाता है कि इस हमले के पीछे कहीं न कहीं पाकिस्तान के तार जुड़े हुए हैं। जिनके बारे में भारत को हालांकि पहले से जानकारी हो जानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस हमले का भारत को ऐसा सख्त जवाब देना चाहिए कि जिससे पाक आर्मी की कमर टूट जाए। सैन्य कार्रवाई के बहुत सारे विकल्प मौजूद हैं। लेकिन उनमें से किसे चुना जाएगा उसके बारे में अंतिम निर्णय सरकार को लेना पड़ेगा।

**2007 में भी हुआ था हमला:** गौरतलब है कि पहलगाम में 2007 में भी आतंकी हमला हुआ था। लेकिन उसमें किसी की मौत नहीं हुई थी। केवल 10 लोग घायल हुए थे। वहीं, मौजूदा साल 2025 में सेना ने 10 आतंकियों को मौत के घाट उतारा है। इनमें से 4 नियंत्रण रेखा पर और 6 आतंकी कश्मीर घाटी के अंदर मारे गए हैं। इस वर्ष एलओसी पार करने की आतंकियों ने दो बार कोशिश की। सेना ने विभिन्न अभियानों में बीते दो वर्षों में 144 आतंकियों को मौत के घाट उतारा है।

### कश्मीर में तोड़ी जाए...

समूचे प्लान को ध्वस्त करने पर जोर देना चाहिए। अगर भारत उन लोगों की गर्दन दबोचने में कामयाब हो गया जो अपने देश में ही आतंकवादियों के सरपरस्त बने घूम रहे हैं तो वह उसकी सबसे बड़ी कामयाबी होगी और इससे सीमा पार बैठे पाकिस्तान के हौसले भी पस्त होंगे।

संभल हिंसा में चार्जशीट

## हत्याओं में मुल्ला अफरोज गुलाम और वारिस का हाथ

**मुरादाबाद।** संभल जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुईं हत्याओं में मुल्ला अफरोज, गुलाम और वारिस ही शामिल थे। यह घटना शारिक साटा के कहने पर अंजाम दी गई थी। इन चारों की चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी गई है। इसमें बराबर का गुनहगार शारिक साटा को भी बनाया गया है। अब पुलिस शारिक की गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू करेगी। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि शारिक के तीन ही गुर्गों ने गोली चलाई थी और उनके द्वारा ही चार हत्याएं की गई थीं। एसआईटी की छानबीन में यही स्पष्ट हुआ है।

हरियाणा सरकार

"आप सभी को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। पंचायतें भारतीय लोकतंत्र का आधारस्तंभ हैं, जिनकी मजबूती में ही नए भारत की समृद्धि निहित है। आइए, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी पंचायतों को और अधिक सशक्त करने का संकल्प लें।"
- नरेन्द्र मोदी



राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
के अवसर पर
राज्य स्तरीय ग्राम उत्थान सम्मेलन
24 अप्रैल, 2025 | प्रातः 9:00 बजे
ताऊ देवी लाल स्टेडियम, सेक्टर 3, पंचकूला

मुख्य अतिथि
श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

अध्यक्षता
श्री कृष्ण लाल पंवार
विकास एवं पंचायत मंत्री, हरियाणा

गरिमामयी उपस्थिति
अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, हरियाणा विधानसभा
एवं
समस्त मंत्री परिषद, हरियाणा सरकार

इस अवसर पर मार्च माह में पहचान किये गये 41,591 नये लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वितरण भी किया जाएगा

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana





**डॉक्टर्स सजेशन**

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## लॉन्ग सिटिंग जॉब से जब हो कमर में दर्द



**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरी सिटिंग जॉब है। पिछले कुछ दिनों से मेरी कमर में दर्द हो रहा है। यह दर्द खड़े होने और चलने-फिरने पर अधिक बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-केतन, रोहतक**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपकी लंबी सीटिंग वाली जॉब है। इस तरह की जॉब वाले कई लोगों को ऐसी समस्या से रूबरू होना पड़ता है। इसका स्थाई समाधान पाने का तरीका है कि सबसे पहले आप एक साथ लंबी सिटिंग ना करें। सिटिंग के दौरान कुछ-कुछ समय के गैप पर सीट से उठकर चलते-फिरते रहें। साथ ही आप किसी फिजियोथैरेपिस्ट से संपर्क कर लें। वह आपको कुछ कमर की एक्सरसाइज बताएंगे, उसे नियमित रूप में आप सुबह-शाम करिए। एक्सरसाइज से ही स्थायी समाधान मिल पाएगा। वजन उठाने वाला और आगे झुकने वाला काम बिल्कुल ना करें। ज्यादा समस्या हो रही हो तो जरूर आप एक बार हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 24 वर्ष है। गर्मी आते ही मेरे चेहरे पर कील-मुंहासे, दाने निकलने लगते हैं। कृपया कुछ ऐसा उपाय बताएं, जिससे इस बार मेरी स्किन कील-मुंहासों से बची रहे।**

**-सूरज, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको धूप और गर्मी से एलर्जी है। जिस वजह से आपको ऐसी समस्या होती है। कोशिश करें कि आप धूप और गर्मी में कम से कम बाहर निकलें। एक बार आप त्वचा रोग विशेषज्ञ से भी संपर्क कर लें। वह आपको कोई क्रीम और साबुन बता देंगे, जिनका उपयोग आप नियमित रूप में करें। बगैर डॉक्टर से सलाह लिए बाजार से कोई भी क्रीम या साबुन का इस्तेमाल ना करें।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। तीन साल पहले मैंने पाइल्स का ऑपरेशन करवाया था। पहले तो ठीक था, लेकिन पिछले कुछ दिनों से मुझे फिर दर्द हो रहा है। क्या मुझे फिर से इसका ऑपरेशन करवाना पड़ सकता है?**

**-एक पाठक, ईमेल से**

एक बार आपको सर्जन से संपर्क करना चाहिए क्योंकि बगैर जांच किए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। कई बार ऑपरेट किए गए मस्से में फिर से परेशानी हो जाती है। जिस डॉक्टर ने ऑपरेशन किया था उसी से संपर्क करें तो बेहतर होगा।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। मेरा पेट हमेशा भरा-भरा सा महसूस होता है। तय समय के हिसाब से खाना खा तो लेता हूं, लेकिन ठीक से भूख नहीं लगती। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-राज किशोर, बेमेतरा**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है। सबसे पहले आप अपना खान-पान सुधारें। खाने में अधिक तला-भुना और मिर्च-मसाले वाला खाना ना खाएं। दोपहर के खाने में सलाद, दही और पपीता जरूर शामिल करें। रात का खाना हल्का लें। पानी भी पर्याप्त मात्रा में पिएं। इससे आपको राहत मिलेगी। इससे भी राहत ना मिले तो एक बार गेस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मेरे पेट में दाईं तरफ अकसर बहुत तेज दर्द होने लगता है। पेनकिलर लेने पर तत्काल राहत तो मिल जाती है, लेकिन फिर यह दर्द कभी भी शुरू हो जाता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-अक्षय, बिलासपुर**

बगैर जांच किए इस संबंध में कुछ भी कहना ठीक नहीं है। आप डॉक्टर से संपर्क करें और पेट का अल्ट्रासाउंड करा लें, जिससे इस दर्द का कारण पता चलेगा। क्योंकि कई बार स्टोन की वजह से भी इस तरह की समस्या आती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप डॉक्टर से संपर्क कर लें। कारण जानने के बाद ही इलाज करना संभव होगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

**डॉक्टर एडवाइस**

**डॉ. नरेश कुमार**
सीनियर फिजीशियन
एलएनजेपी अस्पताल, दिल्ली

गर्मी के मौसम में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। उनमें से कुछ मच्छरों के काटने से खतरनाक बीमारियां हो सकती हैं। जिनके उपचार में कोताही बरतने पर ये बीमारियां जानलेवा भी साबित होती हैं। मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से होने वाली एक संक्रामक बीमारी है-मलेरिया। सही समय पर उपचार ना कराने से यह रोग भी जानलेवा साबित हो सकता है।

### ऐसे होता है मलेरिया संक्रमण

मलेरिया रोग, मादा एनोफिलीज मच्छर के सलाइवा में मौजूद प्लाज्मोडियम परजीवी के संक्रमण से होता है। प्लाज्मोडियम की कई किस्में होती हैं- प्लाज्मोडियम वाइवेक्स, प्लाज्मोडियम फैल्सीफेरम, प्लाज्मोडियम ओवेल, प्लाज्मोडियम मलेरी। इनमें प्लाज्मोडियम फैल्सीफेरम से होने वाला मलेरिया बहुत खतरनाक और जानलेवा हो सकता है। मलेरिया के इन परजीवियों के संक्रमण का एक निश्चित चक्र होता है। मलेरिया पीड़ित व्यक्ति से एनोफिलीज मच्छर में और संक्रमित मच्छर से स्वस्थ व्यक्ति में। मादा एनोफिलीज मच्छर जब किसी मलेरिया के रोगी को काटती है तो उस व्यक्ति के खून में मौजूद मलेरिया के प्लाज्मोडियम परजीवियों को भी चूस लेती है और खुद भी संक्रमित हो जाती है। मच्छर के शरीर में पहुंचे मलेरिया के परजीवी 8-10 दिन में मलेरिया फैलाने में सक्षम हो जाते हैं। जब ये संक्रमित मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटते हैं, तो अपनी लार के साथ मलेरिया परजीवी उस व्यक्ति को संक्रमित कर देते हैं। ये परजीवी स्वस्थ व्यक्ति के लीवर में पहुंच कर तेजी से फैलने लगते हैं और ब्लड में पहुंच कर रेड ब्लड सेल्स को प्रभावित कर नष्ट करने लगते हैं। जिससे ब्लड प्लेटलेट्स कम होने लगते हैं और संक्रमित व्यक्ति मलेरिया की चपेट में आ जाता है। मच्छरों के काटने के अलावा मलेरिया के ये परजीवी गर्भवती महिलाओं के ब्लड से नवजात शिशुओं को भी संक्रमित कर सकते हैं। ब्लड ट्रांसप्लांट या डिस्पोजेबल इंजेक्शन का इस्तेमाल ना करने की स्थिति में भी एक स्वस्थ व्यक्ति को अपना शिकार बना सकते हैं।



**प्रमुख लक्षणः** मलेरिया के लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि पीड़ित व्यक्ति को इंफेक्शन किस मच्छर से और किस लेवल का हुआ है? अपने देश में ज्यादातर मलेरिया, प्लाज्मोडियम वाइवेक्स से फैलता है। एनोफिलीज मच्छर के काटने के 10 से 14 दिन बाद मलेरिया के लक्षण दिखने शुरू हो जाते हैं। ये लक्षण फ्लू से मिलते-जुलते हो सकते हैं। इनमें शामिल हैं-

- बहुत तेज बुखार आना, विशेषकर ठंड लगकर कंपकंपी के साथ 3-4 घंटे के लिए 102-103 डिग्री फारेनहाइट तक बुखार आना। बुखार उतरते समय मरीज को बहुत अधिक पसीना आना। यह साइकिल 24 घंटे में दो-तीन बार रिपीट होता है और कुछ को 48 घंटे में। इस तरह बुखार का उतार-चढ़ाव व्यक्ति के इम्यून सिस्टम को प्रभावित करता है।
- शरीर में खून की कमी होना।
- बहुत ज्यादा कमजोरी और थकान महसूस होना।
- शरीर की मांसपेशियों में दर्द होना।
- पेट में दर्द होना और उल्टी आना।
- हाथ-पैर में ऐंठन होना।
- स्थिति गंभीर होने पर तेज सिर दर्द होना।
- उल्टी, दस्त, डायरिया होना।
- सांस लेने में दिक्कत होना।
- बेहोशी आना।
- लो ब्लड शुगर और यूरिन में खून आना।
- दिमागी सूजन से झटके आना, दौरे पड़ना, बेहोश होना।

---

स्पेशलः वर्ल्ड मलेरिया डे, 25 अप्रैल

हालांकि पहले के मुकाबले देश-दुनिया में मलेरिया का प्रकोप कम हुआ है लेकिन अभी भी हर साल लाखों लोग इससे ग्रसित होते हैं। इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए ही हर वर्ष मलेरिया दिवस मनाते हैं। इस अवसर पर हम आपको यहां विस्तार से बता रहे हैं कि यह रोग कैसे होता है, इसके लक्षण क्या हैं, इसका उपचार कैसे होता है और इससे बचने के क्या तरीके हैं?

## मच्छरजनित खतरनाक रोग मलेरिया
# बरतें पूरी सावधानी-रहें सुरक्षित



**ना बरतें लापरवाहीः** अकसर मलेरिया के बुखार को साधारण फ्लू समझकर अनदेखा कर दिया जाता है। इससे मलेरिया का पता तब चलता है, जब इंफेक्शन बहुत ज्यादा बढ़ चुका होता है। ऐसे में शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज करने पर मलेरिया जानलेवा हो सकता है।

**जांच का तरीकाः** मलेरिया की जांच के लिए मूलतया माइक्रोस्कोपिक ब्लड टेस्ट किया जाता है। मरीज की मलेरिया स्क्रीनिंग के लिए रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किया जाता है, जिससे मलेरिया कंफर्म हो जाता है। ब्लड पैरीफेरल स्मीयर टेस्ट किया जाता है यानी माइक्रोस्कोप के माध्यम से ब्लड में मलेरिया पैरासाइट की किस्म की जांच की जाती है, जिसके मुताबिक इलाज किया जाता है। मलेरिया की जांच के लिए कार्ड टेस्ट (गर्भवती महिलाओं), पॉलीमेरास चेन रिएक्शन टेस्ट (डीएनए की जांच), कंप्लीट ब्लड काउंट टेस्ट (ब्लड प्लेटलेट्स की जांच), इम्यून-लॉजिकल ऑप्टिमल टेस्ट (परजीवी द्वारा बनाए गए एंटीजेन) भी कराए जाते हैं। अगर रोगी के ब्लड प्लेटलेट्स डेढ़ लाख से कम हैं और मलेरिया के लक्षण हैं, तो ट्रीटमेंट तुरंत शुरू कर दिया जाता है।




**कैसे किया जाता है ट्रीटमेंटः** अगर समय रहते उपचार शुरू कर दिया जाए, तो मलेरिया पर काबू पाना मुश्किल नहीं है। स्थिति के आधार पर मरीज को मेडिसिन दी जाती हैं। शुरुआती अवस्था में 3-5 दिन के लिए एंटी मलेरियल मेडिसिन दी जाती हैं, जैसे- क्लोरोक्विन, प्राइमाक्विन, डोक्सीसीलाइन एमेफ्लोक्विन। स्थिति गंभीर होने पर मरीज को आईसीयू में एडमिट करना पड़ सकता है और एसिंप्टोमैटिक उपचार किया जाता है। मलेरिया के लिए आरटीसुनेट और क्विनिन मेडिसिन दी जाती हैं। सेरेब्रल मलेरिया के कारण दिमाग में सूजन और झटकों को कम करने की दवाइयां भी दी जाती हैं। गर्भवती महिला को मलेरिया की पुष्टि होने पर स्त्री रोग विशेषज्ञ की सलाह पर तुरंत उपचार शुरू कर दिया जाता है। इम्यूनिटी मजबूत करने के लिए उन्हें आयरन और विटामिंस की अतिरिक्त खुराक देनी पड़ती है।

**कैसे करें बचावः** चूंकि मलेरिया से बचने के लिए फिलहाल कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। जरूरी है, मलेरिया के कारक मच्छरों से बचा जाए और मच्छरों से बचाव के लिए खुद पर ध्यान देने के साथ आस-पास के वातावरण पर भी ध्यान देना जरूरी है-

- मलेरिया फैलाने वाले मच्छर गंदे पानी में पनपते हैं। इसलिए गमलों, कूलर में या घर के आस-पास पानी इकट्ठा न होने दें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। गड्ढे वगैरह हों तो मिट्टी, पत्थर से भर दें। जमा हुए पानी में मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए ऑयल स्प्रिंकल करें। नालियों, गटर में नियमित तौर पर डीडीटी, बीएचसी पाउडर जैसे कीटनाशक दवाइयों या फिर केरोसिन का छिड़काव करें।
- दरवाजे, खिड़कियों, रोशनदानों या एग्जॉस्ट फैन चिमनियों पर जाली वाले दरवाजें लगवाएं ताकि मच्छर घर में ना आ सकें।
- मॉस्किटो-रेप्लेंट, कॉयल या वेपराइजर्स का इस्तेमाल करें।
- फुल स्लीव्स और फुल लेंथ के कपड़े पहनें। बच्चों का खास ध्यान रखें। शाम को बाहर या पार्क में खेलते समय ऐसे ही कपड़े पहनाएं।
- मुंह, हाथों या शरीर के दूसरे खुले अंगों पर एंटी मॉस्किटो क्रीम या सरसों, नीम, नीबू, लैवेंडर जैसे तेल लगाएं।
- सोते समय केमिकलयुक्त मॉस्किटो-कॉयल या रेप्लेंट इस्तेमाल करने के बजाय यथासंभव मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। छोटे-बड़े सभी को मच्छरदानी लगाकर सोने की आदत डालें।
- घर के अंदर तुलसी, पुदीना, अजवायन, मेहंदी, लेमनग्रास, गेंदा, चमेली जैसे औषधीय पौधे लगाएं। इनकी महक से मच्छर दूर भागते हैं।
- ऐसी जगह पर जाने से बचें, जहां पर मच्छर ज्यादा हों। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

### कारगर घरेलू उपचार



**मलेरिया होने** पर शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए कई किस्म की जड़ी-बूटियों का सेवन कारगर होता है।

**नीम की पत्तियों का काढ़ाः** 4-5 नीम की पत्तियों को पानी में उबालकर पीएं। यह संक्रमण से लड़ने में मदद करता है।

**गिलोय का रसः** यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, दिन में एक बार 10-15 एमएल गिलोय का रस पी सकते हैं।

**तुलसी-अदरक की चायः** तुलसी, अदरक और काली मिर्च डालकर बनी चाय मलेरिया में बहुत लाभकारी होती है।

**पपीते के पत्तों का रसः** पपीते के पत्तों का रस, प्लेटलेट्स बढ़ाने और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। **-डॉ. माजिद अलीम**

---

**आहार**

**शिवचरण चौहान**

वैसे तो दही और छाछ का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता ही है। लेकिन गर्मी के मौसम में दही का सेवन पाचन के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होता है। पाचक, शीतल दही के स्वास्थ्यकर गुणों के बारे में जानिए।

## इस मौसम में खाएं दही
# आपका पेट रहेगा सही



आमतौर पर गाय या भैंस के दूध से दही जमाया जाता है। दही को मथकर मही यानी मट्ठा या छाछ बनता है। गर्मी के मौसम में दही और मट्ठा दोनों का सेवन हमारे स्वास्थ्य, विशेष रूप से पाचन तंत्र के लिए बहुत लाभप्रद होता है।

**उपस्थित पोषक तत्वः** वैज्ञानिकों के अनुसार दही के रासायनिक संगठन में 89.1 प्रतिशत पानी तथा 9 प्रतिशत ठोस भाग होता है। ठोस हिस्से में फैट 4%, लेक्टोज 2.9 प्रतिशत, प्रोटीन 0.8 प्रतिशत तथा कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन, विटामिन ए, बी और सी के भी पर्याप्त अंश पाए जाते हैं।

**गुणों का भंडारः** दही एक पूर्ण पौष्टिक आहार है और हर कहीं आसानी से उपलब्ध हो सकता है। आयुर्वेद के अनुसार दही रुचिकर, भूख बढ़ाने वाला, स्निग्धता प्रदान करने वाला, पाचन में सहायक, वात नाशक, विषनाशक, यकृत की शक्ति बढ़ाने वाला, बवासीर और अन्य उदर रोगों के लिए लाभप्रद होता है। दही, हृदय और मस्तिष्क को शक्ति प्रदान करने वाला और आंतों की सफाई करने में भी सहायक होता है। अमेरिका के प्रो. जार्ज बी. मान ने अनेक शोधों के बाद निष्कर्ष निकाला कि दही में एक ऐसा तत्व भी मौजूद होता है, जो रक्त में कोलेस्ट्रॉल को कम करके दिल के दौरे को रोकता है। इसीलिए हृदयरोगियों को प्रो. जार्ज सलाह देते हैं कि दही पर्याप्त मात्रा में नियमित खाना चाहिए।

**पाचन रखे सहीः** दही में दूध के सभी गुण मौजूद रहते हैं। दूध में पाए जाने वाले जीवाणु ही गर्मी पाकर जब बढ़ने लगते हैं। वे दूध में उपस्थित शर्करा को लैक्टिक अम्ल में तब्दील कर देते हैं। इससे दूध का प्राकृतिक मीठा स्वाद तो खट्टे स्वाद में परिवर्तित हो जाता है। लेकिन दूध में मौजूद अन्य गुण जैसे चिकनाहट और उसमें मौजूद पोषक तत्व जैसे- विटामिन ए और बी, प्रोटीन, कैल्शियम, फॉस्फोरस आदि विद्यमान रहते हैं। एक शक्तिदायक खाद्य पदार्थ होने के बावजूद यह मोटापा नहीं बढ़ाता। दही वीर्यवर्धक होता है और इससे पुरुषों के शुक्राणु पुष्ट होते हैं। यह हृदय, मस्तिष्क के समान ही यकृत को भी मजबूत बनाने में सहायक होता है। हमारा शरीर दही का 91 प्रतिशत भाग एक घंटे में सहजता से पचा लेता है। इस तरह यह अत्यंत पाचक है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, आंतों के निचले हिस्से में ऐसे बैक्टीरिया होते हैं, जिनका भोजन पचाने में बड़ा योगदान होता है। ऐलोपैथी की अधिक दवाएं खाने से इन बैक्टीरिया की सक्रियता में कमी आ जाती है। इससे भोजन का पाचन सही रूप से नहीं हो पाता। दही में यह गुण होता है कि वह इन बैक्टीरिया को पुनः सक्रिय बना देता है, जिससे पाचन तंत्र सुचारु रूप से कार्य करने लगता है। दही शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में भी सहायक होता है। कुछ वैज्ञानिकों का तो ऐसा भी कहना है कि दही के नियमित सेवन करने से कैंसर को प्रारंभिक अवस्था में ही रोका जा सकता है।

**स्वस्थ-दीर्घायु जीवनः** माना जाता है कि दही के नियमित सेवन से व्यक्ति दीर्घायु होता है। रूस के जॉर्जिया प्रदेश की 50 लाख की आबादी में कई हजार लोग सौ वर्ष से अधिक की आयु में भी स्वस्थ-प्रसन्नचित्त रहते हैं। बुल्गारिया में भी हजारों लोग वृद्धावस्था में पूरे तौर पर सेहतमंद रहते हैं। माना जाता है कि वहां के लोग अनुशासित जीवनशैली, पौष्टिक आहार अपनाने के अलावा भरपूर मात्रा में दही का नियमित सेवन भी करते हैं।

**ये भी हैं फायदेः** दही को बहुत प्राचीनकाल से सिर धोने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता रहा है। इससे केश मुलायम, घने, काले और लंबे होते हैं। बालों की जड़ों में दही को अच्छी तरह लगाकर स्नान करना चाहिए। दही की ठंडी मलाई पलकों पर लेप करने से गर्मी और जलन कम होती है। वजन कम होने की शिकायत होने पर दही में छुहारा, किशमिश, बादाम, पिस्ता, चिरौंजी आदि मिलाकर नियमित रूप से सेवन करने से वजन में पर्याप्त वृद्धि होती है। दही की इतनी उपयोगिता को देखते हुए दही का सेवन नियमित रूप से किया जाना बहुत ही फायदेमंद है। लेकिन मिलावटी दूध से बना दही नुकसान करता है, इसलिए दही की गुणवत्ता की जांच परख कर इसका सेवन करना चाहिए। *

### छाछ भी है लाभदायक



**गर्मियों में** दही की लस्सी या छाछ का सेवन करना भी लाभकारी है। यह तृप्तिदायक शीतल पेय है। छाछ में दही के समान ही स्वास्थ्यवर्धक गुण पाए जाते हैं। छाछ के विभिन्न रोग-निवारक गुणों के कारण ही आयुर्वेद और यूनानी उपचार चिकित्सा पद्धति में इससे मंदाग्नि, आंतों की कमजोरी, पेचिश और दस्त आदि रोगों का उपचार किया जाता है। कब्जियत से छुटकारा पाने के लिए दही से बनी छाछ का नियमित रूप से सेवन करना चाहिए। इस छाछ में चुटकी भर काला नमक और पिसी अजवाइन भी डाला जा सकता है।

---

**मेंटल हेल्थ**

आज की जीवनशैली ऐसी हो गई है कि बच्चे, किशोर, युवा और वृद्ध हर उम्र के लोग तनाव और अवसाद से ग्रस्त हो रहे हैं। ऐसे में इसकी वजहें और इनसे बचने के तरीकों के बारे में जानना बहुत जरूरी है।

## हर उम्र के लोगों में
# बढ़ रही मेंटल प्रॉब्लम्स



आज के दौर में दुनिया भर में हर उम्र के लोगों में मेंटल हेल्थ प्रॉब्लम्स लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसकी प्रमुख वजहों के बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-काउंसिल एंड साइकोथेरेपी, **डॉ. नीलशा भेरवानी** बताती हैं, 'मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ने की प्रमुख वजहें तनाव, अनियमित दिनचर्या, सामाजिक दबाव, आर्थिक अस्थिरता, डिजिटल ओवरलोड और अकेलापन हैं। नींद की कमी, असंतुलित आहार, नशे की लत और शारीरिक गतिविधियों की कमी भी मानसिक बीमारियों को बढ़ावा देती हैं।' मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक है, इसके लिए सही दिनचर्या, योग-ध्यान, संतुलित आहार और संवाद को बढ़ावा देना जरूरी है। जागरूकता और समय पर इलाज से मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाया जा सकता है।

**कॉमन मेंटल प्रॉब्लम्सः** आजकल लोग कई तरह की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनमें प्रमुख रूप से डिप्रेशन, एंग्जायटी डिसऑर्डर, बाइपोलर डिसऑर्डर, ओसीडी (ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर), पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी) और इंसोम्निया (अनिद्रा) शामिल हैं। लंबे समय तक तनाव, अकेलापन, असंतुलित जीवनशैली और डिजिटल एडिक्शन इन समस्याओं को बढ़ा रहे हैं। युवाओं में सोशल मीडिया की वजह से आत्मविश्वास की कमी और एंग्जायटी बढ़ रही है, जबकि वयस्कों में वर्क-प्रेशर और आर्थिक चिंताओं से डिप्रेशन आम होता जा रहा है।

**प्रमुख लक्षणः** कोई व्यक्ति किसी मेंटल हेल्थ प्रॉब्लम से ग्रस्त है, इसकी पहचान के बारे में मेरठ स्थित छत्रपति शिवाजी सुभारती हॉस्पिटल में कंसल्टेंट-साइकेट्रिस्ट, **डॉ. रितिका** बताती हैं- किसी व्यक्ति के मानसिक रूप से अस्वस्थ होने की पहचान उनके व्यवहार, भावनाओं और शारीरिक लक्षणों से की जा सकती है। लगातार उदासी, चिंता, चिड़चिड़ापन, आत्मविश्वास में कमी, बिना कारण डर लगना, अत्यधिक नकारात्मक सोच, एकांतवास पसंद करना आदि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के संकेत हो सकते हैं। नींद न आना या ज्यादा सोना, भूख में कमी या वृद्धि, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई और रोजमर्रा के कार्यों में रुचि खत्म होना भी लक्षण हो सकते हैं। बार-बार सिरदर्द, थकान और दिल की धड़कन तेज होना भी संकेत देते हैं। अगर ये लक्षण लंबे समय तक बने रहें, तो तुरंत विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।



**बचाव के तरीकेः** मेंटली हेल्दी रहने के लिए संतुलित जीवनशैली अपनाना बेहद जरूरी है। नियमित योग, ध्यान और एक्सरसाइज मानसिक तनाव को कम करने में मदद करते हैं। संतुलित और पौष्टिक आहार शरीर के साथ दिमाग को भी स्वस्थ रखता है। पर्याप्त नींद (7-8 घंटे), सोशल कनेक्शन बनाए रखना, स्क्रीन टाइम कम करना और अपने शौक के लिए समय निकालना, मानसिक शांति बढ़ाता है। नकारात्मक सोच से बचें और जरूरत पड़ने पर दोस्तों, परिवार या मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से बात करें। अत्यधिक कैफीन, नशे और जंक फूड से दूरी बनाना भी मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है।

**ऐसे करें उपचारः** मेंटल प्रॉब्लम्स के उपचार के लिए श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-साइकोलॉजी, **डॉ. प्रशांत गोयल** सलाह देते हैं, 'मेंटली अनफिट व्यक्ति के उपचार में थेरेपी जैसे काउंसलिंग, मेडिटेशन, दवाएं और लाइफस्टाइल चेंज मददगार हो सकते हैं। परिवार और दोस्तों का सहयोग बेहद जरूरी है। वे भावनात्मक सहारा देकर, बिना जज किए बात सुनकर और सकारात्मक माहौल देकर मरीज की रिकवरी में मदद कर सकते हैं। अगर कोई व्यक्ति लगातार उदास, चिंतित, अकेला महसूस कर रहा हो, रोजमर्रा के काम करने में असमर्थ हो या आत्मघाती विचार आ रहे हों, तो तुरंत मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।' मेंटल हेल्थ समस्या भी शारीरिक बीमारी की तरह गंभीर हो सकती है, इसलिए इलाज में देरी नहीं करनी चाहिए।

**बच्चे-किशोर भी हो रहे ग्रस्तः** आज के दौर में बच्चे और किशोर भी स्ट्रेस और डिप्रेशन का खूब शिकार हो रहे हैं। दरअसल, पढ़ाई का दबाव, सोशल मीडिया की तुलना, करियर की चिंता और पारिवारिक तनाव के कारण उनमें स्ट्रेस और डिप्रेशन बढ़ रहा है। इससे बचाने के लिए खुला संवाद, संतुलित दिनचर्या और भावनात्मक सहयोग जरूरी है। माता-पिता को बच्चों पर अत्यधिक प्रेशर डालने के बजाय उनकी भावनाओं को समझना चाहिए। डिजिटल डिटॉक्स, फिजिकल एक्टिविटी और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने से मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। स्कूल और समाज में मेंटल हेल्थ को लेकर जागरूकता बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि बच्चे बिना डर अपने मन की बात साझा कर सकें और समय रहते मदद मिल सके। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

# प्रभार के जिले के साथ गृह जिले में पेयजल आपूर्ति पर नजर रखेंगे मंत्री

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य मंत्रिमंडल की बैठक से पहले पेयजल को लेकर दिए निर्देश
- मंत्रिमंडल सदस्यों को दी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों से कहा है कि बढ़ती गर्मी के मद्देनजर वे प्रदेश के सभी अंचलों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर सतत निगरानी रखें।

उन्होंने कहा कि मंत्रीगण अपने प्रभार के जिलों और अपने गृह जिले में भी पेयजल की आवश्यकतानुसार समुचित आपूर्ति के लिए स्वस्फूर्त प्रयास करें। पीने के पानी की आपूर्ति बाधित न हो। किसी को भी पेयजल के लिए कठिनाई न होने पाए। उन्होंने कहा कि पेजयल व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए जिला प्रशासन के साथ पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करें और उन्हें अपना मार्गदर्शन एवं आवश्यक दिशा-निर्देश भी दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रिमंडल की बैठक से पहले संबोधित कर रहे थे।

## ग्वालियर में देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन (टीएमजेड) की स्थापना के लिए राज्य सरकार ने सैद्धांतिक सहमति दे दी है। निवेशकों द्वारा सहमति देने पर ग्वालियर में जल्द ही टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस टीएमजेड में बड़े निवेशकों द्वारा निवेश करने की रूचि व्यक्त की गई है। इस प्रयोजन के लिए पहले चरण में ग्वालियर आईटी पार्क की 70 एकड़ तथा दूसरे चरण में साडा ग्वालियर की 300 एकड़ भूमि आवंटित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना में लगभग 12 हजार करोड़ रुपए के निवेश की संभावना है। इससे 5 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

### दो चीतों के रिलोकेशन पर मिल रही वैश्विक सराहना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गांधी सागर अभयारण्य में दो चीतों के पुनर्वास के विषय में मंत्रिमंडल सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्व के इतिहास में पहली बार चीतों का सफल पुनर्वास किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रभाष और पावक दोनों नर चीतों को गांधी सागर अभयारण्य की जलवायु और सहज वातावरण भा गया है। दोनों बड़े ही आनंद से अभयारण्य में विचरण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि चीतों के पुनर्वास के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने जो अभूतपूर्व कार्य किए हैं, उसके लिए सरकार को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर से सराहना मिल रही है।

### टेक-आईटी कॉन्क्लेव 27 अप्रैल को इंदौर में

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 27 अप्रैल को इंदौर में एमपी टेक कॉन्क्लेव होने जा रही है। इस कॉन्क्लेव के लिए अब तक 500 से अधिक टेक कंपनियों ने इंदौर आने में रुचि दर्शाई है। उन्होंने आशा जताई कि आईटी कॉन्क्लेव में राज्य सरकार को अपेक्षा के अनुरूप निवेश प्रस्ताव प्राप्त होंगे।

# मेडिकल टूरिज्म बढ़ाने में आयुष विभाग निभाएगा भागीदारी, हर पर्यटन स्थल के पास बनेंगे वैलनेस सेंटर



- *मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयुष विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश*
- *समन्वय से मरीजों के उपचार में तेजी लाएं आयुष एवं स्वास्थ्य विभाग*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मेडिकल टूरिज्म एक उभरता हुआ सेक्टर है। स्वास्थ्य के साथ-साथ आयुष विभाग को भी इस क्षेत्र में भागीदारी करना चाहिए। प्रदेश के हर पर्यटन स्थल, धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व के स्थलों के आसपास वैलनेस सेंटर स्थापित किए जाएं, इससे यहां आने वाले पर्यटक आयुष विभाग की प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति और पंचकर्म सुविधा का भी लाभ ले सकेंगे। डॉ. यादव मंत्रालय में आयुष विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्ती से अंकुश लगाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय आयुष मिशन में प्रदेश में जहां-जहां नए आयुर्वेद महाविद्यालय स्थापित किए जाने हैं, इन्हें प्रारंभ करने के लिए तेज एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएं। स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग आपसी समन्वय और तालमेल से काम करें और अधिक से अधिक मरीजों को अपनी-अपनी चिकित्सा पद्धतियों से उपचार का लाभ दें। उन्होंने कहा कि दोनों ही विभाग रोजगारपरक शिक्षा की ओर बढ़ें, ताकि प्रदेश को अधिकाधिक डॉक्टर्स एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी मिलें। डॉ. यादव ने बिना किसी डिग्री के क्लीनिक चलाकर एवं घर-घर जाकर भोले-भाले ग्रामीण मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले झोलाछाप डॉक्टर पर सख्ती से अंकुश लगाने के निर्देश दिए।

## ग्रामीण क्षेत्रों तक सुनिश्चित करें सेवाओं की पहुंच

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनमानस में आयुष पद्धति के प्रति विश्वास और बढ़े, इसके लिए जन जागरूकता अभियानों को तेज किया जाए तथा आयुष सेवाओं की पहुंच दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक भी सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि जिन आयुर्वेदिक महाविद्यालय को हम निकटतम बड़े विश्वविद्यालय से जोड़ सकते हैं, उन्हें जोड़ने की कार्रवाई केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार करें। मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग द्वारा 543 से अधिक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, 36 होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, 14 यूनानी चिकित्सा अधिकारी, 65 आयुर्वेद व्याख्याता एवं 150 से अधिक पैरामेडिकल स्टॉफ एवं संविदा डाटा एंट्री ऑपरेटर की पोस्टिंग भी कर देने की जानकारी मिलने पर विभागीय अधिकारियों की सराहना की।

### मध्यप्रदेश देश में पांचवें स्थान पर

आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान लांच किया गया है। इस अभियान में प्रदेश में तेजी से कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि अब तक 8.50 लाख से अधिक परीक्षण किए जा चुके हैं। इस मामले में मध्यप्रदेश देश में 5वें स्थान पर रहा है। बैठक में उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव आयुष डीपी आहूजा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आतंकियों को करारा जवाब दिया जाएगाः शर्मा

**भोपाल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकियों के कायराना हमले में निर्दोष नागरिकों के दुखद निधन पर भाजपा प्रदेश



अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शोक व्यक्त किया है एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। शर्मा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना हमले में निर्दोष नागरिकों के काल कवलित होने पर आतंकियों को करारा जवाब दिया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### पीएचक्यू ने किए 22 आरक्षकों के तबादले

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने मंगलवार को 22 पुलिस आरक्षकों के तबादले किए हैं। ये सभी ट्रांसफर आरक्षकों की मांग पर किए गए हैं, इसलिए स्वयं के व्यय पर माना जाएगा। पीएचक्यू द्वारा जारी ट्रांसफर आदेश के मुताबिक इन आरक्षकों के यूनिट प्रमुखों को निर्देश दिया गया है कि इन सभी को सरकारी नीति के अनुसार समय सीमा में रिलीव किया जाए, ताकि ये नई पदस्थापना स्थल पर ज्वॉइनिंग दे सकें।

डॉक्टर, कलेक्टर निर्णय लेकर गंभीर घायलों को चिकित्सा संस्थान तक भेजने की व्यवस्था करेंगे

# एयर एबुलेंस सुविधा का किया जाएगा विस्तार, दुर्घटना स्थल पर भी पहुंचेंगी

*पार्थिव देह ले जाने के लिए जिलों में उपलब्ध होंगे शव वाहन*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश का प्रथम राज्य है, जहां मरीजों के लिए एयर एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध है। इस सुविधा का विस्तार इस तरह किया जाएगा कि किसी भी दुर्घटना स्थल पर भी एयर एम्बुलेंस को पहुंचाया जा सके। दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को चिकित्सक और कलेक्टर द्वारा निर्णय लेकर चिकित्सा संस्थानों तक भेजने की व्यवस्था की जाएगी।

वर्तमान में एयर एम्बुलेंस सेवा के अंतर्गत एक हेलीकाप्टर और एक एरोप्लेन उपलब्ध है। गरीब नागरिकों को इस सुविधा का लाभ देने का प्रयास है। भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत राज्य के विभिन्न जोन निर्धारित कर सेवा की उपलब्ध की जाएगी। डॉ. यादव मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




### अंगदान के कार्य को भी प्रोत्साहित किया जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अस्पतालों से घर तक पार्थिव देह ले जाने के लिए शव वाहन उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया है। यह व्यवस्था जिलों से प्रारंभ होगी, जिसका बाद में विकास खण्ड और तहसील स्तर तक विस्तार होगा। उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य शिविरों के से नागरिकों की स्वास्थ्य समस्याओं का निराकरण किया जाए। कैंसर जैसे रोगों से ग्रस्त लोगों को उपचार दिलाया जाएं।

### सेवानिवृत्त चिकित्सा विशेषज्ञों की सेवाएं लेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि विभिन्न सेवानिवृत्त चिकित्सा विशेषज्ञों की सेवाएं विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों में नागरिकों के उपचार में प्राप्त की जाएं। नए मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों के पदों को भरने की प्रक्रिया भी संचालित है।

### आईए, हम सब मिलकर पृथ्वी को हरा-भरा और सुंदर बनाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री की विश्व पृथ्वी दिवस पर नागरिकों से अपील

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रदेशवासियों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें पृथ्वी के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए संकल्पित होने का अवसर देता है। डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि 'यस्यां समुद्र उत सिन्धुरापो यस्यामन्नं कृष्टयः संबभूवुः। यस्यामिदं जिन्वति प्राणदेजत्सा नो भूमिः पूर्वपेये दधातु॥' यह वैदिक मंत्र पृथ्वी की महानता और सबके लिए उसके पोषक स्वरूप का भान कराता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक पौधरोपण करें और पृथ्वी को हरा-भरा व सुंदर बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि पृथ्वी हमारी जननी है, इसका संरक्षण हमारा धर्म है। आइए, हम सब मिलकर हमारी अपनी धरती को फिर से हरियाली से भर दें।

15 जून तक अवकाश घोषित

# गर्मी से बच्चों को मिली राहत, सरकार ने घोषित की ग्रीष्मकालीन छुट्टियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में लगातार बढ़ रही गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की छुट्टी देने का फैसला लिया है। अब 25 अप्रैल 2025 से 15 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। पहले ये ग्रीष्मकालीन अवकाश एक मई से घोषित किया जाता रहा है।

गर्मी के कारण छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने पांच दिन पहले ही छुट्टी घोषित करने का आदेश जारी किया है। राज्य सरकार का ये निर्णय प्रदेश के सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त और गैर अनुदान प्राप्त स्कूलों के लिए लागू होगा। हालांकि ये अवकाश केवल बच्चों के लिए है। शिक्षकों को अभी भी स्कूल में उपस्थिति देनी होगी। बता दें कि रायपुर में अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। गर्म हवा के थपेड़ों से हर कोई बेहाल है। इस निर्णय से प्रदेश के 60 लाख बच्चों ने राहत की सांस ली है।



### *मुख्यमंत्री ने बच्चों को किया सतर्क,कहा- आनंद से मनाएं छुट्टी*

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते हुए लिखा कि प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू को देखते हुए छात्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। इसलिए सभी शासकीय एवं गैर शासकीय स्कूलों में 25 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। सभी बच्चों से आग्रह है कि वे तेज धूप से बचें, खूब पानी पिएं, घर पर रहें और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लें और छुट्टियों का बच्चे आनंद लें ।*

करीब डेढ़ लाख नगदी जब्त

# पकड़े गए सॉल्वर की निशानदेही पर मुख्य सरगना और परीक्षा का अभ्यर्थी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद पुलिस ने फर्जी तरीके से परीक्षा देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक फर्जी परीक्षार्थी को मौके से पकड़ा था। इसके बाद उससे पूछताछ के आधार पर राजस्थान के रहने वाले मुख्य सरगना और अभ्यर्थी को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। पुलिस उपायुक्त डॉ. संजय अग्रवाल ने बताया कि आरोपी सोनू कुमार मिश्रा निवासी पटना बिहार ने बताया कि पटना में पढ़ाई के दौरान मुख्य सरगना जसवंत मीणा से उसकी पहचान हुई थी।



### सोनू फ्लाइट से आया भोपाल

सोनू 19 अप्रैल को दिल्ली से फ्लाइट के भोपाल पहुंचा और एक होटल में रुका। 20 अप्रैल को परीक्षार्थी बबलेश मीणा बन कर परीक्षा देने पहुंचा।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

# राष्ट्रीय मूल्यांकन में 346 अग्रणी और 13,781 प्रदर्शनकारी पंचायतों के साथ गुजरात सबसे आगे



**गांधीनगर।** भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जारी किए गए पहले पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) में गुजरात ने ग्रामीण शासन और सतत विकास में एक नया मानदंड स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, जिनका मंत्र ''सशक्त गांव, समृद्ध राष्ट्र'' है, और माननीय मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के परिणामोन्मुखी शासन के तहत, गुजरात ने ग्रामीण विकास में यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उल्लेखनीय है कि 24 अप्रैल को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के कार्यान्वयन का प्रतीक है, जिसने ग्रामीण भारत में पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना की और स्थानीय स्वशासन को मजबूत किया। इस अवसर के अनुरूप, पंचायत उन्नति सूचकांक में गुजरात की हालिया मान्यता इसके मजबूत जमीनी स्तर के शासन और सतत ग्रामीण विकास में नेतृत्व को दर्शाती है।

### तेलंगाना ने दूसरा स्थान हासिल किया

तेलंगाना ने 270 'अग्रणी' पंचायतों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि 'निष्पादक' श्रेणी में, महाराष्ट्र 12,242 पंचायतों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, उसके बाद तेलंगाना 10,099 के साथ दूसरे स्थान पर रहा। वर्ष 2022-23 के लिए पीएआई के आंकड़ों के अनुसार, देश की कुल 2,55,699 ग्राम पंचायतों में से 2,16,285 ने वैध डेटा प्रस्तुत किया। उनमें से 699 को 'अग्रणी', 77, 298 को 'निष्पादक' और 1,32,392 को 'आकांक्षी' पंचायतों के रूप में पहचाना गया। समीक्षा बैठकों की एक श्रृंखला, कई क्षमता निर्माण सत्र और सभी स्तरों पर समन्वित प्रयासों ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कोड्स को स्कैन करने पर पौधे का नाम, औषधीय गुण का पता चलेगा

धरमपुर सम्हार के शासकीय प्राथमिक विद्यालय का नवाचार

# पृथ्वी को बचाने उठाया अनोखा कदम, पेड़ अब खुद बताएंगे अपनी कहानी, क्यूआर कोड से मिलेगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले के बागबहरा ब्लॉक के धरमपुर सम्हार स्थित एक शासकीय प्राथमिक विद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनूठा कदम उठाया है। यहां पौधों पर लगाए गए क्यूआर कोड के माध्यम से अब पौधे खुद अपनी जानकारी साझा कर रहे हैं। गूगल लेंस से इन कोड्स को स्कैन करने पर पौधे का नाम, बढ़ने की स्थिति, औषधीय गुण, पोषण संबंधी जानकारी आदि मोबाइल स्क्रीन पर दिखाई देती है।

विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका रिंकल बग्गा द्वारा विकसित इस परियोजना का नाम मिशन लाइफ है। यह विचार उन्हें तीन साल पहले आया था, जिसे उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित एक वेबिनार के बाद सक्रिय रूप से लागू करना शुरू किया। उन्होंने इस तकनीक का एक वीडियो भी संबंधित अधिकारियों के साथ साझा किया है, जिससे अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा मिली है। मां के नाम एक पेड़ अभियान इस नौ दिवसीय कार्यक्रम में 'मां के नाम एक पेड़' अभियान, बीज बॉल रोपण, गर्मी में पेड़ों को पानी देने की योजना, सामूहिक पौधरोपण और स्वच्छता अभियान जैसे कार्य शामिल हैं। इसके अलावा वर्षा जल संचयन, कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक साक्षरता, पोषण वाटिका निर्माण और पर्यावरण जागरूकता रैलियों का आयोजन भी किया जाएगा। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा द्वारा यह पहल पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही है।



### *पौधों पर क्यूआर कोड किया गया जनरेट*

*विद्यालय परिसर में पहले ही 15 प्रमुख पौधों पर क्यूआर कोड लगाए जा चुके हैं। सहायक शिक्षक जनक राम ध्रुव ने बताया कि इस पहल में विद्यार्थियों और अभिभावकों की भागीदारी उत्साहजनक रही है। बच्चे मोबाइल उपकरण लेकर आते हैं और पौधों की जानकारी स्कैन करके सीखते हैं, जिससे नई शिक्षा नीति के तहत स्वतंत्र और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है।*

### *पार्कों में लगे पौधों के लिए तैयार किया जाएगा क्यूआर कोड*

*22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी शासकीय, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में यह नवाचार अपनाया जाएगा। इस अवसर पर विद्यार्थी विद्यालय एवं आसपास के पार्कों में लगे पौधों के लिए क्यूआर कोड तैयार करेंगे, जिससे प्रत्येक पौधा एक अनोखी पहचान प्राप्त करेगा। यह कार्यक्रम 22 अप्रैल से 30 अप्रैल तक मनाया जाएगा। विद्यालयों को मिशन लाइफ पोर्टल पर अपने इको क्लब की जानकारी, नोडल अधिकारी और छात्र प्रतिनिधियों को पंजीकृत करना अनिवार्य है। साथ ही सभी गतिविधियों को जियो-टैग्ड फोटो और वीडियो के साथ पोर्टल पर अपडेट करना होगा। मां के नाम एक पेड़ अभियान इस नौ दिवसीय कार्यक्रम में 'मां के नाम एक पेड़' अभियान, गर्मी में पेड़ों को पानी देने की योजना, सामूहिक पौधरोपण और स्वच्छता अभियान जैसे कार्य शामिल हैं।*

# बरसों से जमे मास्टरों को 3 साल के लिए गांव भेजने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में बरसों से जमे शिक्षकों को अब ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में पढ़ाने के लिए भेजा जाएगा। शिक्षकों को कम से कम तीन साल यहां पढ़ाना होगा। इसको लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी हैं। विभाग ने ऐसे शिक्षकों की जानकारी जुटा रहा है जो कई वर्षों से शहरी क्षेत्र के एक ही स्कूल में पढ़ा रहे हैं।

दरअसल, हाल ही में स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री ने इसको लेकर निर्देश दिए हैं। वीडियो कांफ्रेसिंग के दौरान मंत्री ने बरसों से शहरों में जमे शिक्षकों को गांव में भेजने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि शहरों में जिन स्कूलों का रिजल्ट लगातार कम आ रहा है, उनके शिक्षकों को प्रशासकीय आधार पर गांव में भेजा जाएगा। विभागीय सूत्रों की माने तो मई के पहले सप्ताह में ट्रांसफर की तिथि घोषित करने की तैयारी की जा रही है।

स्कूल शिक्षा विभाग में तबादले के लिए आवेदन ऑफलाइन नहीं लिए जाएंगे। शिक्षकों के आवेदन ऑनलाइन ही लिए जाएंगे। रिलीविंग और ज्वॉइनिंग की कार्रवाई ऑनलाइन होगी।

विभागीय जानकारों की माने तो तीन साल की सेवाएं शेष होने और गंभीर बीमारी या विकलांगता से पीड़ित हैं, उन्हें इस प्रक्रिया से मुक्त रखा जाएगा। स्थानांतरण में वरीयता क्रम निर्धारित किया गया है। नई नीति के अनुसार शिक्षकों को निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की निजी पदस्थापना में पदस्थ नहीं किया जाएगा।

# आतंक का कठोर जवाब देगा भारत



दो टूक
योगेश कुमार गोयल

**यह वही रक्तरंजित मानसिकता है, जो 1990 में कश्मीरी हिंदुओं के साथ देखने को मिली थी। नाम पूछकर की गई हत्याएं केवल शारीरिक हत्या नहीं हैं बल्कि वे सीधे तौर पर इस देश के बहुलतावादी ताने-बाने पर हमला हैं। यह आतंकवाद की सबसे गिरी हुई, विभाजनकारी और असभ्य शक्ल है, जो मानवीय गरिमा, धार्मिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक सहिष्णुता को सीधा चुनौती देती है। इस पाशविक कृत्य ने यह प्रमाणित कर दिया कि आतंकवादी अब केवल सैनिक लक्ष्यों को नहीं बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक लक्ष्यों को भी निशाना बना रहे हैं और यह संकेत है कि हमें अपने सुरक्षा दृष्टिकोण को और व्यापक व गहन बनाना होगा।**

कश्मीर की वादियां एक बार फिर निर्दोषों के खून से रंगी हैं। पहलगाम क्षेत्र में दशहतगर्दों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर दो दर्जन से भी अधिक पर्यटकों की नृशंस हत्या कर दी। दिल दहला देने वाला यह आतंकी हमला एक बार फिर इस यक्ष प्रश्न को जन्म देता है कि आखिर कब तक भारत की संप्रभुता, एकता और नागरिकों की सुरक्षा पर ऐसे कायराना हमलों का साया मंडराता रहेगा? यह हमला न केवल हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा की संवेदनशीलता को रेखांकित करता है बल्कि यह भी दर्शाता है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की जड़ें अब भी घाटी में जहर उगल रही हैं। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब घाटी में पर्यटन का सीजन चरम पर है और पहलगाम की बेहद खूबसूरत वादियां लाखों सैलानियों का स्वागत कर रही थी। ऐसे में इस आतंकी कृत्य ने न केवल जानमाल की अपूरणीय क्षति पहुंचाई है बल्कि भारत की सामरिक संप्रभुता और मानवीय चेतना पर भी गहरा आघात किया है।

कहा जाता है कि आतंक का कोई धर्म नहीं होता लेकिन इस हमले ने कुछ और ही तस्वीर पेश की। आतंकियों ने अपने कुकृत्य की पराकाष्ठा पार करते हुए नाम पूछ-पूछकर पर्यटकों को गोली मारी। यह कोई सामान्य गोलीबारी नहीं थी बल्कि चयनात्मक हत्या थी। आतंकियों ने पहले पर्यटकों को रोका, उनसे नाम, पहचान और यहां तक कि धर्म भी पूछा और उसके आधार पर उन पर गोलियां चलाईं। यह क्रिया स्पष्ट रूप से सांप्रदायिक घृणा से प्रेरित थी, जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के मूल एजेंडे का हिस्सा रही है। यह वही रक्तरंजित मानसिकता है, जो 1990 में कश्मीरी हिंदुओं के साथ देखने को मिली थी और अब एक बार फिर भयावह रूप में प्रकट हुई है। नाम पूछकर की गई हत्याएं केवल शारीरिक हत्या नहीं हैं बल्कि वे सीधे तौर पर इस देश के बहुलतावादी ताने-बाने पर हमला हैं। यह आतंकवाद की सबसे गिरी हुई, विभाजनकारी और असभ्य शक्ल है, जो मानवीय गरिमा, धार्मिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक सहिष्णुता को सीधा चुनौती देती है। इस पाशविक कृत्य ने यह प्रमाणित कर दिया कि आतंकवादी अब केवल सैनिक लक्ष्यों को नहीं बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक लक्ष्यों को भी निशाना बना रहे हैं और यह संकेत है कि हमें अपने सुरक्षा दृष्टिकोण को और व्यापक व गहन बनाना होगा। देश एक ओर जहां तकनीकी, आर्थिक और वैश्विक मंचों पर निरंतर मजबूत हो रहा है, ऐसे में आतंकवादियों द्वारा लक्षित नागरिकों, सुरक्षाबलों और सैलानियों को निशाना बनाया जाना इस बात का प्रमाण है कि दुश्मन की मानसिकता कितनी नीच, विद्वेषपूर्ण और छायायुद्ध की शैली में विकृत हो चुकी है। पाकिस्तान की आईएसआई और उससे पोषित आतंकी गुट, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठन प्रमुख हैं, भारत की प्रगति और लोकतांत्रिक मजबूती को सहन नहीं कर पा रहे हैं। इस नृशंस हमले की रणनीति को देखें तो स्पष्ट हो जाता है कि आतंकियों का लक्ष्य केवल खून-खराबा नहीं बल्कि भारत की सुरक्षा रणनीति को चुनौती देना था। जिस प्रकार से जंगलों में छिपकर घात लगाकर हमला किया गया, वह गुरिल्ला युद्धनीति की उस शैली की ओर संकेत करता है, जिसे सीमा पार से प्रशिक्षित किया जाता है। यह न तो स्वतः स्फूर्त था, न ही किसी लोकल



रिएक्शन का परिणाम था बल्कि यह एक पूर्णतः योजनाबद्ध और निर्देशित हमला था, जिसमें तकनीकी सहायता, हथियारों की आपूर्ति और खुफिया जानकारी सब कुछ शामिल था।

भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से आक्रामक और उत्तरदायी बनी है, यह हमला उसके प्रतिकार के रूप में भी देखा जा सकता है। धारा 370 हटने के बाद जिस प्रकार से इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, आतंकियों पर कड़ा शिकंजा और नागरिक संवाद को पुनः स्थापित करने की कोशिशों जैसे जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापना की दिशा में अनेक सफल प्रयास हुए हैं, वे लंबे समय से पाकिस्तान और उसके आकाओं को चुभ रहे थे। इसीलिए ऐसे हमलों के जरिये घाटी में एक बार फिर भय और भ्रम का वातावरण बनाना उनके एजेंडे का अहम हिस्सा है लेकिन अब समय आ गया है कि हम केवल निंदा या औपचारिक विरोध से आगे बढ़ते हुए हर आतंकी घटना के बाद शोक, संवेदना और कड़ी प्रतिक्रियाओं की परिपाटी को ठोस सैन्य और कूटनीतिक रणनीतियों से बदल डालें और इजराइल तथा अमेरिका की तर्ज पर अपने नागरिकों के विरुद्ध हुए प्रत्येक हमले का निर्णायक और दीर्घकालिक जवाब दें। पाकिस्तान की रणनीतिक गहराई में बैठे उन आकाओं को अब यह समझाने का समय आ गया है कि भारत केवल सहन करने वाला राष्ट्र नहीं है बल्कि निर्णायक प्रतिशोध लेने में भी सक्षम है। यह हमला सामरिक दृष्टि से भी हमारे लिए एक गंभीर चेतावनी है कि चाहे सीमा पर कंटीले तार हों या एलओसी पर निगरानी ड्रोन, यदि भीतर बैठे स्लीपर सेल सक्रिय हैं तो सुरक्षा व्यवस्था को पुनः पूर्णरूपेण अभेद्य बनाने की सख्त आवश्यकता है। हमें अपने इंटेलीजेंस नेटवर्क को भी अब इतना तीव्र, तीक्ष्ण और सतर्क बनाना होगा कि आतंकी योजना अपने आरंभिक चरण में ही निष्फल कर दी जाए। सेना, अर्धसैनिक बलों और स्थानीय पुलिस को एकीकृत कमांड संरचना के अंतर्गत प्रशिक्षित करना होगा ताकि प्रतिक्रिया केवल हथियारबंद ही नहीं बल्कि रणनीतिक भी हो। इस हमले ने मानवीय दृष्टिकोण से एक बार फिर आम नागरिकों की पीड़ा को उजागर किया है। जिन सैलानियों ने पर्यटन को घाटी की बहाली का जरिया माना, जो स्थानीय दुकानदार अपने रोजगार की उम्मीद से दुकानें खोले बैठे थे और वे बच्चे, जो शांत माहौल में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे, सभी के सपनों पर इस हमले ने भय की कालिमा पोत दी। ऐसे हमलों की आड़ में कुछ मानवाधिकार संगठनों और तथाकथित बुद्धिजीवियों का मुखर होना अब एक शातिर रणनीति बन चुकी है। जब सुरक्षाबल आतंकियों को निष्क्रिय करते हैं तो यही वर्ग उन्हें 'नागरिक' या 'क्रांतिकारी' बता देता है। इस दोहरेपन पर भी सख्ती से लगाम कसने की जरूरत है।

बहरहाल, यह आवश्यक है कि इस हमले की तह तक जाकर उसकी पृष्ठभूमि, योजना, वित्त पोषण और संलिप्त तत्वों को उजागर किया जाए। उन्हें 'कानून, सैन्य शक्ति और कूटनीति के त्रिशूल' से जवाब मिलना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत को इस मुद्दे को और आक्रामक रूप से उठाना होगा कि पाकिस्तान आज भी आतंक का सबसे बड़ा निर्यातक है। उसके विरुद्ध आर्थिक, राजनीतिक और सैन्य प्रतिबंधों का माहौल बनाना होगा। बहरहाल, पहलगाम का यह हमला केवल एक आतंकी हमला नहीं है बल्कि हमारे धैर्य, शक्ति और चेतना की परीक्षा है। यह देश की संप्रभुता पर हमला है और इसका जवाब इतना कठोर, स्पष्ट और निर्णायक होना चाहिए कि भविष्य में कोई आतंकी या उसका पालक भारत की ओर आंख उठाकर देखने का साहस न कर सके। भारत को पूरी दुनिया को अब यह साबित कर दिखाना होगा कि वह आतंक के विरुद्ध केवल एक पीड़ित राष्ट्र नहीं है बल्कि एक प्रचंड प्रतिकारक शक्ति भी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## चिंतन

# बांग्लादेश की यूनुस सरकार को सबक देना बहुत जरूरी

बांग्लादेश में जो हो रहा है, वो भारत के हित में तो कतई नहीं है। वहां की अंतरिम सरकार एक के बाद एक ऐसे फैसले ले रही है जिसके चलते दोनों देशों के रिश्ते बुरे दौर से गुजर रहे हैं। अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस चिकन नेक पर बयान देकर नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। बांग्लादेश में जिस तरह की बयानबाजी हो रही है,उससे साफ जाहिर होता है कि वहां पाकिस्तान की खुफिया जांच एजेंसी आईएसआई धीरे-धीरे अपने पांव पसार रही है। मोहम्मद यूनुस इस खेल में सिर्फ एक मोहरा हैं, जिसका मकसद भारत के पूर्वी हिस्से, खासकर पूर्वोत्तर राज्यों में शांति भंग करना है। ये पाकिस्तान की पुरानी आदत है, जिसमें वो सामाजिक हिंसा और अस्थिरता को बढ़ावा देकर भारत को परेशान करता है। उसका हर संभव प्रयास रहता है कि किसी भी तरह से भारत में अशांति का माहौल पैदा किया जा सके। हालांकि अपने इन प्रयासों के चलते पाकिस्तान कंगाली के हालात में पहुंच गया है, लेकिन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। पाकिस्तान की इन कोशिशों में हमेशा की तरह चीन खुलकर उसका साथ दे रहा है। वैसे भी यह चीन के लिए बांग्लादेश में पांव पसारने का मौका है। सत्ता बदलने के बाद से बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। निवेश के लिए बांग्लादेश चीन पर निर्भर हो गया है। चीन ये बात अच्छी तरह समझता है। इसीलिए चीन ने बांग्लादेश में तेजी से निवेश बढ़ाया है। उसे लगता है कि बांग्लादेश में अपनी जड़ें जमाकर वो भारत पर धौंस जमा सकता है। जबकि यह उसकी भूल है। सच्चाई ये है कि बांग्लादेश में सरकार चला रहे यूनुस अभी कूटनीति के मंझे खिलाड़ी नहीं हैं। वो भावनाओं में बहकर बांग्लादेश को बंगाल की खाड़ी का इकलौता संरक्षक बता गए। आज भी बांग्लादेश की निर्भरता भारत पर सबसे ज्यादा है। खाद्यान से लेकर तकनीक तक बांग्लादेश भारत पर निर्भर है। बांग्लादेश से मेडिकल इमरजेंसी में इलाज कराने के लिए लोग भारत ही आते हैं। सभी लोग चाहते हैं कि बांग्लादेश के साथ रिश्तों में सुधार हो, लेकिन वहां की अंतरिम सरकार फिलहाल बाहरी हाथों में खेल रही है। ये बात मोहम्मद यूनुस भी जानते हैं कि अगर भारत भी उसी रवैये पर उतरा जिस पर बांग्लादेश है तो उनके लिए बहुत मुश्किल हो जाएगी। उन्हें पता है कि चाहे चीन कितना भी निवेश बढ़ाए, लेकिन बांग्लादेश और चीन की संस्कृति में कोई मेल नहीं है। ऐसा ही पाकिस्तान के साथ भी है। आम बांग्लादेशी के मन में आज भी पाकिस्तान के प्रति घृणा का भाव है। बांग्लादेश के गठन को लेकर पाक सरकार ने जिस तरह से नरसंहार किया और आंदोलन को कुचला उसे आज भी वहां के लोग नहीं भूले हैं। यही कारण है कि दो पक्षीय वार्ता के दौरान बांग्लादेश ने पाकिस्तान से माफी की भी मांग की है। जहां तक बात चिकन नेक की है तो मोहम्मद यूनुस ने चीन से बांग्लादेश के लालमोनिरहाट में एयरबेस बनाने में मदद मांगी है। ये एयरबेस चिकन नेक इलाके के काफी पास है। अभी तक के हालात से तो ऐसा कतई नहीं लगता कि चीन वहां पर अपना सैन्य बेस बनाएगा, हां! ये जरूर हो सकता है कि वो इसका उपयोग खुफिया तंत्र के रूप में करे। बांग्लादेश में चीन की रणनीति क्या है, इसका अभी खुलासा होना बाकी है। भारत को इससे बहुत ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। जिस तरह से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार हमारे विरोधियों से गलबहियां कर रही है, उसे सही मौके पर सही सबक सिखाना बहुत जरूरी है।

## पहलगाम अटैक

डॉ. घनश्याम बादल




# हर हाल में नोचने होंगे आतंक के पंख

आतंकवाद का एक और घिनौना चेहरा पहलगाम में सामने आया है जब से कश्मीर से धारा 370 हटाई गई है एवं नई विधानसभा का गठन हुआ है तभी से आतंकवाद लगातार सर उठाने का प्रयास करता रहा है। सच यह भी है कि वहां आतंकवाद को प्रेशर देने के लिए पाकिस्तानी ख़ुफ़िया एजेंसियां और वहां की राजनीतिक मजबूरियां इसके पीछे सबसे बड़े जिम्मेदार तत्व हैं। लंबे समय से उन्हें वहां ज्यादा कुछ करने का मौका नहीं मिला था, ऐसे में उन्होंने पहलगाम की उस घाटी को चुना जो अमरनाथ यात्रा का भी एक मुख्य बिंदु है और अमरनाथ यात्रा के दौरान इस क्षेत्र का बहुत अच्छे से सेना एवं स्थानीय सुरक्षा बलों द्वारा सैनिटाइजेशन किया जाता रहा है लेकिन अभी अमरनाथ यात्रा दूर है इसलिए संभव है वहां की सतर्कता कम हुई हो और इसका फायदा आतंकवादियों ने उठाकर पर्यटकों की बड़ी संख्या में जान ले ली। ऐसे हमलों के पीछे आमतौर पर कई कारण और ताकतें होती शामिल हैं। यदि पहलगाम के आतंकी हमले पर एक निगाह डाली जाए तो साफ पता चलता है कि इस हमले में पाकिस्तान आधारित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा, और हिज्बुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठन कश्मीर घाटी में अस्थिरता फैलाने को आतुर जिम्मेदार हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि इन संगठनों को पाकिस्तान की ख़ुफ़िया एजेंसीज का हमेशा समर्थन मिलता रहा है। दरअसल पिछले लंबे समय से जम्मू कश्मीर शांत क्षेत्र के रूप में तरक्की की सीढ़ियां चढ़ता हुआ नजर आ रहा था और वहां पर पर्यटन उद्योग भी बहुत फल फूल रहा था और यह बात हमारे ईर्ष्यालु पड़ोसी को निराश आनी थी। आतंकवादी संगठन भारत में सांप्रदायिक तनाव और अस्थिरता फैलाना चाहते हैं ताकि देश की एकता और अखंडता को चोट पहुंचाई जा सके। पाकिस्तान का हमेशा से ही कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने का प्रयास जग जाहिर है। अब वह सीधे-सीधे तो भारत पर हमला करने की स्थिति में है नहीं क्योंकि उसकी एवं भारत की सैन्य ताक़त में ज़मीन आसमान का अंतर है। ऐसे में वह अपने पाले हुए आतंकी संगठनों का सहारा लेता रहा है। हमलों के ज़रिए ये संगठन दुनिया का ध्यान कश्मीर की ओर खींचना चाहते हैं ताकि उसे एक विवादित क्षेत्र के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। यह संगठन अपने आका के कहने पर कश्मीर के पर्यटन और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते रहते हैं। पहलगाम जैसे स्थान, अमरनाथ यात्रा और अन्य पर्यटन केंद्र आतंकियों के निशाने पर इसलिए होते हैं क्योंकि वे कश्मीर की अर्थव्यवस्था में योगदान करते हैं। हमलों से पर्यटन प्रभावित होता है।

अपनी स्लीपिंग सेल्स के माध्यम से यह संगठन स्थानीय युवाओं का कट्टरपंथीकरण और ब्रेन वाश भी लगातार करते रहे हैं जिससे उन्हें वहां के कुछ गिने-चुने स्थानीय लोगों का समर्थन भी मिल जाता है। ऐसे हमलों के ज़रिए ये ताकतें स्थानीय युवाओं को प्रभावित कर उन्हें उग्रवाद की ओर मोड़ना चाहती हैं। सेना, सीआरपीएफ और पुलिस बलों को निशाना बनाकर आतंकवादी उनके मनोबल को तोड़ने और जनता में भय का माहौल बनाने का प्रयास करते हैं। इस हमले में जिस टीआरएफ का नाम आया है जो एक नया लेकिन बेहद सक्रिय आतंकवादी संगठन है, जो विशेष रूप से कश्मीर घाटी में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए सक्रिय रहता है। वास्तव में यह संगठन लश्कर ए तैयबा की ही एक छद्म शाखा है जो 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के कुछ ही समय बाद बना था। अंतरराष्ट्रीय दबाव और प्रतिबंधों के कारण इसका नाम बदलकर एक नया चेहरा दिया गया। यह संगठन कितना चालाक है कि इसके सदस्य विभिन्न कंपनियों तक में कर्मचारियों के रूप में काम करते हैं। टीआरएफ सोशल मीडिया और साइबर स्पेस में भी सक्रिय रहता है, जहां ये युवाओं को कट्टरपंथी बनाने का काम करता है। बेशक, वर्तमान सरकार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलती है और उसे इस पर शक्ति से चलना भी होगा। लेकिन बिना सोचे समझे और बिना रणनीति के कार्रवाई करना भी एक ग़लत संदेश देगा वहीं ऐसी हरकतों को चुपचाप सहना या इसमें बहुत देरी करना भी खतरनाक है। कुल मिलाकर अब बारी राज्य एवं केंद्र सरकार की है और उसे अपनी भूमिका बहुत अच्छे से निभाते हुए सिद्ध करना होगा कि भारत अब ऐसी गतिविधियों को किसी भी हाल में सहन करने वाला नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को भी आगे बढ़कर बजाय राजनीति करने के आतंकियों के ख़िलाफ़ एकजुट होकर सरकार के साथ खड़ा होना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सत्य की अनुभूति से जाग्रत होता है मन



संकलित
**दर्शन**

इच्छा आकाश के समान अनंत है' - यह मैं भी जानता हूं और आप भी जानते हैं। सब जानते हैं कि इच्छा पूर्ण नहीं होती, अपूर्ण बनी-की-बनी रहती है। पर सच्चाई का साक्षात्कार करने वाले विरल व्यक्ति ही मिलेंगे। साक्षात्कार वही व्यक्ति कर पाता है, जिसका शुक्ल पक्ष जाग गया है। इसे समझने के लिए एक प्रसंग है। कपिल दो मासे सोने के लिए राजा के पास गया। राजा ने कहा- मांगो। अब इच्छा को खेलने के लिए अनंत आकाश मिल गया। इच्छा बढ़ती गई और पूरे राज्य को पा लेने और राजा को रंक बनाने की बात सोचकर ही शांत हुई। मोड़ आया। सच्चाई का भान हुआ। शुक्ल पक्ष जाग गया। राजा ने कहा- मांगो। कपिल बोला- क्या मांगू? कुछ है ही नहीं इस संसार में। अब मैं जा रहा हूं, उस देश में जहां मांग नहीं है, चाह नहीं है। कपिल संन्यासी बन गया। सच्चाई का साक्षात्कार होते ही मांग पूरी हो जाती है, चाह समाप्त हो जाती है। जब तक सच्चाई का अवबोध नहीं होता, तब तक मांग कभी पूरी होती ही नहीं, चाह मिटती ही नहीं। सिद्ध पुरुष ने अपने भक्त से कहा- प्रसन्न हूं। कुछ मांगो। भक्त बोला- कुछ नहीं चाहिए। सिद्ध पुरुष ने देखा, यह कैसा भक्त! अमूल्य क्षण को खो रहा है। मांगने के लिए आग्रह किया। भक्त बोला- यदि आप देना ही चाहते हैं तो यह वरदान दें कि मेरे मन में चाह उत्पन्न ही न हो, मांग रहे ही नहीं। यह तब संभव है, जब सत्य का साक्षात्कार हो जाता है। अन्यथा लोग मांग को पूरी करने के चक्कर में कितने देवी-देवताओं की मनौतियां मनाते हैं, पूजा-अर्चना करते हैं।

# साधु प्रकृति के लोगों का साधन है भक्ति



संकलित
**प्रेरणा**

'भक्ति के प्रतिपादन के लिए ब्रह्म विषय के उत्तरकांड से ज्ञानकांड की सामान्यता दिखाई गई है।' शांडिल्य कहते हैं- वेदों में पहले क्रियाकांड है, कर्मवाद है; फिर दूसरे चरण में ब्रह्मज्ञान की बात है, ज्ञानवाद है; और फिर अंतिम चरण में ईश्वर की चर्चा है, भक्ति और भाव की बात है। नुष्य का अस्तित्व तीन तलों में विभाजित है- शरीर, बुद्धि, हृदय। या दूसरी तरह से कहें तो कर्म, विचार और भाव। इन तीनों तलों से स्वयं की यात्रा हो सकती है। स्थूलतम यात्रा होगी कर्मवाद की। इसलिए धर्म के जगत में कर्मकांड स्थूलतम प्रक्रिया है। दूसरा द्वार होगा ज्ञान का, विचार का, चिंतन-मनन। दूसरा द्वार पहले से ज्यादा सूक्ष्म है। दूसरे द्वार का नाम है- ज्ञान योग। तीसरा द्वार सूक्ष्मातिसूक्ष्म है- भाव का, प्रीति का, प्रार्थना का। उस तीसरे द्वार का नाम भक्ति योग है। कर्म से भी लोग पहुंचते हैं। लेकिन बड़ी लंबी यात्रा है। ज्ञान से भी लोग पहुंचते हैं। पर यात्रा संक्षिप्त नहीं है। बहुत सीढ़ियां पार करनी पड़ती हैं। पहले से कम, लेकिन तीसरे की दृष्टि में बहुत ज्यादा। भक्ति छलांग है। सीढ़ियां भी नहीं हैं, दूरी भी नहीं है। भक्ति एक क्षण में घट सकती है! भक्ति तत्क्षण घट सकती है। भक्ति केवल भाव की बात है। इधर भाव, उधर रूपांतरण। कर्म में तो कुछ करना होगा, विचार में कुछ सोचना होगा, भक्ति में न सोचना है, न करना है, होना है। इसलिए भक्ति को सर्वश्रेष्ठ कहा है। आज के सूत्रों में इसी की चर्चा है। शांडिल्य कहते हैं- ब्रह्माकांडं तु भक्तौ तस्य अनुज्ञानाया सामान्यात।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अनिद्रा की बीमारी महामारी का रूप धारण कर लेगी

भारत सारी दुनिया में विश्व गुरु बनने की राह पर प्रगतिशील है, मगर विकास यात्रा के नाम पर विदेशों का कचरा भी भरा जा रहा है। इस बदलते हुए वातावरण में आदमी का जीवन स्तर पहले से ज्यादा बेहतर हुआ, मगर हम असली-नकली का अंतर करने में फेल हो रहे हैं। हर माल का डुप्लीकेट पहुंच गया है। आज के दौर में हर इनसान का आहार तक नकली हो गया है, फिर धर्म की रक्षा कौन करेगा? नई-नई बीमारियां फैल रही हैं, कोरोना के बाद अब आशंका है कि अनिद्रा की बीमारी वैश्विक महामारी का रूप धारण कर लेगी। वर्ष 2037 तक भारत भी इससे प्रभावित होगा, अतः इसकी रोकथाम के लिए अभी से कारगर योजना का निर्माण शुरू हो जाना चाहिए। *-जगन सिंह, ठाकुर*

## ट्रेंड

### आतंकियों को छोड़ेंगे नहीं



पहलगाम के आतंकी हमले में अपनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। इस दुःख को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। मैं अपने इन सभी परिवारों और पूरे देश को विश्वास दिलाता हूँ कि बेगुनाह मासूम लोगों को मारने वाले इन आतंकियों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाएगा।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### विशेष उड़ान के निर्देश



कश्मीर की यात्रा पर गए 40 से अधिक कन्नड़ लोग आतंकवादी हमले के कारण फंस गए हैं। मैंने अधिकारियों को उन सभी को सुरक्षित रूप से राज्य में वापस लाने के लिए एक विशेष उड़ान की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।
- सिद्धरमैया, सीएम, कर्नाटक

### अमित शाह इस्तीफा दें



एक ही जगह पर 2,000 से ज़्यादा टूरिस्ट मौजूद थे, लेकिन वहां एक भी सुरक्षा कर्मी नहीं था, ये एक गंभीर सुरक्षा चूक है, अमित शाह जिनके हाथ में वहां की सुरक्षा व्यवस्था है, को अपनी इस नाकामी के लिए पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### इंसाफ सुनिश्चित करें



पहलगाम में हुई हिंसा पर दुख एवं गुस्से को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर मजबूत बनें और इस जघन्य कृत्य के खिलाफ इंसाफ सुनिश्चित करें।
-शाहरुख खान, अभिनेता

## करंट अफेयर


# दुनियाभर में फैल रहे पूर्व दक्षिणपूर्वी एशिया के स्कैम



संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण पूर्वी एशिया में दिन-पर-दिन साइबरस्कैम सेंटर बढ़ रहे हैं और ये दुनियाभर में भी फैल रहे हैं। गैंग के लोग कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए लगातार जगह बदलते रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी एशिया में अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध समूह दुनियाभर में अपने स्कैम का जाल फैला रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि जहां ये स्कैम सेंटर मौजूद थे, वहां सरकार और अधिकारी इन पर लगाम कसने के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू कर रहे हैं। इससे बचने के लिए वे इलाके तलाश रहे हैं। ऐसे स्कैम सेंटर दक्षिण पूर्वी एशिया में कई सालों से चल रहे है। कंबोडिया,लाओस और म्यांमार, साथ ही फिलीपीन्स, इनका गढ़ माने जाते हैं और इसे अंजाम देने वाली अलग अलग गैंग एक बॉर्डर से दूसरे बॉर्डर घूमती रहते हैं ताकि वो किसी एक देश के कानून की गिरफ्त में ना आ सकें। यह स्कैम दुनिया में कई नए इलाकों तक भी पहुंच गए हैं। अफ्रीका और यहां तक कि लैटिन अमेरिका से भी ऐसी धोखाधड़ियों की खबरें आ रही हैं जहां स्कैमरों ने किसी को झूठे प्यार के जाल में फंसा लिया, या कोई झूठा निवेश और व्यापार का वादा कर के पैसे ऐंठ लिए या फिर गैरकानूनी सट्टेबाजी में लोगों को फंसा दिया हो।

## ऑफ बीट

# 'स्लीपिंग प्रिंस', कोमा में रहते मनाया 36 वां जन्मदिन



सऊदी अरब के शाही परिवार के सदस्य प्रिंस अल-वालीद बिन खालिद बिन तलाल ने कोमा में रहते हुए 36 साल पूरे कर लिए हैं। दुनिया भर में वो 'स्लीपिंग प्रिंस' के नाम से जाने जाते है। उन्होंने कोमा में रहते हुए अपना जन्मदिन मनाया। वे पिछले लगभग दो दशकों से ऐसी ही हालत में हैं। प्रिंस अल-वालीद सऊदी अरब के संस्थापक किंग अब्दुलअज़ीज़ के परपोते हैं और प्रिंस तलाल बिन अब्दुलअज़ीज़ के पोते। वर्तमान सऊदी किंग सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ उनके दादा के भाई हैं, यानी प्रिंस के ग्रेट-अंकल। प्रिंस अल-वालीद 2005 में एक सैन्य कॉलेज में छात्र थे और एक सड़क दुर्घटना में उन्हें सिर पर गंभीर चोट आ गई। इसके बाद से वे कोमा में हैं और रियाद के किंग अब्दुलअज़ीज़ मेडिकल सिटी में वेंटिलेटर और फीडिंग ट्यूब के सहारे जीवित हैं। डॉक्टरों ने कई बार सुझाव दिया कि जीवन रक्षक उपकरणों को हटाया जाए, लेकिन प्रिंस के पिता, प्रिंस खालिद बिन तलाल ने इस सलाह को ढुकरा दिया। उन्होंने कहा, अगर अल्लाह चाहते कि वह दुर्घटना में मर जाए, तो वह कब्र में होता। प्रिंस अल-वालीद अब भी मेडिकल उपकरणों के सहारे जीवन से जुड़े हुए हैं। उनका परिवार अब भी हर दिन एक चमत्कार की उम्मीद में है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## पहलगाम में आतंकी हमले से देशभर में फैला आक्रोश, सभी देशवासियों और युवाओं का एक सुर में फूटा आवेश

# आतंकवाद का पुतला फूंका, नारेबाजी की और बोले-आतंकियों पनाहगारों को जमीन में गाड़ दो, पाक का नामोनिशान मिटा दो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में कई पर्यटकों की मौत के बाद देशभर में आक्रोश फैल गया है। बहराइच में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद का पुतला फूंका और जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने आतंकियों और उनको पनाह देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। किसान डिग्री कॉलेज के पास जमा हुए प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से हमले के दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। उनका कहना था कि आतंकियों को ऐसा सबक सिखाया जाए कि भविष्य में कोई इस तरह का हमला करने की हिम्मत न करे। धर्मशाला के रहने वाले अनुज कश्यप ने इस घटना को लेकर कहा कि आज भारत का हर एक व्यक्ति भारत सरकार के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस हादसे का बदला लेना होगा और पाकिस्तान को सबक सिखाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार अगर इजाजत दे, तो यह युवा पूरे पाकिस्तान को कुछ मिनट में तबाह कर सकते हैं।

### कायराना हमला... एक ही जवाब- लें ठोस बदला



**न भूलना, न माफ करना, लोगों ने देशभर में किया प्रदर्शन**

### जागो हिंदुओं जागो

स्थानीय युवक अमित ने इस मौके पर कहा कि धर्म पूछ कर हिंदू लोगों पर गोलियां चलाई गई और उन्हें मार दिया गया। निहत्थे हिंदुओं से इस तरह की कर-कर आतंकवादियों ने अपने काफिर होने का प्रमाण दिया है। उन्हें कहा कि अब हिंदुओं को जगाना होगा और इस के खिलाफ आवाज उठानी होगी। हम इस तरह से पाने लोगों को तड़फ-तड़फ कर मरते हुए नहीं देख सकते।

### विहिप कल करेगी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन

विश्व हिंदू परिषद् ने आतंकी हमला के विरोध में झारखंड सहित देशभर में 25 अप्रैल को विरोध प्रदर्शन करेगा। परिषद के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई भीषण घटना की निंदा की।पहलगाम घटना के विरोध में देशभर में आंदोलन करने की घोषणा करते हुए विहिप ने कहा कि इस अमानवीय घटना पर संपूर्ण देश स्तब्ध व आक्रोशित है। झारखंड विहिप के सहमंत्री डॉ. बिरेन्द्र साहु ने जानकारी देते हुए बताया कि जिस तरह से जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने घटना को अंजाम दिया है, उससे पूरा देश स्तब्ध है। इसके विरोध में झारखंड के सभी जिलों में 25 अप्रैल को विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने का मांग की जाएगी। इसका जवाब भारत सरकार को देना होगा कि कोई ऐसा दुस्साहस न कर सके।

**सचिन-कोहली ने भी आतंकी हमले पर जताया शोक, कहा**

### पाकिस्तान से खेल संबंध समाप्त किए जाएं



भारतीय खेल जगत ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर शोक जताया है। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने पाकिस्तान के साथ खेल संबंध पूरी तरह समाप्त करने की मांग की है। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने भी इस हमले पर दुख जताया और पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी है। सचिन ने लिखा, पीड़ित परिवार अकल्पनीय कष्ट से गुजर रहे होंगे। भारत और दुनिया भर में लोग इस कठिन समय में उनके साथ हैं।

**फिल्म अभिनेता बोले**

### जघन्य कृत्य के खिलाफ न्याय मिले



बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान और सलमान खान ने भी हमलों की निंदा की है। शाहरुख खान ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, पहलगाम में जो हुआ, उस कृत्य पर दुख और गुस्से को शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर मजबूत बनें और इस जघन्य कृत्य के खिलाफ न्याय मिले।

### सलमान बोले- पूरी कायनात को मारने के बराबर

सलमान खान ने भी एक्स पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, धरती का स्वर्ग कश्मीर, नरक में बदलता जा रहा है। निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। मेरी संवेदनाएं उनके परिवारों के साथ हैं। एक भी मासूम को मारना पूरी कायनात को मरने के बराबर है।

### अन्य ने भी जताई संवेदना

माधुरी दीक्षित, प्रियंका चोपड़ा, अल्लू अर्जुन, आलिया भट्ट, अनुष्का शर्मा और विक्की कौशल सहित तमाम सितारों ने हमलों की निंदा की है।

**ये भी प्रतिक्रियाएं**



### बहुत आहत, स्तब्ध और दुखी हूं: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। इसने हम सभी को बहुत आहत, स्तब्ध और दुखी किया है।



### मुसलमानों को दबाया जा रहा: वाड्रा

आतंकी हमले पर दुख जताते हुए बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि क्योंकि उन्हें लगता है कि मुसलमानों को दबाया जा रहा है।



### धामी ने मौन रख दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम आवास में बैठक में दो मिनट का मौन रखकर हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



### भारत करारा जवाब देगा : साय

सीएम विष्णु देव साय ने हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि जब-जब देश पर इस तरह का हमला हुआ है, भारत ने करारा जवाब दिया है।



### 6 परिवारों को 5 लाख का मुआवजा

महाराष्ट्र सरकार ने आतंकवादी हमले के दौरान अपने प्रियजनों को खोने वाले 6 परिवारों को 5 लाख की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है।




### पंजाब में हाई अलर्ट उच्च स्तरीय बैठक

पंजाब को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सीएम भगवंत मान ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की है।



### सीएम सावंत नहीं मनाएंगे जन्मदिन

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को घोषणा की किआतंकवादी हमले के मद्देनजर वह 24 अप्रैल को अपना जन्मदिन नहीं मनाएंगे।



### मुर्गे लड़ाने की कोशिश मत करो

पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने कहा कि यह कश्मीरियत पर और इंसानियत पर हमला है। वह मुर्गा लड़ाने की कोशिश न करे।

**दुल्हन की खामोशी, चीखें कह रहीं**

### ऐसी कार्रवाई हो कि वे कांप जाएं



पहलगाम त्रासदी का चेहरा बनीं, उस नई नवेली दुल्हन , जो अपने पति के लाश के पास खामोशी से बैठी है। उसकी खामोशी चीखों से ज्यादा दर्दनाक है। सोशल मीडिया पर लाखों यूजर्स ने तस्वीरें शेयर कर कहा है कि इस हमले का जवाब ऐसा होना चाहिए, जिसकी गूंज पूरे विश्व में होऔर आतंकी अगली बार ऐसा करना तो दूरसोचने के पहले भी कांप जाए।

**सोशल मीडिया पर बोले लोग**

### अब निंदा का नहीं कार्रवाई का समय आ गया: श्री श्री



पहलगाम आतंकी हमले पर बोले श्री श्री रवि शंकर ने कहा है कि ये निंदा या आलोचना का समय नहीं है, ये बड़े एक्शन का समय है। अभी पूरे विश्व को एक साथ आना चाहिए और आतंकियों को उनकी असली जगह दिखानी चाहिए।

### आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता: रंगनाथन



वैज्ञानिक और लेखक आनंद रंगनाथन ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। इसीलिए पहलगाम के आतंकवादियों ने पर्यटकों के पहचान पत्र चेक किए, उनकी पैंट उतारी, उनसे कलमा पढ़ने को कहा और जो मुसलमान नहीं थे, उन्हें मार डाला। इतनी नफरत सीमा पार से नहीं आ सकती। यह एक ऐसी विचारधारा से आती है जो सीमाओं से परे है।

**यूजर्स बोले- हिंदू होना कसूर हो गया?:** कई सोशल मीडिया यूजर ने लिखा है कि चाहे आप मानें या न मानें, उनका कसूर सिर्फ इतना था कि वो एक हिंदू हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'जब तस्वीरें आत्मा को झकझोर दें और इंसानियत मरी हुई दिखाई दे, तब आह निकलती है अपने ही देश में हिंदू सुरक्षित नहीं है।

---

## चिकित्सकों पर बढ़ते हमलों से बचाने दिशा-निर्देश का अनुरोध

**पूर्व में ही गाइड लाइन दी गई प्रत्येक घटना को देखना असंभव**

# शीर्ष अदालत से प्रत्येक गतिविधि की निगरानी की उम्मीद नहीं करनी चाहिए

**कथित आत्महत्या की जांच सीबीआई से कराने का अनुरोध किया गया**

### स्त्री रोग विशेषज्ञ की आत्महत्या का मामला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने चिकित्सकों पर बढ़ते हमलों से उन्हें बचाने दिशा-निर्देश जारी करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि उससे हर काम करने और हर गतिविधि पर नजर रखने की उम्मीद नहीं की जा सकती।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने उच्चतम न्यायालय के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि संबंधित दिशा-निर्देश पहले ही निर्धारित किए जा चुके हैं और याचिकाकर्ता उचित वाद दायर करने के लिए स्वतंत्र हैं।

पीठ 2022 में दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें चिकित्सकों पर हमले के मामले बढ़ने का आरोप लगाया गया था और उनकी सुरक्षा के लिए व्यापक दिशा-निर्देश तैयार करने का अनुरोध किया गया था। एक याचिका में राजस्थान के दौसा में एक स्त्री रोग विशेषज्ञ की कथित आत्महत्या की जांच सीबीआई से कराने का अनुरोध किया गया है। राजस्थान में प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव के कारण एक मरीज की मौत के बाद भीड़ द्वारा कथित रूप से परेशान करने के बाद स्त्री रोग विशेषज्ञ ने आत्महत्या कर ली थी।

### सामान्य निर्देश कैसे दिए जा सकते हैं?



पीठ ने कहा कि यह काम संसद को करना है। ये सभी नीतिगत मामले हैं। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि चिंता की बात यह है कि देशभर के पुलिस थाने इलाज के दौरान दुर्भाग्यवश मरीजों की मौत हो होने पर चिकित्सकों के खिलाफ मामले दर्ज कर रहे हैं। पीठ ने पूछा कि सभी पुलिस थानों के खिलाफ इस तरह का आरोप कैसे लगाया जा सकता है? इसने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अपने पिछले फैसले में पहले ही दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं और निर्देशों का उल्लंघन अवमानना के समान होगा। पीठ ने कहा किसामान्य निर्देश कैसे दिए जा सकते हैं?

### शिक्षाविद अशोक के 'आपत्तिजनक' ट्वीट हटाने से इनकार किया

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शिक्षाविद अशोक स्वैन की उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें स्वैन ने अपने प्रवासी भारतीय नागरिकता कार्ड को रद्द करने के खिलाफ उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए एकल न्यायाधीश की टिप्पणियों को हटाने का अनुरोध किया था।

### दूसरी पीठ केस को खारिज नहीं कर सकती

शंकरनारायणन ने कहा कि अक्टूबर 2022 में नोटिस के अनुसार, चार राज्यों ने अपने जवाब दाखिल किए और उन्होंने याचिका की स्वीकार्यता पर कोई आपत्ति नहीं जताई। पीठ ने पूछा कि तो क्या एक बार नोटिस जारी होने के बाद दूसरी पीठ याचिका को खारिज नहीं कर सकती? यदि यह तुच्छ नहीं है तो यह परेशान करने वाली बात है। शंकरनारायणन ने कहा कि मुद्दे न तो परेशान करने वाले हैं और न ही तुच्छ। अनुरोध किया कि 4 राज्यों से जवाब आ चुके हैं, इसलिए उच्चतम न्यायालय इस मामले को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दे।

---

### अपमानजनक टिप्पणी महिला को 7 दिन कैद

मुंबई। बम्बई उच्च न्यायालय ने नवी मुंबई में एक आवासीय सोसाइटी के कुत्तों को खाना खिलाने वालों के पक्ष में आदेश पर अदालत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने पर महिला को आपराधिक अवमानना का दोषी ठहराया। अदालत ने विनीता श्रीनंदन को एक सप्ताह की साधारण कारावास की सजा सुनाई, इसके साथ ही 20,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया।

---

**एक देश, एक चुनाव**

## 17 मई से 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित राज्यों में रायशुमारी करेगी जेपीसी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



एक देश, एक चुनाव पर संयुक्त संसदीय समिति का राज्यों का दौरा तय हो गया है। आगामी 17 मई से शुरू होने वाला यह दौरा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राय संग्रह करेगा। संसदीय समिति की अध्यक्षता पीपी चौधरी कर रहे हैं और समिति को इसी वर्ष के बजट सत्र तक अपनी रिपोर्ट पेश करनी है।

यह प्रक्रिया न केवल लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ाएगी, बल्कि भारत के संघीय ढांचे और प्रशासनिक क्षमता को भी परखेगी। एक देश, एक चुनाव भारत में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने की अवधारणा है, जिसका उद्देश्य बार-बार होने वाले चुनावों के कारण होने वाले प्रशासनिक और आर्थिक बोझ को कम करना है। इस प्रस्ताव को लागू करने के लिए दो विधेयक लोकसभा और विधानसभाओं के एक साथ चुनाव (कार्यान्वयन) विधेयक, 2024, गत साल 17 दिसंबर को लोकसभा में पेश किए गए। समिति का दौरा 17 मई से शुरू होगा। सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा करने के लिए समिति के लिए कई महीनों का समय निर्धारित किया गया है।

## अखिलेश ने आतंकवादी हमले के बाद भाजपा पर 'आपदा में अवसर' ढूंढने का आरोप लगाया

**भाजपाइयों की संवेदना उन लोगों के प्रति शून्य है, जिन्होंने अपना जीवन खोया**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को भाजपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने भाजपा पर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद 'आपदा में अवसर' ढूंढने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पार्टी अपनी सत्ता के सिवा और किसी की सगी नहीं है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर की गई पोस्ट में भाजपा पर पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर 'बचकाना विज्ञापन' जारी करने का आरोप लगाया। भाजपा ने भी पलटवार करते हुए सपा पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। अखिलेश ने अपनी पोस्ट में कहा कि भाजपा ने जम्मू कश्मीर के बेहद दर्दनाक हादसे पर बचकाना विज्ञापन छापकर साबित कर दिया है कि भाजपाइयों की संवेदना उन लोगों के प्रति शून्य है, जिन्होंने अपना जीवन खोया है और जिनके परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियन्ता/सर्वे व निर्माण/उत्तर रेलवे, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली द्वारा कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | पलवल (आईआर) – न्यू पृथला (डब्ल्यू डी एफ सी) के बीच नई रेल लाइन कनेक्टिविटी का शेष कार्य। |
| 2 | कार्य निष्पादन की अवधि | 06 माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 5,18,35,552.80 |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 4,09,200.00 |
| 5 | कार्य पूरा करने की अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने के 06 माह के अन्दर। |
| 6 | रेलवे की वेबसाइट पर निविदा की बिक्री एवं उपलब्धता | निविदा दस्तावेज दिनांक 24.04.2025 से 08.05.2025 तक समय 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें। |
| 7 | निविदा अपलोड करने की दिनांक/समय | निविदाकर्ता दिनांक 24.04.2025 से 08.05.2025 समय 15:00 बजे वेबसाइट से अपलोड कर सकते हैं। |
| 8 | निविदा के खुलने की तिथि एवं समय | निविदा अपलोड करने के तुरन्त पश्चात् दिनांक 08.05.2025 को 15:00 बजे तक। |

निविदा संख्या: 288-W-BAL-WORK-PWL-PNUN Date/Time: 15.04.2025 1205/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **रवि पुत्रः** राजेश **पताः** मकान नंबर 2/18, कमल पुर श्री गणेश नगर बुराड़ी, दिल्ली, ने **FIR No. 023726/2017, U/s 379/411/34 IPC थानाः बुराड़ी दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 023726/2017, U/s 379/411/34 IPC थानाः बुराड़ी दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **रवि,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री पायल सिंगल**
**जेएमएफसी–09, कमरा नंबर 286, मध्य जिला तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5083/N/2025 (Court Matter)**

**जेल विभाग, हरियाणा**

**बेज नं. 03-06, सेक्टर-14, पंचकूला**

टेली. : 0172-2586721, ई-मेल : office_dg.prisons@hry.nic.in

**वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु सूचना**

जेल विभाग, हरियाणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई), भारत सरकार के नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिये राष्ट्रीय कार्यवाही योजना की स्कीम के तहत हरियाणा राज्य की 15 जेलों में 15 बिस्तर वाले नशामुक्ति केन्द्रों को प्रारम्भ करने की प्रक्रिया में है। पदों का विवरण, उनकी योग्यता और पारिश्रमिक निम्न प्रकार से हैं :-

| क्र. सं. | पदों का नाम | शैक्षणिक योग्यता और अनुभव | मासिक पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|
| 01. | प्रोजैक्ट कोऑर्डिनेटर | स्नातक सहित ऐसे केन्द्रों का प्रबंधन करने का न्यूनतम 3 वर्ष की अवधि का अनुभव अथवा ऐसे केन्द्रों को चलाने के लिये प्रदर्शनीय क्षमता और कम्प्यूटर्स का वर्किंग नॉलेज रखने वाले। | 30,000/- |
| 02. | काउंसलर/सामाजिक कार्यकर्ता/मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | किसी संकाय में स्नातक सहित क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव। उसके पास एनआईएसडी द्वारा डी-एडिक्शन काउंसलिंग में तीन माह के प्रशिक्षण कोर्स का एक प्रमाण-पत्र अवश्य होना चाहिए और अंग्रेजी के साथ-साथ एक क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए। | 25,000/- |
| 03. | नर्स/वार्ड ब्वॉय | नर्सों को ऑग्जीलियरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम) के रूप में क्वालीफाइड और किसी मान्यताप्राप्त सरकारी चिकित्सा संस्थान द्वारा प्रशिक्षित होना चाहिए। **वार्ड ब्वॉय हेतु :-** 8वीं कक्षा उत्तीर्ण अधिमानतः ऐसे केन्द्रों में अनुभवी। किसी आईआरसीए में नियुक्त वार्ड ब्वॉय को एनआईएसडी द्वारा प्रशिक्षित अवश्य होना चाहिए। | 20,000/- |
| 04. | सहकर्मी शिक्षक | साक्षर ; 1-2 वर्ष के परहेज सहित पूर्व-ड्रग यूजर, नशा करने वाली जनसंख्या के बीच कार्य करने के इच्छुक के साथ-साथ विशेषताएं जैसे संवेदना, संचार कौशल रखने वाला होना चाहिए। प्रशिक्षण प्राप्त करने का इच्छुक ; नशीली दवाओं का उपयोग करने, खरीदने, अथवा बेचने से परहेज रखने के लिये सहमत ; हानिकारक नशीली दवाओं का उपयोग और पुनरावर्तन के निषेध हेतु कार्य करने के लिये तैयार। | 10,000/- |

**वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि और स्थान** :- विभिन्न रिक्त अनुबंधात्मक पदों को भरने के लिये वॉक-इन-इंटरव्यू 02.05.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे सम्बन्धित जेलों में आयोजित किया जाएगा :-

| क्र. सं. | जेल का नाम | पद जिनके लिये वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। | पदों की सं. | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | सेंट्रल जेल, अम्बाला | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | एक वर्ष अथवा मुख्य कार्यालय के निर्देशानुसार जो भी पहले है |
| 02. | जिला जेल, कुरुक्षेत्र | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 02 | -उक्त- |
| 03. | जिला जेल, पानीपत | प्रोजैक्ट कॉर्डिनेटर | 01 | -उक्त- |
| | | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 02 | -उक्त- |
| | | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| 04. | जिला जेल, गुरुग्राम | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| 05. | जिला जेल, फरीदाबाद | प्रोजैक्ट कॉर्डिनेटर | 01 | -उक्त- |
| | | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| 06. | जिला जेल, झज्जर | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| 07. | जिला जेल, कैथल | नर्स / वार्ड ब्वॉय | 01 | -उक्त- |
| 08. | जिला जेल, जीन्द | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| 09. | जिला जेल, नारनौल | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| 10. | जिला जेल, सोनीपत | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |

**नियम एवं शर्तें ;**

1. आवेदकों को 02.05.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे उपरोक्त वर्णित जेलों में उपस्थित होने का परामर्श दिया जाता है। मूल दस्तावेजों को साक्षात्कार के दौरान चैक किया जाएगा और उसके पश्चात प्राप्त किसी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. साक्षात्कार में उपस्थित होने अथवा चयन और नियुक्ति के प्रस्ताव की स्वीकृति के पश्चात नियुक्ति के स्थान पर ज्वाइन करने के लिये उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।
3. आवश्यक योग्यताएं / अनुभव को पूरा करने मात्र से ही चयन की गारंटी नहीं दी जाती है। उम्मीदवारों की नियुक्ति के सम्बन्ध में चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा और इस सम्बन्ध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. उपरोक्त पद पूर्णतया अनुबंध आधार पर और उपरोक्त अवधि के लिये है।
5. चयनित उम्मीदवारों को कोई एचआरए / चिकित्सा दावा / परिवहन भत्ता इत्यादि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें** :- पात्र और इच्छुक आवेदकों को अपने विधिवत भरे हुये आवेदन प्रपत्र (प्रारूप संलग्न) और बायो-डेटा / रिज्यूमे / सीवी (नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ विधिवत चिपकाए हुये सहित) सहित मूल प्रमाण-पत्रों और साथ-साथ आयु, योग्यताओं, अंकतालिका, डिग्री, एमसीआई/स्टेट रजिस्ट्रेशन, श्रेणी और अनुभव प्रमाण-पत्र इत्यादि के समर्थन में सम्बद्ध दस्तावेजों की स्व-सत्यापित छायाप्रति का एक सैट और दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये उपरोक्त जेलों में 02.05.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे उपस्थित होना चाहिए।

पीआरडीएच-1277/11/83/2026/34116/88/7 दि. 23.04.25

**हस्ता/- उप अधीक्षक (प्रशा.), कृते महानिदेशक, जेल, हरियाणा**

# भारत का वृद्धि अनुमान घटा, 6.3 फीसदी रहने की संभावना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व बैंक ने बुधवार को वैश्विक आर्थिक कमजोरी और नीति अनिश्चितता के बीच चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को 0.4 प्रतिशत घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया।विश्व बैंक ने अपने पिछले अनुमान में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। विश्व बैंक ने अपने द्विवार्षिक क्षेत्रीय दृष्टिकोण में कहा कि भारत में वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि निराशाजनक रही, क्योंकि निजी निवेश में धीमी वृद्धि हुई तथा सार्वजनिक पूंजीगत व्यय सरकारी लक्ष्यों को पूरा नहीं कर सके।

विश्व बैंक के 'दक्षिण एशिया विकास अपडेट-टैक्सिंग टाइम्स' ने कहा, भारत में, वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत से वित्त वर्ष 2025/26 में 6.3 प्रतिशत तक वृद्धि दर धीमी होने की संभावना है, क्योंकि मौद्रिक सहजता और विनियामक सुव्यवस्थितता से निजी निवेश को होने वाला लाभ वैश्विक आर्थिक कमजोरी और नीति अनिश्चितता से प्रभावित हो सकता है।

## विश्व बैंक और एजेंसियों की रिपोर्ट




### भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश

*वैश्विक शुल्क युद्ध और अमेरिकी व्यापार नीति को लेकर अनिश्चितता के बीच, अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के वृद्धि अनुमानों में 0.5 प्रतिशत तक की कटौती की है। इसके बावजूद देश सबसे तेजी से बढ़ने वाली दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मंदी में फंसने, चीन की वृद्धि को भारी झटका लगने और वैश्विक स्तर पर देशों में आर्थिक गतिविधि धीमी पड़ने की संभावना के बावजूद अनुमान है कि भारत चालू वित्त वर्ष में 6.2-6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है।*

### आईएमएफ का अनुमान

अनिश्चित वैश्विक माहौल और व्यापार को लेकर भारी तनाव का हवाला देते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक ने 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि अनुमानों को घटाकर क्रमशः 6.2 प्रतिशत और 6.3 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ और विश्व बैंक ने जनवरी में कहा था कि चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 6.7 प्रतिशत रह सकती है। पिछले वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमानों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में भी देश की अर्थव्यवस्था इसी दर से बढ़ेगी।

### अन्य एजेंसियों का रिपोर्ट

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन ने मार्च में कहा था कि भारत की वृद्धि दर के पूर्वानुमान को 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह, फिच रेटिंग्स ने वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत और एसएंडपी ने 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। मूडीज एनालिटिक्स के मुताबिक 2025 में वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रह सकती है।

## खबर संक्षेप

### एसबीआई जनरल इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ हुआ दोगुना


**नई दिल्ली।** साधारण बीमा कंपनी एसबीआई जनरल इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 में दो गुना से अधिक बढ़कर 509 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक की अनुषंगी कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 240 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

### प्रमुख ब्याज दर में कटौती से निजी खपत, निवेश को मिलेगा बढ़ावा



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि नीतिगत में कटौती से निजी खपत को बढ़ावा मिलेगा और निजी कॉरपोरेट निवेश में सुधार होगा। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में मौद्रिक नीति समिति की बैठक में यह बात कही। इस दौरान उन्होंने और एमपीसी के पांच अन्य सदस्यों ने रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती के पक्ष में मतदान किया।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे टूटकर 85.44 पर बंद



**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और आयातकों की डॉलर मांग के कारण अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे टूटकर 85.44 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। राष्ट्रपति ट्रंप के मंगलवार को फेडरल रिजर्व के चेयरमैन, जेरोम पॉवेल के खिलाफ रुख में नरमी से बाजार को समर्थन मिला।
साथ ही ट्रंप ने चीन के विरुद्ध शुल्क कम करने की संभावना का भी संकेत दिया।



# सोना-चांदी 99,200 रुपये

- गोल्ड में 2,400 रुपए की गिरावट
- सिल्वर में 700 रुपए की चमक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 2,400 रुपए लुढ़ककर 99,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

एक दिन पहले यह रिकॉर्ड एक लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 1,800 रुपए उछलकर 1,01,600 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। स्थानीय बाजारों में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 3,400 रुपए की भारी गिरावट के साथ 98,700 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि एक दिन पहले यह 2,800 रुपए बढ़कर 1,02,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इस बीच, बुधवार को चांदी की कीमतें 700 रुपए बढ़कर 99,200 रुपए प्रति किलोग्राम हो गईं। इससे पिछले सत्र में चांदी 98,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर बंद हुई थी।



### ट्रंप का चीन पर रुख नरम होने से घटी कीमतें

अबंस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, 'राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन पर नरम रुख के बाद सुरक्षित निवेश की मांग कम होने से सोने की कीमतों में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद गिरावट आई। ट्रंप ने कहा है कि व्यापार युद्ध के दौरान चीनी वस्तुओं पर लगाए गए भारी शुल्क को जल्द ही काफी हद तक कम किया जाएगा।

# सेंसेक्स 80 हजार के पार, निफ्टी भी चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई


520 अंक की बीएसई सेंसेक्स में उछाल ▶ विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी लिवाली ▶ 7वें दिन भी मुनाफा में रही कंपनियां

शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार सातवें दिन तेजी जारी रही और प्रमुख शेयर सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 520 अंक उछलकर चार महीने में पहली बार 80,000 से ऊपर बंद हुआ। बाजार में तेजी की कमान आईटी और वाहन शेयरों ने संभाली। इस दौरान 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 520.90 अंक यानी 0.65 प्रतिशत बढ़कर 80,116.49 पर बंद हुआ। यह 18 दिसंबर के बाद इसका उच्चतम स्तर है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 658.96 अंक यानी 0.82 प्रतिशत बढ़कर 80,254.55 पर पहुंच गया था।एनएसई निफ्टी 161.70 अंक यानी 0.67 प्रतिशत बढ़कर 24,328.95 पर पहुंच गया।

विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली और सकारात्मक वैश्विक रुझानों ने भी बाजार धारणा को मजबूत किया। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक ने सबसे अधिक 7.72 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। इसके अलावा टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा स्टील, भारती एयरटेल और मारुति भी उल्लेखनीय बढ़त हुई। हाल में तेज बढ़त के बाद बैंक शेयरों में बिकवाली देखी गई और एचडीएफसी बैंक 1.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट भी नुकसान में रहे।

### 2,078 शेयर में बढ़त

बीएसई पर 2,078 शेयर बढ़कर बंद हुए और 1,873 में गिरावट हुई। इसके अलावा 155 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.35 प्रतिशत बढ़कर 68.35 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।



### 36.65 लाख करोड़ बढ़ी संपत्ति

नई दिल्ली। शेयर बाजार में सात दिन की तेजी से निवेशकों की संपत्ति 36.65 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। इस तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 36,65,542.83 करोड़ रुपये बढ़कर 4,30,47,876.05 करोड़ रुपये (5,040 अरब डॉलर) पहुंच गया है।

### मझोली कंपनियों का फायदा

इस दौरान मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.94 प्रतिशत चढ़ा और छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप सूचकांक में 0.26 प्रतिशत की तेजी आई। क्षेत्रवार बात करें तो बीएसई फोकस्ड आईटी में 4.25 प्रतिशत, आईटी में चार प्रतिशत, प्रौद्योगिकी में 3.10 प्रतिशत, वाहन में 2.34 प्रतिशत, रियल्टी में 1.37 प्रतिशत, उपभोक्ता विवेकाधीन वस्तुओं में 1.02 प्रतिशत और स्वास्थ्य देखभाल में 0.96 प्रतिशत उछाल आया। वित्तीय सेवाओं, बैंक और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में गिरावट हुई।

### गिरावट में एशियाई बाजार

*एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। चीन का शंघाई कम्पोजिट मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोप के बाजार दोपहर कारोबार में अच्छी तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार भी बढ़त के साथ बंद हुए।*

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

### पंजाब एण्ड सिंध बैंक गर्व के साथ सूचित कर रहा है कि केरल के त्रिशूर में नई शाखा खोली

*नई दिल्ली। पंजाब एण्ड सिंध बैंक को केरल के त्रिशूर में अपनी नई शाखा के भव्य उद्घाटन की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। बैंक की विकास यात्रा और ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने की प्रतिबद्धता में यह एक और मील का पत्थर साबित होगा।*



*उद्घाटन समारोह में वित्त मंत्रालय की उप महानिदेशक, सुश्री एम. जी. जयश्री, बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी,श्री स्वरूप कुमार साहा, महाप्रबंधक,श्री राजेश पांडे, क्षेत्र महाप्रबंधक, श्री विनोद पांडे और आंचलिक प्रमुख श्री राजीव कुमार बंसल मौजूद रहे।*



### पंजाब एण्ड सिंध बैंक ने वेव सिटी गाजियाबाद में ई-लॉबी का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** पंजाब एण्ड सिंध बैंक ने वेव सिटी, गाजियाबाद में आधुनिक ई-लॉबी के उद्घाटन के साथ डिजिटल बैंकिंग उत्कृष्टता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। नई लॉन्च की गई ई-लॉबी, विभिन्न उन्नत सुविधाओं से सुसज्जित है जिससे ग्राहक अपने वित्तीय लेनदेन को सहजता और स्वतंत्रता से निष्पादित सकते हैं। इस औपचारिक लॉन्च में बैंक के एमडी एवं सीईओ श्री स्वरूप कुमार साहा, महाप्रबंधक श्री मनोज कुमार, उप महाप्रबंधक श्री संजय दत्ता, आंचलिक प्रबंधक श्री महेश सभरवाल तथा अन्य बैंक कार्मिकों के साथ-साथ अनेक मूल्यवान ग्राहक भी उपस्थित थे। ग

# जेईई-मेन 2025 का परिणाम जारीएलन दिल्ली के वैभव को एआईआर-26, टॉप-1000 में 16 स्टूडेंट्स

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन अप्रैल-2025 के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट दिल्ली के स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। जोनल हेड व वाइस प्रेसीडेंट पंकज अग्रवाल ने बताया कि एलन दिल्ली के बेहतर परिणाम सामने आने लगे हैं। आल इंडिया रैंक 26 पर वन ईयर क्लासरूम स्टूडेंट वैभव वत्सल रहे। इसके साथ ही टॉप-500 में 6 स्टूडेंट शामिल हैं। टॉप-1000 में 16 स्टूडेंट्स ने जगह बनाई है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक स्कोर किया है तथा जेईई-एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया है। नेशनल रिज्लट्स में एलन के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि नेशनल रिजल्ट्स में टॉप-100 रैंक में एलन के 31 स्टूडेंट्स ने सफ़लता हासिल की। इनमें 300/300 अंक लाने वाले एलन कोटा क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा ने ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त की है। एनटीए की ओर से जारी परिणामों में ओवरऑल 100 परसेंटाइल स्कोर पर एलन कोटा के ओमप्रकाश बेहरा को आल इंडिया रैंक-1, सक्षम जिंदल ने एआईआर-10, अर्नव सिंह ने एआईआर-11, राजित गुप्ता ने एआईआर-16, मोहम्मद अनस ने एआईआर-17, लक्ष्य शर्मा-एआईआर-22 हासिल की है। एलन डिजिटल के ऑनलाइन लाइव क्लासरूम कोर्स के स्टूडेंट अरित्रों रॉय ऑल इंडिया रैंक 51 पर रहे। टॉप-100 में 31 स्टूडेंट्स एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से हैं। 25 क्लासरूम कोर्स से हैं तथा 6 स्टूडेंट्स डिस्टेंस लर्निंग व ऑनलाइन टेस्ट सीरीज़ के माध्यम से एलन से जुड़े हैं।




### मेघा इंजीनियरिंग को मिला 13 हजार करोड़ का ऑर्डर

नई दिल्ली। मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लि. ने बुधवार को कहा कि कंपनी को न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. से 700 मेगावाट के दो न्यूक्लियर रिएक्टरों की आपूर्ति के लिए लगभग 13,000 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नरवीर** पुत्र **देवराज** निवासी **ई-1/45, ई-ब्लॉक, अमन विहार, किराड़ी, सुलेमान नगर, दिल्ली** ने case **FIR No. 77/2020 U/s 12/9/55 Gambling Act, थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **नरवीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नरवीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 77/2020 U/s 12/9/55 Gambling Act, थाना राज पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नरवीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 02.06.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री इब्बानी अग्रवाल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03 (उत्तर पश्चिम)**
**कमरा नं. 107, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/5118/OD/2025(Court Matter)

### पोप फ्रांसिस को भावभीनी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। मुथुट ग्रुप के प्रबंधक निदेशक अलॅगजेंडर जार्ज मुथुट द्वारा रोमन कॅथोलिक चर्च के 266 पोप फ्रांसिस को उनके निधन पर श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर शोक व्यक्त करते हुए उन्होंने ने कहा कि मै मुथुट ग्रुप के सभी स्टाफ की और से उनको सामूहिक सवेदनाए प्रकट करता हूं। और ईश्वर से प्राथना करता हूं कि वह हमारे प्रिय पोप प्रिसंस पर कृपा बनाए रखे।




## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना विविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी गुरूग्राम | वर्ष 2025-26 के लिए फिरोजपुर झिरका निर्वाचन क्षेत्र (ग्रुप नं. 01) में 16 अदद सम्पर्क सड़कों की वार्षिक मरम्मत (रोड आईडी 9280, 9293, 8375, 6676, 1283, 9288, 9286, 1306, 8234, 8194, 9278, 1302, 8190, 1263, 4714, 1308) - 11 कार्य। | 18.04.2025 28.04.2025 | 2.47 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416087474 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34140/1/88/7 दि. 23.04.25

## शब्द पहेली - 5846




**बाएँ से दाएँ**
1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

### शब्द पहेली -5845 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | फ | ■ | ज | प | ■ | त | न | ■ | शा | न |
| प | त | न | ■ | ल | त | ■ | भ | ला | ■ | शा |
| ■ | वा | न | र | ■ | म | ल | ■ | ज | रा | ■ |
| फि | ■ | द | म | न | ■ | क | द | ■ | ज | न |
| दा | दा | ■ | ल | क | वा | ■ | म | स्त | ■ | ख |
| ■ | न | या | ■ | ल | च | क | ■ | र | थ | ■ |
| रा | ■ | क | ल | ■ | क | ल | म | ■ | ल | ब |
| ही | र | ■ | हू | र | ■ | ह | म | ल | ■ | ल |
| ■ | स | जा | ■ | जा | ल | ■ | ता | ड़ | ना | ■ |
| य | ■ | म | त | ■ | व | ध | ■ | ना | का | रा |
| म | य | ■ | ल | क्ष्य | ■ | न | ल | ■ | म | जा |






# पाकिस्तान से बंद हो खेल संबंध, सचिन-कोहली सहित खेल जगत ने जताया शोक

## पहलगाम आतंकी हमला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खेल जगत ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर शोक जताया है। वहीं, भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने पाकिस्तान के साथ खेल संबंध पूरी तरह समाप्त करने की मांग की है। मंगलवार को हुए इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई है जिसमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने भी इस हमले पर दुख जताया और पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी है।






'प्रभावित परिवार एक अकल्पनीय परीक्षा से गुजर रहे होंगे। भारत और दुनिया दुख की इस घड़ी में उनके साथ है। हम लोगों की मौत पर शोक मनाते हैं और न्याय के लिए प्रार्थना करते हैं।'

- सचिन तेंदुलकर



'जम्मू-कश्मीर में हुए दुखद हमले से दिल दहल गया है। पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं।'

-नीरज चोपड़ा



'पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के लिए मेरा दिल दुखता है। इतना दर्द। इतना नुकसान। कोई भी किसी भी कारण से ऐसी क्रूरता को उचित नहीं ठहरा सकता। पीड़ित परिवारों का दुख शब्दों से परे है, लेकिन आप अकेले नहीं हैं। हम आपके साथ हैं।'

- पीवी सिंधू



'पीड़ितों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना। जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उनके परिवारों को शांति और शक्ति मिले और उन्हें क्रूर कृत्य के लिए न्याय मिले, इसके लिए प्रार्थना करता हूं।'

-विराट कोहली



'निंदा पर्याप्त नहीं है, न्याय अवश्य होना चाहिए। हमारे दिलों में पहलगाम के लिए दर्द है। आतंक की कभी जीत नहीं होनी चाहिए। पहलगाम हमले में प्रभावित सभी लोगों के लिए प्रार्थना।'

- पीआर श्रीजेश



'धर्म के नाम पर निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना और उनकी हत्या करना पूरी तरह से बुराई है। यह कैसी लड़ाई है जहां इंसान की जान की कोई कीमत ही नहीं है। मुझे उम्मीद है कि यह पागलपन जल्द ही खत्म होगा और इन आतंकवादियों को दंडित किया जाएगा।'

- मोहम्मद सिराज



'पहलगाम आतंकी हमला उन खतरों की दिल दहला देने वाली याद दिलाता है जिनका हम सामना कर रहे हैं। मेरी प्रार्थनाएं उन आत्माओं और उनके परिवारों के साथ हैं जिन्हें हमने खो दिया। डर फैलाने वाले जान लें कि भारत एकजुट है, और न्याय होगा। जय हिंद।'

- साइना नेहवाल

## खास खबर

### राहुल निराशाजनक प्रदर्शन से आगे बढ़े



**नई दिल्ली।** दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को लगता है कि लोकेश राहुल लखनऊ सुपर जाइंट्स में पिछले सत्र के निराशाजनक प्रदर्शन से आगे बढ़ चुके हैं और मानसिकता में बदलाव से ना केवल उन्हें अपनी नई आईपीएल फ्रेंचाइजी में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिली है बल्कि इससे वह भारतीय टीम के लिए भी मजबूत खिलाड़ी बनेंगे। राहुल ने मंगलवार को सत्र का तीसरा अर्धशतक जड़ा और लखनऊ में अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपनी नई टीम दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से शानदार जीत दिलाई।

### भविष्य की योजना भारत के लिए खेलना

**लखनऊ।** दिल्ली कैपिटल्स के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल देश के किसी भी अन्य क्रिकेटर की तरह भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व करने की इच्छा रखते हैं। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 36 गेंदों में 51 रन बनाकर दिल्ली को मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स पर आठ विकेट से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पोरेल ने कहा, 'मैं अपनी हर पारी का आनंद ले रहा हूं, हर पारी में बेहतर बनने की कोशिश कर रहा हूं। भविष्य की योजना भारत के लिए खेलना, लंबे समय तक देश के लिए खेलना है। लेकिन वर्तमान में मेरा पूरा ध्यान आईपीएल ट्रॉफी जीतने पर है।'

### हम कभी घबराते नहीं, यह सिर्फ खेल

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपरकिंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन ने कहा कि एक फ्रेंचाइजी के तौर पर चेन्नई सुपरकिंग्स कभी नहीं घबराती और मौजूदा आईपीएल सत्र में पांच बार की चैंपियन के साधारण प्रदर्शन के बावजूद चिंता की कोई बात नहीं है। सुपरकिंग्स ने मौजूदा सत्र में लगातार पांच मैच गंवाए हैं और टूर्नामेंट में अपने आधे से ज्यादा मुकाबले खेलने के बाद आठ मैच में छह हार के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे है। बल्लेबाजी विभाग में उनके पास दमखम की कमी है और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की चोट के कारण अनुपस्थिति ने टीम के लिए स्थिति और खराब कर दी है।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| मुंबई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 3 | 10 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 |
| राजस्थान | 8 | 2 | 6 | 4 |
| हैदराबाद | 8 | 2 | 6 | 4 |
| चेन्नई | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

## आईपीएल : बोल्ट ने चार विकेट झटके, बने मैन ऑफ द मैच

# रोहित की शानदार पारी से मुंबई ने हैदराबाद को सात विकेट से हराया

भाषा ▶▶| हैदराबाद



रोहित शर्मा (70) के लगातार दूसरे अर्धशतक की मदद से मुंबई इंडियंस ने बुधवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया। मुंबई इंडियंस की यह लगातार चौथी जीत है जिसके बाद टीम अंकतालिका में छठे से तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। सनराइजर्स हैदराबाद के आठ विकेट पर 143 रन के जवाब में मुंबई ने 15 . 4 ओवर में तीन विकेट पर 146 रन बनाए। रोहित ने 46 गेंद में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 70 रन की पारी खेली। सूर्यकुमार यादव ने 19 गेंद में नाबाद 40 रन बनाए जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे।

रोहित ने तीसरे ओवर में पैट कमिंस की आफ कटर पर डीप स्क्वेयर लेग के ऊपर से छक्का और फिर चौका लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिये थे। इंपैक्ट सब्स्टीट्यूट के रूप में खेल रहे रोहित ने हालात को बखूबी पढ़ा और उसके अनुसार खेला। उन्होंने जयदेव उनादकट को कवर के ऊपर दूसरा छक्का लगाया। इससे पहले हेनरिक क्लासेन के 44 गेंद में 71 और अभिनव मनोहर के 43 रन की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने खराब शुरूआत से उबरते हुए आठ विकेट पर 143 रन बनाए। सनराइजर्स की शुरूआत बहुत खराब रही और उसके पांच विकेट सिर्फ 35 रन पर गिर गए थे। इसके बाद क्लासेन ने पारी को संभाला। दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज ने 44 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए। उन्होंने इंपैक्ट सब्स्टीट्यूट अभिनव के साथ 99 रन की साझेदारी की। अभिनव ने 37 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों के साथ 43 रन बनाए। अंकतालिका में नीचे से दूसरे स्थान पर काबिज सनराइजर्स का शीर्षक्रम सपाट और कठोर विकेट पर टिक नहीं सका। सनराइजर्स के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों ने पूरी तरह निराश किया। ईशान किशन (एक) ने मैदान से जाने का फैसला किया जबकि गेंद उनके बल्ले को छूकर विकेटकीपर के हाथ में नहीं गई थी। दीपक चाहर की गेंद लेग साइड के बाहर से जा रही थी जिसे अंपायर ने वाइड करार दिया। लेकिन किशन को वापिस जाते देख उन्होंने ऊंगली उठा दी । गेंदबाज या विकेटकीपर रियान रिकेलटन ने अपील भी नहीं की थी। ट्रेविस हेड (0) ने ट्रेंट बोल्ट की आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर थर्ड मैन में नमन धीर को कैच थमाया। अभिषेक शर्मा (आठ) ने छक्के के साथ शुरूआत की लेकिन बोल्ट की गेंद पर विग्नेश पुथुर को कैच दे बैठे। वहीं नीतिश कुमार रेड्डी ने चाहर की गेंद पर मिडआन में मिचेल सेंटनेर को कैच थमाया।

### रॉयल चैलेंजर्स को घर में पहली जीत की तलाश, अब तक तीन मैचों में मिली हार

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीगके मैच में जब राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगा तो उसका लक्ष्य अपने घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने रिकॉर्ड में सुधार करना होगा। आरसीबी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में उसे हार का सामना करना पड़ा है। आरसीबी ने देश के अन्य स्थानों पर अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन अपने घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन के कारण उसको नुकसान हो रहा है। आरसीबी के बल्लेबाज अजीब तरह के दबाव में नजर आ रहे हैं जबकि उसके गेंदबाज भी यहां की पिच से सामंजस्य नहीं बिठा पा रहे हैं। यहां की पिच धीमी है और आरसीबी के बल्लेबाज उस पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। वह इस दुविधा में नजर आते हैं कि संभलकर खेला जाए या फिर आक्रामक रवैया अपनाया जाए। इसका सबूत यहां टीम का स्कोर है। आरसीबी की टीम अभी तक यहां आठ विकेट पर 169 रन, सात विकेट पर 163 रन और नौ विकेट पर 95 रन (14 ओवर में) ही बना पाई है। अन्य स्थानों पर उन्होंने प्रति ओवर 9-10 रन बनाए हैं, लेकिन यहां यह दर गिरकर 7-8 रन प्रति ओवर हो गई है।

### श्रीलंकाई महिला वनडे टीम में कई बदलाव



**कोलंबो।** श्रीलंका ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के लिए बुधवार को 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें कई बदलाव किए गए हैं। मार्च में न्यूजीलैंड से 0-2 से श्रृंखला हारने के बाद से श्रीलंका ने अपनी टीम में आठ बदलाव किए हैं। अनुभवी चमारी अटापट्टू टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगी, जबकि तेज गेंदबाज मल्की मदारा को पहली बार वनडे में टीम में शामिल किया गया है। विशमी गुणरत्ने, नीलाक्षी सिल्वा, हासिनी परेरा, पियमी वाथसाला, देवमी विहंगा, इनोका राणावीरा और हंसिमा करुणारत्ने ने भी टीम में वापसी की है।

## खबर संक्षेप

### गिलेस्पी को पारिश्रमिक से वंचित नहीं किया गया



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि पिछले साल दिसंबर में पाकिस्तान की टेस्ट टीम के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा देने वाले ऑस्ट्रेलियाई जेसन गिलेस्पी को उनके पारिश्रमिक से वंचित नहीं किया गया है, जैसा कि मीडिया में आई खबरों में दावा किया जा रहा है। मीडिया में आ रही खबरों में कहा गया है कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से संपर्क किया था और कथित बकाया भुगतान के लिए कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहे थे, इन पर प्रतिक्रिया देते हुए पीसीबी के एक सूत्र ने कहा कि बोर्ड ने 'अनुबंध संबंधी दायित्वों से हटकर कुछ नहीं किया' है।

### वनडे विश्व कप क्रिकेट का ओलंपिक : वॉ

**मैड्रिड।** एक दिवसीय क्रिकेट की प्रासंगिकता पर छिड़ी बहस के बीच आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने कहा है कि इस प्रारूप का महत्व कभी खत्म नहीं होगा क्योंकि विश्व कप क्रिकेट का ओलंपिक है। लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार से इतर यहां चुनिंदा मीडिया से बातचीत में वॉ ने कहा कि छोटे प्रारूपों के दबाव के बावजूद वनडे क्रिकेट बना रहेगा और यह 2023 विश्व कप की 'व्यूअरशिप' से साबित है। उन्होंने कहा, 'हर किसी को लगता है कि वनडे क्रिकेट नहीं बचेगा लेकिन विश्व कप है ना जिसकी रेटिंग काफी ऊंची है और उसे लोग पसंद करते हैं। विश्व कप के बाद फिर इसमें रूचि कम हो जाती है और फिर बढ़ती है।

### विथ्या का 400 मीटर बाधा दौड़ में रिकॉर्ड बेहतर



**कोच्चि।** एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता विथ्या रामराज ने राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 400 मीटर बाधादौड़ में स्वर्ण पदक जीता और प्रतिस्पर्धा का रिकॉर्ड भी दुरुस्त किया। तमिलनाडु की 26 वर्ष की विथ्या ने 56.04 सेकंड का समय निकाला। पिछला रिकॉर्ड सरिताबेन गायकवाड़ के नाम था जिन्होंने 2019 में पटियाला में 57.21 सेकंड का समय निकाला था। थ्या ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा निर्धारित एशियाई चैम्पियनशिप का 57 . 80 सेकंड का क्वालीफाइंग आंकड़ा भी छुआ ।

## द्रविड़ का अनुमान

# टीमें और खिलाड़ी नए होने से घरेलू मैदान का फायदा नहीं



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बुधवार को कहा कि खिलाड़ियों के नई टीमों से जुड़ने और मैदान के हालात की अधिक जानकारी नहीं होने से टीमें आईपीएल के इस सत्र में घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा नहीं मिलने की बात कर रहीं हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, चेन्नई सुपर किंग्स, लखनऊ सुपर जाइंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी कई टीमों ने अपने घरेलू मैदान पर पिचों को लेकर असंतोष जताया है। द्रविड़ ने आरसीबी के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'यह मैदान पर निर्भर करता है। मैं नहीं जानता कि टीमें अपने क्यूरेटर से क्या चाहती हैं। मेगा नीलामी के बाद टीमें नई भी हैं। नीलामी के बाद पहले साल कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो उन मैदानों पर पहली बार खेल रहे हैं। मसलन फिल साल्ट केकेआर के साथ था और यहां पहली बार आरसीबी के लिए खेला है। हमारी टीम में नीतिश राणा नया है जो इसी साल से हमसे जुड़ा है। उसके लिए जयपुर नया मैदान है।'

### सत्र बढ़ने के साथ होंगे अनुभवी

द्रविड़ ने कहा कि सत्र आगे बढ़ने के साथ खिलाड़ी खुद को मैदानों के अनुरुप ढाल लेंगे। उन्होंने कहा, 'जब बड़ी नीलामी होती है तो टीम बदलती है और घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा उतना अहम नहीं होता। बाद में खिलाड़ियों को अभ्यास और अधिक खेलने के साथ यह थोड़ा अहम लगने लगेगा।'

### यूएस ओपन पिकलबॉल में खेलेंगे आंद्रे अगासी



**नेपल्स।** अपने जमाने के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी आंद्रे अगासी ने अपने आठ ग्रैंड स्लैम खिताबों में से दो यूएस ओपन में जीते और अब वह इसी नाम से एक अलग तरह की रैकेट स्पर्धा में खेलते हुए नजर आएंगे। अगासी ने फ्लशिंग मीडोज में अपना आखिरी मैच खेलने के बाद 2006 में पेशेवर टेनिस से संन्यास ले लिया था। वह अगले सप्ताह नेपल्स, फ्लोरिडा में यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में मिश्रित प्रो डिवीजन में किशोरी अन्ना लेह वाटर्स के साथ जोड़ी बनाकर प्रतिस्पर्धा करेंगे। अगासी अगले सप्ताह 55 वर्ष के हो जाएंगे। उन्होंने 1994 और 1999 में टेनिस यूएस ओपन जीता था।




### काली पट्टी बांधकर उतरे खिलाड़ी

इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के मैच में खिलाड़ी और अंपायर काली पट्टी पहनकर मैदान में उतरे। दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ये फैसला लिया गया है। ये बदलाव पहलगाम में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए किया गया है।

### रूद्राक्ष और पांच अन्य सेमीफाइनल में पहुंचे

**अम्मान।** रूद्राक्ष सिंह खाइदेम (46 किलो) समेत भारत के सभी छह मुक्केबाज बुधवार को एशियाई अंडर 15 और अंडर 17 मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए। रूद्राक्ष ने किर्गीस्तान के ऐदार मुसाएव को 3-0 से हराया। लड़कों के अंडर 15 वर्ग में हरसिल (37 किलो) और संचित जयानी (49 किलो) ने 5-0 से जीत दर्ज की। संस्कार विनोद अतराम (35 किलो) ने 4-1 से मुकाबला जीता। परीक्षित बलहारा (40 किलो) ने मंगोलिया के अखमितखान नूरसलियेम को 3-2 से मात दी। लड़कियों के अंडर 15 वर्ग में मिल्की मेनाम (43 किलो) ने कजाखस्तान की येलदाना अब्दीगनी को 5-0 से हराया।

## बांग्लादेश घर में हुआ उलटफेर का शिकार, तीन विकेट से मिली हार

# जिम्बाब्वे ने विदेशी जमीन पर 7 साल बाद चखा जीत का स्वाद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम ने बड़ा उलटफेर करते हुए बांग्लादेश को उनके घर पर में पहले टेस्ट में तीन विकेट से मात दी। इसके साथ ही मेहमान टीम ने 2 मैचों की सीरीज में बढ़त भी बना ली है। जिम्बाब्वे ने 2018 के बाद पहली बार घर से बाहर पहला टेस्ट मैच जीता है। इस मैच में बांग्लादेश के मोमिनुल हक ने खास रिकॉर्ड बनाया।

वह टेस्ट में बतौर फील्डर सबसे ज्यादा कैच (41) लेने वाले बांग्लादेशी प्लेयर बने। इस मामले में उन्होंने मेहदी हसन मिराज के 40 कैच को पीछे छोड़ दिया है। इतना ही नहीं मेहदी हसन मिराज ने बांग्लादेश के लिए टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा 10 विकेट (3 बार) लेने के तैजुल इस्लाम के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। हालांकि, इन 2 रिकॉर्ड की बाद भी बांग्लादेश को हार मिली।



### मुजाराबानी ने दूसरी पारी में झटके छह विकेट

मुकाबले की बात करें तो बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। पहली पारी में मेजबान टीम 191 रन पर ढेर हो गई। जिम्बाब्वे ने पहली पारी में 273 रन बनाए और 82 रन की बढ़त हासिल की। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 255 रन बनाए और जिम्बाब्वे को जीत के लिए 174 रन का टारगेट दिया। बांग्लादेश की दूसरी पारी में ब्लेसिंग मुजाराबानी ने 6 सफलताएं प्राप्त कीं। 174 के टारगेट को जिम्बाब्वे ने 50.1 ओवर में 7 विकेट खोकर चेज कर लिया। ब्रायन बेनेट ने 54 और बेन कुरेन ने 44 रन ठोके। वहीं मेहदी हसन मिराज ने दूसरी पारी में 5 शिकार किए।

राजधानी में आयोजित किए गए अर्जन सिंह स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए बोले राजनाथ सिंह

# आतंकवाद बर्दाश्त नहीं, पर्दे के पीछे छिपे गुनहगारों को जल्द मिलेगा माकूल जवाब

- पहलगाम आतंकी हमले पर रक्षा मंत्री की दो टूक...
- राजनाथ ने 25-26 अप्रैल का रद्द किया लद्दाख का दौरा
- उच्च-स्तरीय बैठक से की जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की बेहद तीखी प्रतिक्रिया सामने आई। जिसमें उन्होंने जोरदार अंदाज में आतंकवाद के खिलाफ भारत की 'जीरो टालरेंस' की नीति के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि भारत जैसे विशाल भौगोलिक आकार और प्राचीन सभ्यता वाले देश को आतंकी गतिविधियों से डराया नहीं जा सकता है। पहलगाम हमले का जवाब इसके जिम्मेदार लोगों को आने वाले कुछ ही समय में पुरजोर अंदाज में दिया जाएगा। देश का प्रत्येक नागरिक इस कायरतापूर्ण हरकत के खिलाफ एकजुट है। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर यह स्पष्ट कर दिया कि सरकार केवल इस हमले के जिम्मेदार लोगों तक ही नहीं पहुंचेगी। बल्कि हम परदे के पीछे छिपकर हिंदुस्तान की सरजमीं पर ऐसे नापाक हमलों के साजिशकर्ताओं को भी नहीं बख्शेंगे। उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि घटना के मद्देनजर सरकार हर जरूरी और उपयुक्त कदम उठाएगी। यह जानकारी रक्षा मंत्री ने राजधानी में आयोजित किए गए अर्जन सिंह स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए दी। पहलगाम आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की दर्दनाक मौत हो गई है।

## मृतकों के परिजनों के प्रति प्रकट की संवेदनाएं

राजनाथ ने हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की और कहा कि इस दुखद समय में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि धर्म को निशाना बनाते हुए आतंकियों द्वारा किए गए इस कायरतापूर्ण हमले में हमारे देश ने अनेक निर्दोष नागरिकों को खोया है। इस घोर अमानवीय कृत्य ने हम सभी को गहरे शोक और दर्द में डुबो दिया है। परखी जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति वहीं, इस कार्यक्रम से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के मौजूदा सुरक्षा हालात की समीक्षा करने के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक की। जो कुल करीब ढाई घंटे तक चली और उसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेनाप्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी.सिंह, नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि एनएसए और अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने रक्षा मंत्री को केंद्रशासित प्रदेश के सुरक्षा हालात के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने खासतौर पर जम्मू-कश्मीर के मौजूदा सूरते हाल और वहां पर बनी हुई सेना की तैनाती व तैयारियों के बारे में बेहद विस्तार से रक्षा मंत्री को अवगत कराया। राजनाथ सिंह ने सीडीएस समेत तीनों सेनाप्रमुखों को हाईअलर्ट पर रहते हुए चौबीसों घंटे देश की सरहदों की निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने आतंकवाद के समूल नाश के लिए चलाए जा रहे सेना के अभियानों में तेजी बनाए रखने पर भी जोर दिया।

### राजनाथ ने रद्द किया लद्दाख का दौरा

*रक्षा मंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर अपना लद्दाख का दो दिवसीय दौरा रद्द कर दिया है। पहले वह 25 से 26 अप्रैल तक लद्दाख की यात्रा करने वाले थे।*

### अर्जन सिंह के योगदान को सराहा

उन्होंने मार्शल ऑफ द इंडियन एयरफोर्स अर्जन सिंह के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि जो विजन और मूल्य उन्होंने हमें प्रदान किए। वह वायुसेना के व्यावसायीकरण और प्रदर्शन में साफ दिखाई पड़ते हैं। आज अगर हमारी वायुसेना दुनिया की सशक्त वायुसेनाओं में से एक है तो उसके पीछे कहीं न कहीं उनके विजन का अहम योगदान है। इतिहास में विरले ही ऐसे लोग होते हैं जो न केवल इतिहास का हिस्सा होते हैं। बल्कि इतिहास बनाते भी हैं। अर्जन सिंह जी उनमें से एक थे। 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में उनकी भूमिका से हम सब परिचित हैं। ये उनके दूरदर्शी नेतृत्व का ही कमाल था कि वायुसेना ने महज एक घंटे के अंदर दुश्मन के खिलाफ जवाबी हमला बोल दिया। वह आज भी बल और हमारे युवाओं के लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि वायुसेना को हर लिहाज से मजबूती प्रदान की जाए।

### भारत ने हमेशा अपनाई स्वतंत्र संप्रभु नीति

उन्होंने कहा, कुछ वर्ष पहले तक वैश्विक सुरक्षा को विभिन्न खेमों में बंटा हुआ देखा जाता था। उसी के हिसाब से हमारी सुरक्षा नीति भी प्रभावित होती रहती थी। हालांकि भारत का हमेशा से एक सकारात्मक रुख रहा है। जिसमें वह कभी किसी गुट या खेमे का सदस्य नहीं रहा। हमने हमेशा अपनी संप्रभुता और स्वतंत्र नीति का निर्माण करने के साथ ही उसे अपनाया भी है। वर्तमान में दुनिया में व्यापक नजरिए से देखने पर कई सारे परिवर्तन नजर आते हैं। बीते कुछ वर्षों की बात की जाए तो ये बहुत अधिक तेजी से हुए हैं। इनमें एक ओर कई पुरानी सुरक्षा व्यवस्थाओं में तनाव दिख रहा है। तो दूसरी तरफ कुछ नए-नए सामरिक गठबंधन बनते हुए भी दिखाई दे रहे हैं।

### आईपीआर बेहद अहम क्षेत्र

रक्षा मंत्री ने कहा कि 21वीं सदी को एशिया की सदी कहा जाता है। जो क्रास एटलांटिक पावर इक्वेजन से हटकर एशिया में हमारे नजदीक आ गई है। हिंद प्रशांत क्षेत्र (आईपीआर) वर्तमान में सामरिक दृष्टिकोण से दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र बनकर उभरा है। इस परिवर्तन का सीधा संबंध हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ है। युद्ध के दौरान अब अधिक अनिश्चितता और घातकता देखने को मिल रही है।

### भू-सामरिक अनिश्चितताओं ने बढ़ाई टेंशन

उन्होंने कहा कि भू-सामरिक स्थिति में हो रहे बदलावों का हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ जितनी प्रत्यक्ष रुचि आज है, उतनी पहले कभी नहीं थी। यह भू-सामरिक अनिश्चितताएं हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष जो चुनौतियां ला रही हैं और उनका मुकाबला कैसे करना है? यह आज हमारे सामने एक प्रमुख मुद्दा है। सरकार के इस दिशा में प्रयास जारी हैं।



भारत ने सऊदी अरब रणनीतिक भागीदारी परिषद की दूसरी बैठक की सह-अध्यक्षता की

पीएम मोदी की यात्रा से रक्षा और ऊर्जा सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

# व्यापार, निवेश सहित अन्य क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग पर संतोष व्यक्त किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और सऊदी अरब ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मध्य पूर्वी देश की राजकीय यात्रा के दौरान दो नई मंत्रिस्तरीय समितियों- एक रक्षा सहयोग के लिए और दूसरी पर्यटन और संस्कृति के लिए- को जोड़कर अपनी द्विपक्षीय रणनीतिक भागीदारी परिषद का विस्तार किया है। हालांकि, पहलगाम आतंकी हमले के कारण यह यात्रा बीच में ही समाप्त करनी पड़ी और पीएम मोदी को वापस भारत लौटना पड़ा।

इससे पहले भारत ने भारत-सऊदी अरब रणनीतिक भागीदारी परिषद की दूसरी बैठक की सह-अध्यक्षता की और रक्षा, ऊर्जा, व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। बुधवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, परिषद में अब चार मंत्रिस्तरीय समितियां शामिल हैं, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते जुड़ाव को दर्शाती हैं।

### द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि का स्वागत किया

दोनों पक्षों ने अगली रणनीतिक भागीदारी परिषद की बैठक पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथि पर आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि का स्वागत किया, जिसमें भारत अब सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और सऊदी अरब भारत का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। इसी के साथ ही उन्होंने भारत-जीसीसी मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत में तेजी लाने पर सहमति जताई और स्वास्थ्य, अंतरिक्ष, डाक सेवाओं और डोपिंग रोधी सहयोग को कवर करने वाले कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।

### कच्चे तेल की आपूर्ति और रिफाइनिंग पर बनी सहमति

दोनों नेताओं ने 'सदा तनसीक' और 'अल मोहम्मद अल हिंदी' जैसे संयुक्त अभ्यासों और हाल ही में तीनों सेनाओं के बीच स्टाफ स्तर की वार्ता की शुरुआत की सराहना की। रक्षा पर मंत्रिस्तरीय समिति की शुरुआत और रक्षा उद्योग संबंधों को बढ़ाने पर जोर रणनीतिक सहयोग में मील का पत्थर साबित हुआ। ऊर्जा के क्षेत्र में, दोनों देशों ने सहयोग को मजबूत करने पर जताई सहमति ऊर्जा के क्षेत्र में, दोनों देशों ने तेल, नवीकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन में सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई। उल्लेखनीय है कि बिजली इंटरकनेक्शन परियोजना पर एक संयुक्त अध्ययन चल रहा है। उन्होंने कच्चे तेल की आपूर्ति, रिफाइनिंग, ग्रिड सुरक्षा और ऊर्जा दक्षता पर मिलकर काम करने पर भी सहमति जताई।

### पेरिस जलवायु समझौता लागू करेंगे

जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में, दोनों पक्षों ने जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन और पेरिस समझौते के सिद्धांतों का पालन करने के महत्व और स्रोतों के बजाय उत्सर्जन पर ध्यान केंद्रित करने वाले जलवायु समझौतों को विकसित करने और लागू करने की आवश्यकता की पुष्टि की। बयान में कहा गया है कि भारत ने सऊदी द्वारा 'सऊदी ग्रीन इनिशिएटिव' और 'मिडिल ईस्ट ग्रीन इनिशिएटिव' की शुरुआत की सराहना की और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में किंगडम के प्रयासों के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया।

पहलगाम हमले की वजह से लिया फैसला

# वेंस का जयपुर में सिटी पैलेस दौरा रद्द, 3 घंटे आगरा में बिताए, आज करेंगे वापसी

एजेंसी ▶▶ जयपुर



अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सपरिवार चार दिन (21 अप्रैल से 24 अप्रैल) की भारत यात्रा पर हैं। बुधवार को उन्हें जयपुर के सिटी पैलेस जाना था, लेकिन यह दौरा रद्द कर दिया गया है। दौरा रद्द करने का कोई कारण नहीं बताया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि पहलगाम आतंकी हमले की वजह से यह फैसला लिया गया। इससे पहले बुधवार सुबह वेंस और उनके परिवार से आगरा में ताजमहल देखा। करीब 3 घंटे आगरा में बिताने के बाद वे जयपुर लौट आए। फिलहाल वेंस और उनका परिवार रामबाग पैलेस होटल में हैं। वे गुरुवार सुबह साढ़े 6 बजे वॉशिंगटन रवाना होंगे।

### पत्नी उषा ने 2 किलो मिठाई खरीदी



*जेडी वेंस की पत्नी उषा चिलुकुरी बुधवार दोपहर को अचानक जयपुर के टोंक रोड स्थित रावत मिष्ठान भंडार पहुंचीं। यहां उन्होंने कई तरह की मिठाइयां खरीदीं और प्याज कचौरी व दाल कचौरी का स्वाद चखा। वे मिठाई की शॉप से करीब 2 किलो मिठाई भी लेकर गई हैं। इसमें आधा किलो काजू तरबूज, 250 ग्राम काजू-बादाम, पिस्ता से बने ठंडाई लड्डू, 250 ग्राम शहद से बने हनी लड्डू और एक किलो मैंगो, स्ट्रॉबेरी और नार्मल फ्लेवर वाली काजू कतली लेकर गई हैं। रावत मिष्ठान भंडार के जनरल मैनेजर जीएल मीणा ने बताया कि इस दौरान भुदेव देवड़ा और आज्ञा देवडा ने ऊषा वेंस का स्वागत भी किया।*

### भारतीय परिधान में दिखे बच्चे

आगरा में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का परिवार भारतीय परिधान पहना हुआ दिखाई दिया। वेंस के दोनों बेटे पारंपरिक कुर्ता पायजामा पहने हुए थे। आगरा में विमान से उतरते हुए सबसे आगे जेम्स डेविड वेंस की पत्नी ऊषा वेंस अपनी बच्ची की उंगली पकड़कर आगे बढ़ीं। यहां पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने वेंस और उनके परिवार को बुके देकर स्वागत किया।

पहलगाम आतंकी हमला मामला

# ट्रंप ने की पीएम मोदी से बात बोले- हर संभव मदद को तैयार



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार सुबह पीएम नरेंद्र मोदी से बात की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी को फोन किया और जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले में निर्दोष लोगों की मौत पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति ट्रंप ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और इस जघन्य हमले के दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए भारत को पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। भारत और अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक साथ खड़े हैं। ट्रंप ने हमले की निंदा की और कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है और उन्होंने हर संभव समर्थन की पेशकश की।

दुनिया भर से मिल रहा समर्थन

### मुश्किल वक्त में भारत के साथः ऑस्टेलिया पीएम

ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथोनी एल्बनीज ने पीएम नरेंद्र मोदी से बातचीत की। उन्होंने कहा कि मैंने जम्मू-कश्मीर हमले में मारे गए लोगों की प्रति अपनी संवेदनाएं जाहिर कीं। उन्होंने कहा कि बेगुनाहों की हत्या की इस घटना ने पूरी दुनिया को हिला दिया है। इस मुश्किल वक्त में मैं भारत के हूं।

### हम भारत के संग मजबूती से खड़ेः भूटान पीएम

भूटान के पीएम दाशो शेरिंग टोबगे ने पहलगाम में हुए अटैक पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि मंगलवार को पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के पीड़ितों और प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना और प्रार्थनाएं। भूटान इस तरह के क्रूर आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा करता है और एकजुटता और मित्रता के साथ भारत सरकार और लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।

**हम सभी तरह के आतंकवाद के विरोध मेंः चीनी राजदूतः** चीन के राजदूत फेइहांग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि पहलगाम में हुए हमले से स्तब्ध हूं और इसकी निंदा करता हूं। पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना और घायलों तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक सहानुभूति। सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करते हैं।



EAST DELHI: BINSAR TVS: Babbarpur - 9899000046 Zero Pusta, Shastri Park - 9990777049 BAJWA TVS: Krishna Nagar - 9354867171 S D TVS: Dilshad Garden - 9999560606 G.K. TVS: Laxmi Nagar - 7042002075 NORTH DELHI: MAPL TVS: GTK Azadpur - 9560610222 SKYLINE TVS:GTK Jahangirpuri 9667262236 MCR TVS: Saraswati Vihar - 8860042041 Mangolpuri - 7827713308 SABHARWAL TVS: Rithala - 8588869151 SOUTH DELHI: OM TVS: Okhla - 9266600004 Lajpat Nagar - 8468888887 Molarband - 9555555504 AHINSHA TVS: Adchini - 9266636443 Khanpur 7290067171 Mahipalpur 7290067333 RIDE TVS: Bikaji Cama Place - 011-41706608, 9582890616 Tughlakabad - 011-41823532, 9560063532 CENTRAL DELHI: BALAJI TVS: Shastri Nagar - 9211998222 SABHARWAL TVS: Karol Bagh - 9773886411 YM TVS: Daryaganj - 9999388189 WEST DELHI: DYNAMIC TVS: Dwarka - 7290014068 Uttam Nagar 7290041357 Palam 9136434200 KK TVS: Nangloi - 8448994974 Najafgarh - 8448994977 SABHARWAL TVS: Peeragarhi - 7291992101 Rama road - 9773651711 Raja Garden 7291992931. dentsu/hb del/05/25

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109